


वर्ष : 2 अंक: 172 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शनिवार, 13 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## पीएम मोदी कायर हैं, उन्होंने चीन को सौंप दिया बड़ा भारतीय भू-भाग: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत-चीन सीमा पर डिसइंगेजमेंट को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा कि पैंगोंग झील इलाके में हमारे सैनिक फिंगर 3 पर तैनात रहेंगे, जबकि हमारा इलाका फिंगर 4 है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा कि हमने अपना इलाका चीनियों को क्यों सौंप दिया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कल रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में हालात पर एक बयान दिया। अब, हमें पता चलता है कि हमारे सैनिक फिंगर 3 पर तैनात रहेंगे। फिंगर 4 हमारा इलाका है। अब, हम फिंगर 4 से फिंगर 3 पर आ गए हैं। मिस्टर मोदी ने हमारा इलाका चीनियों को क्यों दे दिया है? राहुल ने कहा हिंदुस्तान की सरकार की नेगोशिएटिंग पोजिशन थी कि अप्रैल 2020 में जो हालात थे, वही बहाल हो। उसको केंद्र सरकार भूल गई है। चीन के सामने नरेंद्र मोदी ने अपना सिर झुका दिया। माथा टेक दिया। हमारी जमीन फिंगर 4 तक है। नरेंद्र मोदी ने फिंगर 3 से फिंगर 4 की जमीन चीन को पकड़ा दी।

प्रधानमंत्री एक कायर हैं जो चीन के सामने खड़े नहीं हो सकते। यही तथ्य है। वह सेना के त्याग और बलिदान का अपमान कर रहे हैं। भारत में किसी को ऐसा करने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। राहुल ने बॉर्डर से डिसइंगेजमेंट पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे भारत को कुछ हासिल नहीं हुआ। उन्होंने पूछा कि मजबूत स्थिति में पहुंच जाने के बाद सेना को पीछे हटने के लिए क्यों कहा गया है।

राहुल ने कहा कड़ी मेहनत के बाद भारतीय सेना ने जो कुछ हासिल किया, अब उनसे क्यों पीछे हटने को कहा गया है? इसके बदले भारत को क्या मिला है? सबसे जरूरी बात यह है कि देपसांग प्लेन्स में चीनी पीछे क्यों नहीं हटे हैं? वे गोगरा और हॉट स्प्रिंग्स से पीछे क्यों नहीं गए हैं? हिंदुस्तान की पवित्र जमीन नरेंद्र मोदी ने चीन को सौंप दी है। यह सच्चाई है। राहुल ने कहा कि कल रक्षा मंत्री आकर एक छोटा भाषण देते हैं, प्रधानमंत्री ने आकर ऐसा क्यों नहीं कहा। उन्होंने रक्षा मंत्री से बयान देने को क्यों कहा। प्रधानमंत्री को कहना चाहिए कि मैंने भारत की जमीन चीन को दे दी है। देश की जमीन की रक्षा करना प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी है। वे ऐसा कैसे करते हैं, यह उनकी समस्या है, मेरी नहीं।

- हिंदुस्तान की सरकार की नेगोशिएटिंग पोजिशन थी कि अप्रैल 2020 में जो हालात थे, वही बहाल हो। उसको केंद्र सरकार भूल गई है। चीन के सामने नरेंद्र मोदी ने अपना सिर झुका दिया। माथा टेक दिया। हमारी जमीन फिंगर 4 तक है। नरेंद्र मोदी ने फिंगर 3 से फिंगर 4 की जमीन चीन को पकड़ा दी।



## अमित शाह बंगाल से चुनाव लड़ें, जीते तो यहां का गृहमंत्री बना दूंगी: ममता



**कोलकाता।** एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं पश्चिम बंगाल की सीए और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर जमकर निशाना साधा और गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं के वार पर पलटवार भी किए। नंदीग्राम से चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकीं ममता बनर्जी से जब यह पूछा गया कि अमित शाह ने कहा है कि दीदी अपनी खुद की सीट नहीं बचा पाएंगी। इस पर ममता बनर्जी ने कहा कि गृह मंत्री को इस तरह की बात शोभा नहीं देती। उन्होंने कहा कि अमित शाह बंगाल से चुनाव लड़ें। वे बंगाल से चुनाव लड़कर जीत जाएं तो बंगाल का होम मिनिस्टर बना दूंगी।

सीएम ममता बनर्जी से जब यह पूछा गया कि अमित शाह तपस्या कर रहे हैं कि बंगाल में भगवा झंडा लहराए। इस पर ममता ने कहा कि उन्हें तपस्या करने दीजिए कि तबीयत अच्छी रहे। हम हर समय चाहते हैं कि तबीयत अच्छी रहे। ममता ने कहा कि हम चाहते हैं कि वे इंटरनेशनल स्तर पर भी बहुत बड़े हों। वो इंटरनेशनल प्रेसिडेंट-प्राइम मिनिस्टर बनें, होम मिनिस्टर बनें। ममता बनर्जी ने कहा कि टीएमसी के लिए चिंता करने की जरूरत नहीं है।

हमारी तीन-चार जेनरेशन अभी है। बीजेपी को तपस्या करने दीजिए कि वो बंगाल में कब आएंगे। इससे पहले ममता बनर्जी ने कहा कि वो डरने वाली नहीं हैं। उन्होंने इससे पहले परिवारवाद को लेकर हो रहे हमलों पर पलटवार करते हुए कहा कि अमित शाह का बेटा भी क्रिकेट में बड़े पद पर गया है।

ममता बनर्जी ने कहा कि अमित शाह को भैया कहती हूं तो उनका बेटा भी भतीजा ही हुआ। मैं इस तरह की राजनीति नहीं करती। टीएमसी सुप्रीमो ने अपने संघर्षों को याद किया और सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। ममता बनर्जी ने नेताओं के दल-बदल को चुनाव के समय आम बताया और दावा किया कि दो कार्यकाल की सीटों से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाएंगी।

### संक्षिप्त समाचार

## सुप्रीम कोर्ट ने फ्रैंकलिन टेम्पलटन की 6 योजनाएं बंद करने पर ई-वोटिंग की वैधता को दी मान्यता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फ्रैंकलिन टेम्पलटन की छह म्यूचुअल फंड योजनाओं को बंद करने पर ई-वोटिंग की वैधता को मान्यता दी और कहा कि यूनिट धारकों को धन दिया जाता रहेगा। न्यायमूर्ति एसए नजीर और संजीव खन्ना की पीठ ने ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए कुछ यूनिट धारकों द्वारा विरोध को खारिज करते हुए कहा कि धन का वितरण शीर्ष अदालत के पहले के आदेश के अनुसार जारी रहेगा। शीर्ष न्यायालय ने दो फरवरी को आदेश दिया था कि फ्रैंकलिन टेम्पलटन की छह म्यूचुअल फंड योजनाओं के यूनिट धारकों को तीन सप्ताह के भीतर 9,122 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाए। न्यायालय ने कहा था कि धन का वितरण यूनिट धारकों की परिसंपत्तियों में हिस्सेदारी के अनुपात में की जाएगी। इससे पहले शीर्ष न्यायालय ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को ई-मतदान प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त करने को कहा था। फ्रेंकलिन टेम्पलटन की छह म्यूचुअल फंड योजनाओं को बंद करने के संबंध में मतदान दिसंबर के अंतिम सप्ताह में हुआ था और इसे अधिकांश यूनिट धारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था।

## मुगल गार्डन में 13 फरवरी से आएंगी बहार, 200 से ज्यादा किस्मों के फूल पर्यटकों को लुभाएंगे

नई दिल्ली। देश के प्रथम नागरिक निवास राष्ट्रपति भवन प्रांगण में स्थित मुगल गार्डन में बहार आने वाली है। सख्त कोविड नियमों के साथ शनिवार से जनता के लिए खुल जाएगा। यहां पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के नाम पर लगाया गया पीला गुलाब सहित 200 से ज्यादा किस्मों के फूल पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। इस साल मुगल गार्डन 13 फरवरी से 21 मार्च तक खुला रहेगा, मगर रखरखाव के लिए हर सोमवार को बंद रहेगा। इस साल, मौसमी फूलों की 70 किस्में, 20 तरह की डहलिया और गुलाब की 138 किस्में देखने को मिलेंगी। साथ ही 'राष्ट्रपति प्रणब' नाम का पीला गुलाब भी लोग देख सकेंगे, जिसका रोपण साल 2017 में किया गया था। हालांकि, चमकीला सुंदर ट्यूलिप फूल इस बार यहां नहीं दिखेगा, क्योंकि इस विदेशी फूल को कोविड प्रतिबंधों के कारण नीदरलैंड से आयात नहीं किया जा सका। बागवानी विभाग के प्रभारी पीएन जोशी ने कहा, 'हमने कोविड के समय में बगीचे को खूबसूरत बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की है और इस बार गुलाब और जापानी फूल डबल स्टॉक खास आकर्षण होंगे।' मुगल गार्डन औषधीय जड़ी-बूटी का उद्यान भी है। यहां गिलोय सहित 40 किस्म के ऐसे पौधे हैं, जिन्हें कोविड पीड़ितों के लिए फायदेमंद माना जाता है। राष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को मीडिया के लिए गार्डन खोला, जबकि राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद इसे शनिवार से जनता के लिए खोलने से पहले, शुक्रवार को खुद देखेंगे।

## 62,000 से अधिक इलेक्टिक पैसेंजर व्हीकल्स को सब्सिडी देने की तैयारी में सरकार: गडकरी



**नई दिल्ली।** प्रदूषण को नियंत्रित करने के साथ पेट्रोलियम पदार्थों की खपत कम करने के लिए केंद्र सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रमोट करेगी। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार की योजना 62,000 से अधिक इलेक्टिक पैसेंजर व्हीकल्स को सब्सिडी देने की है। केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि सरकार इलेक्ट्रिक पैसेंजर कारों के साथ इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर सब्सिडी देगी, साथ ही इलेक्ट्रिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को भी डेवलप करेगी।

गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने 10,000 करोड़ रुपए की लागत से फेम इंडिया स्कीम यानी फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स इंडिया स्कीम के फेज 2 को लागू कर दिया है। इसके तहत देश में काफी तेज गति से हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन होगा। इस फेज में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का तेजी के इलेक्ट्रिफिकेशन करने की योजना है। फेम इंडिया स्कीम के तहत केंद्र सरकार की योजना 7000 इलेक्ट्रिक बसों के साथ 5 लाख इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर्स, 55,000 इलेक्ट्रिक पैसेंजर कार और 10 लाख इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स को सब्सिडी देने की है यानी बसों और पैसेंजर कार्स को मिलाकर सरकार की योजना 62,000 इलेक्ट्रिक पैसेंजर वाहनों को सब्सिडी मिलेगी।

वे सभी वाहन जो सेफ्टी और उत्सर्जन मानकों को पूरा करेंगे, वे फेम इंडिया स्कीम के फेज 2 के तहत रजिस्टर हो सकते हैं। अभी तक इस स्कीम के तहत 98 इलेक्ट्रिक व्हीकल मॉडल रजिस्टर हो चुके हैं, जिनमें 32 टू व्हीलर मॉडल, 50 थ्री व्हीलर और 16 4-व्हीलर मॉडल शामिल हैं। जो लोग ये ई-वाहन खरीदते हैं, उन्हें परचेज प्राइस में रिडक्शन के रूप में तुरंत इन्सेंटिव दिया जाएगा। इसके अलावा सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने पर भी जोर दे रही है। गड़करी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देने के लिए रेगुलेशन और एडवायजरी जारी की है।

### राज्यसभा सांसद दिनेश त्रिवेदी का इस्तीफा

## अफसोस है कि बंगाल में हिंसा रोकने में नाकाम रहा: त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। उनके बेहद करीबी और TMC के राज्यसभा सांसद दिनेश त्रिवेदी ने बजट सत्र के दौरान खुद के इस्तीफे का ऐलान कर दिया। UPA की सरकार में रेल मंत्री रहे त्रिवेदी ने सदन की कार्यवाही के दौरान कहा, 'मेरे बंगाल में अत्याचार बढ़ता जा रहा है और मैं कुछ नहीं कर पा रहा। मुझे यहां बैठे-बैठे अजीब सा लग रहा है। मेरी अंतरात्मा मुझसे बोल रही है कि अगर मैं कुछ नहीं कर पा रहा हूं तो मुझे इस्तीफा दे देना चाहिए।'

**भाजपा का दामन थाम सकते हैं**

दिनेश त्रिवेदी ने अभी सिर्फ राज्यसभा से अपनी सदस्यता छोड़ने का ऐलान किया है। पार्टी छोड़ने पर उनकी तरफ से कोई बयान नहीं आया है, हालांकि कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। संसद में उन्होंने 2 बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किया।

उन्होंने न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा, 'ये मेरी अंतरात्मा की आवाज थी। खासतौर पर बंगाल में जो हो रहा है उसे देखकर मैं चुपचाप पार्लियामेंट में नहीं बैठ सकता था। मेरे पास कोई ऐसा मंच नहीं था, जहां मैं अपनी आवाज उठा सकूं। मैं बंगाल के साथ अन्याय नहीं कर सकता।'

आगे उन्होंने कहा, 'मैं अकेला नहीं हूं जो यह महसूस कर रहा हूं। पार्टी में और भी लोग हैं जो मेरी तरह की घुटन में हैं। हम लोगों ने ममता बनर्जी को देखकर पार्टी जॉइन की थी, लेकिन अब वो उनकी पार्टी नहीं रह गई है।'

## केनरा बैंक द्वारा खुदरा ऋण महोत्सव का आयोजन

» **विकास कुमार**




नई दिल्ली। बैंकिंग प्रतिस्पर्धा के इस दौर में केनरा बैंक द्वारा पूरे भारत में खुदरा ऋण महोत्सव का आयोजन किया गया, इसी क्रम में केनरा बैंक के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से सरोजनी हाउस भगवान दास रोड पर भी इस महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीआर के 10 नामी-गिरामी बिल्डरों एवं तीन बड़े वाहन डीलरों द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। भारी संख्या में लोगों ने इसमें शिरकत कर स्टॉलो का मुआयना किया तथा अपने सवालों के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। कार्यक्रम का उद्घाटन केनरा बैंक के महाप्रबंधक रवि प्रकाश जयसवाल ने किया। इस महोत्सव में दिल्ली अंचल प्रमुख शांतनु कुमार मजूमदार के अलावा सभी क्षेत्रीय कार्यालय खुदरा केंद्रों के प्रभारी एवं शाखा प्रभारियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि केनरा बैंक देश के अग्रणी बैंकों में चौथे स्थान पर है, जिसके 12 करोड़ से अधिक ग्राहक है। इस बैंक ने कम ब्याज दर पर आवास वाहन एवं शिक्षा ऋण उपलब्ध करा कर अपनी एक खास पहचान बनाई है। खुदरा ऋण महोत्सव का मुख्य उद्देश्य अपने ग्राहकों को सुविधाजनक ढंग से आवास वाहन एवं शिक्षा ऋण उपलब्ध कराना है। श्री मजूमदार ने बताया कि बाकी बैंकों की तुलना में केनरा बैंक का ब्याज दर न्यूनतम है। उन्होंने अपने ग्राहकों एवं आमजन का आह्वान किया कि वह बैंक के किसी भी शाखा में आकर न्यूनतम खानापूर्ति के साथ अपनी जरूरत का लोन ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि केनरा बैंक जनता का बैंक है इसलिए इसमें किसी भी तरह की हिचकिचाहट की जरूरत नहीं है। हमारी कोशिश है कि हम अपने ग्राहकों की हर जरूरत को पूरा करें।

## किसान आंदोलन में दरार, टिकैत के बयान से किसान संगठनों में नाराजगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीमा पर कृषि कानूनों को लेकर चल रहे किसान आंदोलन को लेकर किसान संगठनों में दरार पड़ने की खबर आ रही है? क्या राकेश टिकैत से बाकी किसान नेता नाराज चल रहे हैं? किसान संगठनों के हालिया बयान से कुछ ऐसा ही लग रहा है। कहा जा रहा है कि राकेश टिकैत के 2 अक्टबूर तक आंदोलन के अल्टीमेटम वाले बयान को लेकर किसानों के बीच नाराजगी के है। राकेश टिकैत ने हाल ही में 2 अक्टूबर तक किसा आंदोलन चलाने की बता कही थी। एक रिपोर्ट के अनुसार यूनाइटेड किसान फ्रंट ने टिकैत के बयान को लेकर कहा कि जब तक सरकार कानून वापस नहीं लेती, आंदोलन चलता रहेगा। वही किसान नेता गुरनाम सिंह चडूणी ने राकेश टिकैत पर हमला बोलते हुए कहा कि ऐसे बयानों से उन्हें केवल हंसी आती है। चडूनी ने कहा कि यह बयान राकेश टिकैत का निजी बयान है और किसानों के रुख के अनुसार नहीं है। उन्होंने कहा कि वो समझते हैं कि किस दवाब में टिकैत ने ऐसा बयान दिया होगा।

दिल्ली-हरियाणा सिंघु बॉर्डर और टिकरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन का आज 79वां दिन है। कृषि कानूनों को लेकर सरकार और किसानों को बीच अब तक कोई बीच का रास्ता नहीं निकल पाया है। गुरुवार को राकेश टिकैत ने तंज कसते हुए कहा कि सरकार उनकी संपत्ति का सही आकलन नहीं करवा पाई। किसान नेता राकेश टिकैत ने राजस्थान के अलवर में कहा, 'टिकैत ने कहा केंद्र सरकार उनकी सम्पति का सही आंकलन नही करवा पाई है। उनकी संपत्ति के आंकलन के लिए टीम लगानी पड़ेगी।' उन्होंने कहा कि हमारी आगे की रणनीति होगी कि अनाज को कम कीमत पर नहीं बिकने देंगे। जो एमएसपी है उस से कम पर खरीद नहीं होगी। किसान मोर्चे ने तय कर लिया है कि व्यापारी भूख पर कीमतें तय नहीं करेगा। आम जनता की अनाज और रोटी तिजोरी में बंद नहीं होगी।

वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार को घबराहट हो रही है कि किसान आंदोलन का नतीजा कहीं अगले चुनाव में न आए। कहीं हिंदुस्तान का किसान इनके खिलाफ खड़ा न हो जाए इसलिए ये ट्विटर को ये आदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर ट्विटर को ऐसे निर्देश देने हैं तो ये सब पर लागू होना चाहिए। गौरतलब है कि किसान संगठनों ने 18 फरवरी को दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक 'रेल रोको' अभियान ऐलान किया है।


## अनुराग ठाकुर ने बताया, राहुल गांधी के 'हम दो-हमारे दो' का नया मतलब

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 'हम दो, हमारे दो' की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल का इससे मतलब 'दीदी, जीजाजी और उनके परिवार' से रहा होगा। मालूम हो कि बजट पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए राहुल गांधी ने कहा कि इन कानूनों के बाद देश का कृषि क्षेत्र दो-चार उद्योगपतियों के हाथ में चला जाएगा। कांग्रेस के लोकसभा सदस्य ने किसी का नाम लिए बिना आरोप लगाया हम दो हमारे दो। यह हम दो हमारे दो की सरकार है। लोकसभा में वित्त वर्ष 2021-22 के बजट पर चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस बजट में आशा की किरण दिखती है और इसमें देश को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही नए भारत के निर्माण पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट सशक्त भारत बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप है जिसकी सभी वर्गों ने सराहना की है। निचले सदन में बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की टिप्पणी का जिक्र करते हुए ठाकुर ने कहा कि वह बजट पर तैयारी करके नहीं आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सदन एवं देश में भी कम रहते हैं जिसका खामियाजा सामने आया है।

लोकसभा में अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल जी हम दो, हमारे दो की बात करते हैं, ऐसा कह कर वे दीदी, जीजाजी एवं बच्चों की बात करते हैं।



अनुराग ठाकुर ने कह मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि जिन दो उद्योग घरानों की बात करते हैं, उन्हें केरल में जब कांग्रेस की सरकार थी तब बंदरगाह क्यों दिया गया? ये आपके ही हैं, आपने ही पाले हैं उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, 'कहां यह लिखा है कि अमेठी से चुनाव लड़ने वाले राहुल गांधी चुनाव हारने के बाद वायनाड से चुनाव नहीं लड़ सकते। वह कहीं से भी चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन अमेठी का किसान वायनाड में अपनी फसल को क्यों नहीं बेच सकता?' उन्होंने कहा कि कांग्रेस और कुछ अन्य दलों के लोग झूठ बोलकर किसानों को गुमराह कर रहे हैं। इससे पहले, राहुल गांधी ने लोकसभा में दावा किया कि इन कानूनों से मंडियां खत्म हो जाएंगी, कुछ उद्योगपति जमाखोरी करेंगे और लोग भूख से मर जाएंगे तथा देश रोजगार पैदा नहीं कर पाएगा। सत्तापक्ष के सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया, 'सालों पहले परियोजना नियोजन का नारा था, हम दो हमारे दो। जैसे कोरोना दूसरे रूप में आता है उसी तरह यह नारा आया है। यह हम दो, हमारे दो की सरकार है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया, प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि उन्होंने विकल्प दिया है। इन्होंने भूख, बेरोजगारी और आत्महत्या का विकल्प दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि इन कानूनों के बाद देश का कृषि क्षेत्र दो-चार उद्योगपतियों के हाथ में चला जाएगा।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। हापुड़ मोड़ स्थित ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वर्ष 2019-20 के उइरए बोर्ड परीक्षा की 10 वीं व 12वीं कक्षाओं के टॉपर्स व अन्य विभिन्न विषयों में उत्तम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिले की मेयर आशा शर्मा, विद्यालय अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल एम.एल.सी. चंद शर्मा को आमंत्रित किया गया था। विद्यालय के मैनेजर अजय गोयल तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने सभी आगंतुकों का भव्य स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया। इस




अवसर पर अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महाभारत ग्रंथ की अनेक छोटी-छोटी घटनाओं को सुंदर नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही राजस्थानी डांस, फ्यूजन डांस, भांगड़ा आदि मनोरम नृत्य प्रस्तुत किए गए । इस कार्यक्रम में विद्यालय की 9 प्रतिभाशाली छात्राओं को लैपटॉप, प्रिंटर व स्पीकर प्रदान किये गये है। हयूमैनिटिज में नादिया सैफी, विज्ञान में साक्षी शर्मा सक्सेना, कॉमर्स में महक गोयल व गिरिशा शर्मा।वही 12 वी टॉपर्स माधुरी दीक्षित, काजल , हेमा गोस्वामी ,आकांक्षा आनंद व 10 वी टॉपर्स मेघा चौधरी और इनके अभिभावकों को शील्ड और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आल इन फाइव विषयों को भी नगद राशि और ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया है। नादिया , खुशी भाटी, पलक, महक गोयल, मालविका, स्नेहा आर्य आदि अनेक छात्राओं को नगद राशि और ट्रॉफी से सम्मानित किया इसके अतिरिक्त 100% अटेंडेंस बहुत सी छात्राओं को नगद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्रैंड फिनाले से सारा वातावरण नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी अध्यापिका सम्मिलित रही बीनू गर्ग, पूजा श्रीवास्तव,दीपिका, रीना अग्रवाल, सीमा गुप्ता, राधा रानी शर्मा, रचना भटनागर, रचना वार्ष्णेय, नंदिनी आदि सम्मिलित रहे।

## श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु तत्पर हैं रामभक्त

» शैलेंद्र पचौरी

नई दिल्ली। लक्ष्मी नगर में गुरु रामदास नगर के शाखा प्रमुख सुरेश शर्मा के नेतृत्व में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए सहायता राशि एकत्रित की जा रही है। यहां सभी राम भक्त दिल खोल कर चंदा दे रहे हैं। कम से कम 100 रूपए की रशीद सभी कटवा रहे हैं। कई राम भक्त तो न केवल श्री राम मंदिर निर्माण हेतु चंदा दे रहे हैं बल्कि सहायता राशि एकत्रित करने वालों को चाय नाश्ता भी करा रहे हैं। श्री राम मंदिर निर्माण की खुशी उनके चेहरे पर स्पष्ट झलक रही है।

श्री राम मंदिर निर्माण हेतु सहायता राशि एकत्रित करने के कार्य में केवल शाखा के कार्यकर्त्ता ही शामिल नहीं हैं अपितु हिंदू शिक्षा समिति के स्कूल के शिक्षकगण भी इसमें शामिल हैं।

वे भी गली एवं मार्केट जाकर चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि राहगीर भी श्री राम मंदिर के निर्माण में सामर्थ्य के अनुसार अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं।

## गौधन को खुले में छोड़ने वालो पर कानूनी कार्यवाही जरूरी

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बबली ने अपने कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जो लोग गौधन का दोहन कर उनको खुला छोड़ देते हैं उन पर कानूनी कार्यवाही के साथ साथ जुमार्ने का भी प्रावधान होना चाहिए। बबली ने कहा कि आज सड़कों पर पशु खुले घूम रहे हैं। जिस कारण रोज हादसे हो रहे हैं, इस बात की जानकारी मीडिया के माध्यम से शासन प्रसासन को भी होती है। लेकिन अधिकारी आंखे मूंदे बैठे हैं। इससे पहले तत्कालीन जिला उपायुक्त समीरपाल और तत्कालीन निगम कमिश्नर सोनल गोयल ने शहर को आवारा पशु मुक्त घोषित कर दिया था, लेकिन तब भी पशु सड़कों पर घूमते थे और आज भी घूम रहे है। शहर मात्र कागजों में ही आवारा पशु मुक्त हुआ था।

साथ ही छह गौशालाओं का निर्माण किया गया था। लेकिन आज इन गौशालाओं के होते हुए भी आवारा पशु बहुतायात में खुले में हादसों को न्योता दे रहे हैं। गौशाला को कितना चंदा मिल रहा है, उसका कितना हिस्सा गौधन व गौशालाओं के विकास में लगाया जा रहा है, इसका कोई हिसाब प्रसासन के पास नही है।



पत्रकारों से बात करते हुए सुरेंद्र शर्मा बबली ने हाल ही में गुलाम नबी आजाद के उनकी राज्यसभा से विदाई भाषण पर टिप्पणी करते हुए कहा कि, हिंदुत्व सदियों से चला आ रहा है, हिंदुत्व था, हिंदुत्व है और हिंदुत्व रहेगा। रही बात कश्मीरी पंडितों पर सदन में अफसोस करने पर, इस बात का संज्ञान वह पहले लेते तो बहुत अच्छा होता।

जब कश्मीर में हिन्दुओ पर अत्याचार हो रहे थे, तब उनको संज्ञान लेना चाहिए था, खैर अगर अब भी वो इस विषय पर कुछ करना चाहते हैं तो कश्मीरी पंडितों के घर वापसी में सरकार का सहयोग करें। इस मौके पर राजू दादा, योगेश शर्मा, कृष्ण पराशर एडवोकेट, करण पराशर, भारत भूषण, रामजी लाल, सूरज प्रकाश विनोद कुमार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा वर्षा जल संचय को लेकर तीन दिवसीय वेबनियर




मदरलैंड संवाददाता, फरीदाबाद। जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन ने वर्षा जल संचय को लेकर नेहरू युवा केंद्र सेक्टर 12 फरीदाबाद में तीन दिवसीय वेबनियर का आयोजन किया। जिसमें देश के सुप्रसिद्ध शिक्षाविद समाजशास्त्री दार्शनिक प्रोफेसर एमपी सिंह ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ एमपी सिंह ने कहा कि बारिश के पानी का संरक्षण जहां भी जैसे भी संभव हो हमें करना चाहिए तथा इस अभियान के तहत पानी बचाने के लिए जागरूक करना चाहिए। डॉक्टर एमपी सिंह ने कहा कि जल संचयन गड्ढे ,तालाब ,तलैया, पोखर आदि में वर्षा के जल को इकट्ठा कर लेना चाहिए तथा जल का रीसायकल करना चाहिए। जल संचयन के दौरान आने वाली बाधाओं को दूर करना चाहिए टैंकों की भंडारण क्षमता को बढ़ाना चाहिए पारंपरिक जल संचयन संस्थानों की मरम्मत करनी चाहिए। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के कोऑर्डिनेटर रविंद्र मोहन व सहायक करिश्मा ने डॉ एमपी सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### वन नेशन वन कार्ड, प्रवासी मजदूरों को मिलेगा लाभ

मदरलैंड संवाददाता , नई दिल्ली। सरकार ने हाल में 'वन नेशन वन कार्ड' योजना शुरू की है। इसका मकसद गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों के साथ-साथ प्रवासी मजदूरों को फायदा पहुंचाना है। एनएफएसए का लक्ष्य जरूरतमंद परिवारों को बुनियादी अधिकार और लाभ प्रदान करना है। इस योजना पर प्राथमिकता के साथ काम हो रहा है। एनएफएसए का लक्ष्य पूरा करने के लिए राज्य भी मदद कर रहे हैं। राज्य दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को निष्पक्ष बना रहे हैं। वहीं तकनीकी मदद के लिए खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग एवं एनआईसी को निर्देश दिए जा चुके हैं। सरकार उच्चतम प्राथमिकता के साथ डिजिटल भुगतान को भी बढ़ावा दे रही है। पीडीएस वस्तुओं के कुशल वितरण का पालन करने लिए अंगुली की छाप से आधार प्रमाणीकरण किया जा रहा है। इससे यूपीआई, एईपीएस आदि के जरिए कैशलेस पेमेंट में भी मदद मिल रही है। इस प्रक्रिया से मूल्य पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। दोनों लक्ष्य एक प्लाइंट ऑफ सेल (पीओएस) उपकरण और अंगुठे के निशान के जरिए पूरे हो जा रहे हैं। विक्रेता और अधिकारियों की मदद से तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार उचित मूल्य स्वचालन की इस प्रक्रिया में संशोधन और सुधार होता रहता है। ऐड-ऑन प्रीक्वालिफिकेशन के साथ डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड की इनबिल्ट सुविधा को शामिल करना इस उद्देश्य को प्रतिबंधित करती है। पर इससे योजना की कीमत बढ़ जाती है।

### जय श्री राम बोलने पर कथित शांति दूतों द्वारा हिन्दू युवक की हत्या

मदरलैंड संवाददाता , नई दिल्ली। एक ओर अयोध्या में बनने वाले भगवान राम के भव्य मंदिर के लिए निधि समर्पण अभियान सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आ रहा है। वहीं दिल्ली में कथित शांति दूतों पर एक बार फिर अपनी कायराना हरकत से भगवान राम के इस अनुष्ठान पर खलल डालने का प्रयास किया है। दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में हिन्दू युवक की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी गई कि वह भगवान राम के मंदिर निर्माण के लिए निकाली गई शोभा यात्रा में जय श्री राम का उद्घोष लगा रहा था। बताया जा रहा है कि रिंकू शर्मा नामक जिस युवक की चाकूओं से हमला कर हत्या की गई है वह बजरंग दल का प्रमुख था। स्थानीय लोगों के मुताबिक रविवार को श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण को लेकर मंगोलपुरी में एक शोभायात्रा निकाली गई थी। इसके बाद ही रिंकू शर्मा के घर रात में 15 से 20 की संख्या में पहुंचे एक खास समुदाय के कट्टर युवकों ने हमला बोल दिया। इन उन्मादी युवकों ने रिंकू शर्मा पर बेरहमी से इतने वार किए कि कुछ देर बाद ही उसकी मृत्यु हो गई। उधर विश्व हिन्दू परिषद दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ है, उनको हर प्रकार से आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

### कृषि कानूनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की समिति पर भी उठे सवाल

नई दिल्ली। लोकसभा सदस्य एन के प्रेमचंद्रन ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जिस तरह समिति ने कृषि कानूनों पर लोगों की राय लेने के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी किया, वह चिंतनीय है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुप्रीम कोर्ट संसद के डोमेन में अतिक्रमण कर रहा है। आरएसपी नेता ने लोकसभा में पूछा कि क्या समिति इस तरह लोगों से टिप्पणियां मांग सकती है? ऐसे में फिर संसद किस लिए है।

## 9वें ग्लोबल फेस्टिवल ऑफ जर्नलिज्म की शुरूआत

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। कोरोना काल में वैसे तो सभी ने अपनी सशक्त भूमिका निभाई है और देश के लोगों ने दिखाया भी की वह एक दूसरे से किस तरह जुड़े हुए है। कोरोना काल ने हमे संगठित होना तो सिखाया और इस संगठन को दिखाने के लिए जर्नलिस्म ने बहुत अहम भूमिका निभाई, क्योंकि जर्नलिस्ट का कोई धर्म नहीं होता वह बस कलम का सिपाही होता है। 9वें ग्लोबल फेस्टिवल ऑफ जर्नलिज्म में एएफटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. संदीप मारवाह ने कहा की पत्रकारिता का अर्थ है सच्चाई को सामने लाना चाहे वह किसी भी राजनीतिक पार्टी से जुडी हो। जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व गवर्नर लेफ्टिनेंट जनरल के.




एम. सेठ, पलेस्टाइन एम्बेसी के मीडिया एडवाइजर एबेद एलराजे अबु जजेर, लिसोथो की हाई कमिश्नर लीनो मॉलिस माबूसेला, जर्नलिस्ट के. जी. सुरेश, शोभित यूनिवर्सिटी के चांसलर कुंवर शेखर विजेंद्र, ईरान एम्बेसी के कल्चरल कॉउन्सिल मोहम्मद अली रब्बानी और मोबाइल एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन भूपेश रसीन शामिल हुए।

लेफ्टिनेंट जनरल के. एम. सेठ ने कहा कि कोरोना में मीडिया ने विश्वसनीयता का जो परिचय दिया है वो अतुलनीय है क्योंकि उसने बिना वक़्त देखे हर खबर से लोगों को रूबरू करवाया है, ग्लोबल जर्नलिस्म फेस्टिवल उन सभी जर्नलिस्ट को सल्यूट करता है जिन्होंने इस बुरे समय में भी अपनी ड्यूटी को अच्छे से निभाया। पहले दिन के दूसरे वेबिनार में स्लोवेनिया के राजदूत मेरजन सेन्सेन, एक्टर मुकेश त्यागी, एडिटर आर. पी. रघुवंशी और तीसरे वेबिनार में फेरिस एंटरटेनमेंट के फाउंडर पीटर फेरिस, फिल्म मेकर नरेंद्र गुप्ता, फिल्म डायरेक्टर प्रीति त्रिपाठी ने भाग लिया।

## रक्षा मंत्री ने सिर्फ देश को बरगलाने और भ्रम फैलाने का काम किया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चीन के साथ सीमा पर गतिरोध को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद में दिए वक्तव्य के बाद सरकार पर देश की सुरक्षा एवं भूभागीय अखंडता के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाया और दावा किया कि रक्षा मंत्री ने सिर्फ देश को बरगलाने और भ्रम फैलाने का काम किया है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सवाल किया कि सरकार जवानों के बलिदान का अपमान क्यों कर रही है। उन्होंने ट्वीट किया कि पूर्व की यथास्थिति बरकरार नहीं रहने का मतलब कोई शांति नहीं। भारत सरकार हमारे जवानों के बलिदान का अपमान क्यों कर रही है और अपना क्षेत्र जाने को क्यों दे रही है? गौरतलब है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाली ही में संसद के दोनों सदनों को बताया कि चीन के साथ पैंगोंग झील के उत्तर एवं दक्षिण किनारों पर सेनाओं के पीछे हटने का समझौता हो गया है और भारत ने इस बातचीत में कुछ भी खोया नहीं है। सिंह ने कहा कि पैंगोंग झील क्षेत्र में चीन के साथ सेनाओं के पीछे हटने का जो समझौता हुआ है उसके अनुसार दोनों पक्ष अग्रिम तैनाती चरणबद्ध, समन्वय और सत्यापन के तरीके से हटाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अभी भी पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनाती तथा गश्ती के बारे में कुछ लंबित मुद्दे बचे हुए हैं जिन्हें आगे की बातचीत में रखा जाएगा।

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि 56 इंची प्रधानमंत्री और उनकी सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा व भारत की भूभागीय अखंडता से षड्यंत्रकारी खिलवाड़ कर रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ को लेकर संसद में दिए गए रक्षामंत्री के बयान से यह साबित हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न तो चीन शब्द का इस्तेमाल किया और न ही डेपसांग प्लेंस, गोगरा हॉट स्प्रिंग सेक्टर, पैंगोंग सो लेक एरिया और चुमुर, दक्षिणी लद्दाख से चीनी घुसपैठ को खदेड़ने के बारे में कोई नीति या समय सीमा निर्धारित की। यही नहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उल्टा भ्रम फैला रहे हैं और बरगला रहे हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता शिविर

» हृदेश कुमार

फरीदाबाद। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निदेर्शानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम कम सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण



फरीदाबाद के माध्यम से पैनल अधिवक्ता रविंदर गुप्ता, राजिंदर गौतम, रामबीर तंवर, ओम प्रकाश सैनी, शिव कुमार, गगन कुमार और अनिल गुप्ता ने महिलाओं के साथ मिलकर बाल विकास विभाग ने गाँव सदपुरा में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत लोगों को बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढाओ भारत सरकार की एक पहल है।

## मेवाड़ में समारोहपूर्वक मनाई गई महर्षि दयानंद जयंती

» मदरलैंड संवाददाता

गाजियाबाद। मेवाड़ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डा. अशोक कुमार गदिया ने विवेकानंद सभागार में कहा कि महर्षि दयानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हें अमल में लाना होगा। इन्हें अमल में लाने पर ही विश्व में व्याप्त तमाम विवादों और पाखंडों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद रचित ह्यसत्यार्थ प्रकाशह्न पुस्तक लोग एक बार जरूर पढ़ें। इससे आपका आध्यात्मिक व आंतरिक विकास होगा और आप श्रेष्ठ जीवन जीने के हकदार बनोगे।

उन्होंने महर्षि दयानंद के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डा. गदिया ने कहा कि आज भी हम कुरीतियों, अंध विश्वास व रुढ़ परम्पराओं में जकड़े हुए हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, भजन, समूह गान, सम्भाषण, आर्य समाज के नियम,



दयानंद के प्रवचन आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थी थे-काजल सिन्हा, प्रिया, अंशिका, सत्येन्द्र झा, दीपक भाटी, शिवांश एंड ग्रुप, प्रगति शर्मा, प्रियांजलि एंथनी आदि के अलावा इस मौके पर मेवाड़ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डा. अलका अग्रवाल समेत तमाम शिक्षण स्टाफ मौजूद था।

## इम्वा ने दिल्ली सरकार को तीन मांगों के लिए दिया ज्ञापन

» स्वंत्रत सिंह भुल्लर

नई दिल्ली। इंडियन मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दिल्ली सरकार सूचना निदेशालय के निदेशक मनोज द्विवेदी को तीन मांगों के लिए ज्ञापन दिया। दिल्ली सरकार से पहली मांग की है कि वैश्विक महामारी कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए जो इंजेक्शन डॉक्टर, स्वास्थ्यकर्मियों तथा पुलिस को लगाया जा रहा है वह मीडियाकर्मियों को भी इसी सूची में जल्द लगाया जाए, क्योंकि मीडियाकर्मी भी कोरोना वॉरियर्स हैं। साथ ही ज्ञापन में कहा कि कोरोना के संक्रमणकाल के दौरान जिन पत्रकारों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में संचार के विभिन्न माध्यमों के साथ जनता को जागरूक करते हुए अपने प्राण भी न्योछावर किए है। ऐसे हमारे वीर पत्रकारों बंधुओ को कोरोना वॉरियर्स मानते हुए आपसे आग्रह है कि आप दिल्ली सरकार के शहीद पत्रकारों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता दिलवाने के लिए ठोस कदम उठाए।

दूसरी मांग यह है कि दिल्ली सरकार राजधानी दिल्ली के सभी जिलों के अनुसार पत्रकारों को मान्यता प्राप्त करने का निर्णय करे। साथ ही इन सभी पत्रकारों को दिल्ली सरकार जिला स्तर पर वो सभी सुविधाए भी उपलब्ध करवाए जिनके वो हकदार है। तीसरी मांग यह है कि दिल्ली के वो सभी पत्रकार जो मीडिया में 15 वर्ष पूरे कर चुके हैं उन्हें पत्रकारिता के उपरांत पेंशन के तौर पर मासिक 15000/- दिए जाने चाहिए। यह ज्ञापन इम्वा अध्यक्ष राजीव निशाना के नेतृत्व में पांच सदस्यों की टीम ने दिया। जिसमे विजय शर्मा, राहुल शर्मा, श्वेता अरोड़ा, प्रवीन अर्शी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मार्च से शुरू होगा 50 से अधिक उम्र वाले लोगों का टीकाकरण: डॉ गुलेरिया

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संकट से निजात पाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। फिलहाल, स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को कोरोना की वैक्सीन लगाई जा रही है। 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों को मार्च 2021 से वैक्सीन लगाई जाएगी। इनमें वे लोग भी शामिल होंगे, जो 20 से 50 वर्ष के बीच की उम्र के हैं और किसी न किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

डॉ. गुलेरिया ने यह भी बताया कि हाई रिस्क वर्कर्स की सूची में मवेशियों और पशुओं का इलाज करने वाले लोग शामिल नहीं हैं, क्योंकि वे कोविड-19 मरीजों का इलाज नहीं कर रहे हैं। एम्स के निदेशनक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने साफ किया कि वैक्सीन लगाने की प्राथमिकता इस बात पर निर्भर करती है कि किसी शख्स की उम्र क्या है और कहीं वह किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित तो नहीं है। इस बीच, देश में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के रोजाना के नए मामले इस महीने में तीसरी बार 10,000 से नीचे रहे। कोरोना की चपेट में आने से मरने वालों की संख्या फरवरी में सातवीं बार 100 से नीचे रही।

## थाना सफदरजंग एन्क्लेव स्टाफ (दक्षिण पश्चिम जिला) ने स्नैचिंग केस सुलझा कर क्षेत्रवासियों एवं दुकानदारों का भरोसा जीता

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

नई दिल्ली । पिछले 30 जनवरी को शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि, जब वह ऑटो से वसंत कुंज से सफदरजंग एन्क्लेव जा रही थी और सेंटर फॉर साइट बी -6, मार्केट में सेंटर के पास पहुंची ही थी , अचानक एक व्यक्ति बाइक पर आया और उसका बैग छीन लिया जिसमें मोबाइल फोन, यस बैंक का डेबिट कार्ड, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, नकदी और कई अन्य दस्तावेज थे। तदनुसार, थाना सफदरजंग एन्क्लेव में मामला दर्ज किया गया।अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, वी। के। पी। यादव, एसीपी सफदरजंग एन्क्लेव के निर्देशन में एवं इंस्पेक्टर भरतवाल, एसएचओ के नेतृत्व में गठित टीम में एसआई रणवीर सिंह, एचसी सतेंदर, एचसी रामदास, कॉन्स्टेबल नेमी चंद एवं राजेंदर को शामिल किया गया। गठित की गई टीम ने मामले को सुलझाने के लिए न केवल सजगता एवं अथक प्रयास जुटाए अपितु तकनीकी पहलुओं का भी इस्तेमाल किया।जांच के दौरान, यह पता चला कि आरोपी व्यक्ति ने ऑनलाइन



प्लेटफॉर्म पर 7000 रुपये /- का लेनदेन करने के लिए शिकायतकर्ता के डेबिट कार्ड का इस्तेमाल किया । इसके अलावा, संबंधित बैंक और अन्य एजेंसियों से जानकारी एकत्र की गई थी। एकत्र की गई जानकारी की सूक्ष्मता से जांच की गई और पूरी तरह से जांच के बाद संदिग्ध आरोपियों की संख्या प्राप्त की गई। समान अपराध में शामिल विभिन्न आरोपियों के रिकॉर्ड की भी जाँच की गयी । अंततः, आरोपी मोनू को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान, उन्होंने वर्तमान मामले में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया और यह भी खुलासा किया कि उन्होंने रिंग रोड, आरके पुरम, अरुणा आसफ अली रोड और नई दिल्ली के आसपास और आसपास कई स्नैचिंग भी किए हैं। आरोपी से तीन चोरी मोबाइल फोन, कुछ डॉलर,अपराध में इस्तेमाल की गई एक चोरी की हुई बाइक एवं. मूल्यवान छीने गए दस्तावेज बरामद हुए उल्लेखनीय है कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में 13 एफआरआई दर्ज है । मार्किट के दुकानदार एवं निवासी सभी पुलिस के इस सफल प्रयास के लिए प्रशंशा कर रहे है ।

## नोएडा पुलिस बनी अपराधियों का काल,पुलिस व गोकशों में मुठभेड़ तीन घायल

» अजय प्रताप सिंह

ग्रेटर नोएडा। आज दूसरे दिन भी नोएडा पुलिस का बदमाशों पर कहर बनकर टूटी, दादरी पुलिस और गोकशों के बीच अजायबपुर गांव के जंगलों में मुठभेड़ हुई है जिसमें तीन गौकशी के बदमाशों को गोली लगी है। डीसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये हैं जिनकी तलाश में सघन अभियान चलाया जा रहा है। डीसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मध्य रात्रि में पुलिस को जानकारी मिली थी कि 25



हजार रुपये का ईनाम बदमाश जमील अपने साथियों के साथ अजायबपुर गांव के जंगल में गौकशी करने आया है। इसपर थानाध्यक्ष दादरी ने अपनी टीम के साथ उस एरिया में घेराबंदी की, बदमाशों द्वारा गोली चलाये जाने पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें तीन बदमाशों रिजवान, वसीम तथा जमील को गोली लगी, तथा दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये जिनकी तलाश की जा रही है। डीसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि घायल बदमाशों में जमील के ऊपर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। जमील गौकशी का कुख्यात रहा है, यह गायों, बछडों तथा सांडों को चुराता था और जंगल में उन्हें काटकर मांस बेच देना इसका पेशा था। घायल बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने एक सेंट्रो कार, तीन तमंचे भारी मात्रा में जिंदा कारतूस, चाकू, गंडासे, रस्सी तथा डंडे बरामद किए गए हैं।



Rasam
Pagri/
Chamai/
Satarvi

Late Smt. Rameshwati
RESHAM DEVI
Sunday -14th February 2021
Venue
129A/9, Village Kishangarh

Grieved Family
Kehav Vijay Pehalwan
Bhanu Vijay Pehalwan &
All Pehalwan Family

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस | 03
नई दिल्ली, शनिवार 13 फरवरी 2021

# पीएनजी पूरी तरह से रसोई गैस के रूप में सुरक्षित : मण्डलायुक्त

» अंजुम सिद्दीकी



सहारनपुर। मण्डलायुक्त ए वी राजमौलि ने कहा कि प्राकृतिक गैस केवल 51.5 प्रतिशत तक हवा के साथ मिश्रित होने पर ही आग पकड़ती है, जबकि एलपीजी यदि 2 प्रतिशत या उससे अधिक हवा के साथ मिश्रित हो जाए तो भी आग पकड़ लेती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक गैस हवा से हल्की होती है, इसलिए रिसाव के दौरान यदि वायु संचालन उचित हो, तो यह ऊपर उठकर हल्की हवा में गायब हो जाती है। एलपीजी भारी होती है इसलिए नीचे की ओर फर्श की सतह पर जम जाती है। उन्होंने कहा कि पीएनजी पूरी तरह से रसोई गैस के रूप में सुरक्षित है। ए वी राजमौलि ने अपने कैम्प कार्यालय पर भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड की घरेलू गैस पीएनजी का वर्चुअल शुभारम्भ करते हुए यह बात कही। उन्होने भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में कार्य करने वाले सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर परियोजना को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य को शीघ्रता से पूरा करने के साथ-साथ गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होने कहा कि गैस की निर्बाध आपूर्ति भी सुनिश्चित कराई जाए। उन्होने कहा कि नगर निगम से सम्नवय स्थापित कर कार्य किया जाए जिससे बार-बार सडकों को न उखाडना पडे। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक प्रचार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए जिससे अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सकें।भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड वरिष्ठ प्रबन्धक श्री विनय कुमार ने बताया कि इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में पी एन जी सुविधा आज से प्रारम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि मण्डलायुक्त ने आज ऑनलाइन उद्घाटन करके इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के 60 घरों में गैस चालू करके किया गया। इसके साथ ही नगर में दिल्ली और नोएडा जैसे महानगरों की तरह पीएनजी की सौगात नगरवासियों को मिल गई है। प्रारम्भ में इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के साठ घरों मे पीएनजी चालू करने के उपरांत, हसनपुर चुंगी तक की सभी कॉलोनियों में पीएनजी शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अनुमानित 1000 घर इस सुविधा से जुड़ जाएंगे। इस मौके पर, प्रबन्धक ,अनुपम श्रीवास्तव, सहायक प्रबन्धक, नितेश कुमार, संजीव कर्णवाल, विनोद घावरी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# महाविद्यालय के छात्रों से भरा टेंपो को ट्रक ने मारी टक्कर , एक छात्र की मौत आधा दर्जन से अधिक घायल

» अजय सक्सेना



मैनपुरी। जनपद मैनपुरी के थाना बिछवा गेट के ठीक सामने शुक्रवार को सुबह कुरावली की तरफ से आ रहे एक टेंपो में सामने से आ रहे ट्रक चालक ने तेजी व लापरवाही से टक्कर मार दी। जिसमें एक डी फार्मा का छात्र गंभीर रूप से घायल था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। साथ ही अन्य कई छात्र गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें इलाज जिला अस्पताल में भिजवा दिया गया है। कुरावली की तरफ से चंद्र कमल फामेर्सी महाविद्यालय से आ रहे एक टेंपो सवार छात्र मोहित पुत्र रामेश्वर निवासी नगला दौलत उमेदपुर कुरावली उम्र 21 वर्ष की मौत हो गई। जबकि सचिन पुत्र जिलेदार निवासी नगला बहादुरपुर देव ऋषि पुत्र सुरेश चंद निवासी नगला दौलत ऋषभ पुत्र रामनरेश निवासी कुरावली अंकित पुत्र वृजेश निवासी तिसोली रविकांत पुत्र नगेंद्र सिंह नगला मुरली कुरावली राजपाल पुत्र स्पेक्टर नगला बहादुर भानु प्रताप पुत्र रामवीर निवासी देवकली गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक डी फार्मा के छात्र मोहित की मौत हो गई।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला के साथ रेप एवं मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कांति प्रसाद, गढमुक्तेश्वर। महिला के साथ रेप, मारपीट व जाने से मारने का प्रयास करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुऐ धारा 156(3) के तहत वाद दायर करके दस के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना सिंभावली पर क्षेत्र के एक गांव की एक विवाहिता महिला ने थाना गढ क्षेत्र के एक गांव के अपने ससुरालियो आदि पर मारपीट करते हुऐ उत्पीडन करने, रेप करने व जाने से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुऐ न्यायालय में धारा 156(3) के तहत वाद दायर किया था जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर वादी की तरफ से दस आरोपीयों गुफरान, शहनाज, इसरत, तरून्नम, वसीम, तब्बुसुम, अंजुम, जीशान, अलीमुददीन, जावेद व सबाहत के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरु कर दी गई है।

### शिक्षक संघ के चुनावी सभा का आयोजन

मदरलैंड संवाददाता, रामपुर। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ चेतनारायन गुट के पदाधिकारियों ने सुंदर लाल इंटर कॉलेज में चुनावी सभा का आयोजन किया। जिसमें प्रदेश महामंत्री रामबाबू शास्त्री और चुनाव अधिकारी प्रतिनिधि बलराम सिंह की उपस्थिति में जैन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा को जिला अध्यक्ष चुना गया। मनोज कुमार को जिला मंत्री और श्याम बाबू शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष चुना गया। तीनों ही पदाधिकारियों के विगत कार्यों पर भरोसा व्यक्त करते हुए जिले की सभी तहसीलों से आए शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। इस मौके पर पूर्व शिक्षक विधायक एवं प्रदेश महामंत्री रामबाबू शास्त्री ने संगठन का महत्व बताते हुए कहा कि संगठित हो जाओ और मिलकर संघर्ष करो।

### विवेचना की लापरवाही पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। किशोरियों से गाली-गलौज व आपत्तिजनक मैसेज भेजने के मामले में विवेचक की लापरवाही पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने किशोरियों के बयान तक दर्ज नहीं किए। एससी-एसटी की धारा भी नहीं लगाई।पाक्सो की विशेष अदालत के न्यायाधीश नंद प्रताप ओझा ने डीएम- एसएसपी को जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

# ग्रामीण आवासीय अभिलेख प्रमाण पत्र वितरण, ऑनलाइन डिजिटल खसरा का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल संवाद के माध्यम से ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) प्रमाण पत्र वितरण, ऑनलाइन डिजिटल खसरा का शुभारंभ करते हुए कहा कि पुश्त दर पुश्त गांव में अपना मकान बनाकर रह रहे लोगों को कई पुश्तों के बाद भी उस भूमि का मालिकाना हक नहीं मिलता था, जिस कारण उनका बार-बार किसी न किसी स्तर से शोषण किया जाता था, मकान होने के बावजूद भूमि का मालिकाना हक न होने पर जरूरत पड़ने, अपना व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए उन्हें बैंकों से ऋण भी नहीं मिल पाता था लेकिन अब प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच के कारण अब ग्रामवासी जिस भूमि पर मकान बनाकर रह रहे थे, अब वह उस भूमि के मालिक होंगे, जरूरत पड़ने पर उस भूमि पर बैंक से ऋण भी ले सकेंगे। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित राजस्व निरीक्षक को आदेशित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना का कार्य चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए, ग्रामीण इलाकों में मौजूद घरों के मालिकों के मालिकाना हक का रिकॉर्ड रखने वाली स्वामित्व योजना भूमि विवाद से जुड़े विवादों के साथ-साथ भूमि का सही रिकॉर्ड तैयार होगा जिससे भूमि विवादों में तेजी से कमी आयेगी। उन्होने कहा कि ड्रोन तकनीक और नियमित प्रचालन प्रणाली स्टेशन के द्वारा आवासीय भूमि की पैमाइश सुनिश्चित की जाएगी, पुरानी व्यवस्था के तहत ज्यादातर ग्रामीणों के पास अपनी जमीन के मालिकाना हक के दस्तावेज नहीं हैं, पुरानी व्यवस्था के चलते मालिकाना हक से जुड़े कागज नहीं बन सके। हालांकि, गांवों की खेतिहर जमीन का रिकॅार्ड तो रखा गया, लेकिन लोगों के घरों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया, 'स्वामित्व' योजना से यह कमी दूर होगी। उन्होंने कहा कि गांव की जमीन की वैज्ञानिक तरीके से ड्रोन का प्रयोग करते हुए माप या पैमाइश की जा रही है, जिससे गांव की संपत्तियों का सही आकलन होगा।

# मंडलीय समीक्षा में जनपद की प्रगति संतोषजनक

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। उप निदेशक राष्ट्रीय बचत आगरा मंडल आगरा ने मंडलीय समीक्षा में जनपद की प्रगति संतोषजनक पाए जाने पर बधाई देते हुए बताया कि वार्षिक लक्ष्य 2482 लाख के सापेक्ष माह दिसंबर तक 233.54 प्रतिशत की पूर्ति अर्जित कर मंडल में जनपद प्रथम स्थान पर रहा है उप निदेशक राष्ट्रीय बचत ने अभिकर्ताओं की नियुक्ति, विद्युत उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, कार्बन न्यूट्रल में भी बेहतर कार्य करने पर प्रभारी जिला बचत अधिकारी, उप जिला मजिस्ट्रेट ऋषि राज द्वारा कम समय में राष्ट्रीय बचत में किए गए उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए बधाई दी है।



# नेहरू युवा केंद्र ने फूंका सफाई अभियान का बिगुल

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छ भारत योजना ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमीनी स्तर पर रंग ला रही है। जहाँ शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका असर दिखाई दे रहा है। स्वच्छ भारत अभियान को लेकर ग्रामीण सामाजिक संगठनों द्वारा जागरूक जोर शोर पर दिखाई दे रहा है।

इसी संदर्भ में ब्लॉक सैया के इरादतनगर क्षेत्र के गांव रहलई में नेहरू युवा केन्द्र संगठन के तत्वावधान में डॉ सतेन्द्र खिरवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की।जिसमे स्वच्छता अभियान को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों को जागरूक कर सफाई अभियान में सयोग करने की अपील कर एक सार्थक पहल शुरू की है। स्वच्छता को लेकर नेहरू युवा केन्द्र सामाजिक संगठन सदस्यों और इरादतनगर क्षेत्र वासियों के साथ स्वच्छ कस्बा रखने व गंदगी न करने का संकल्प लिया। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में कस्बा वासियों ने डॉ कर्ण सिंह इंटर कॉलेज रहलई में फैली गंदगी को साफ कर अभियान की पहल की जहाँ स्कूल के बहार और अंदर फैली गंदगी को इकट्ठा कर कूड़ेदान में भर कर गंदगी का निस्तारण किया। जिसमें डॉ कालीचरन गालव,धर्मप्रकाश गालव,रविकान्त त्यागी,ओमप्रकाश गालव,अशोक त्यागी, पंकज, गौरव, आदित्य, कुलदीप, संदीप त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी को निर्देशित करते हुये कि कार्यक्रम की गहन समीक्षा कर शीघ्र सुधार किया जायें, कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राइवेट सेक्टर से प्राप्त केस, नोटिफिकेशन की वृद्धि के लिए जोर दिया जाये, कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में प्राइवेट सेक्टर से सम्बन्धित क्लीनिक, हॉस्पीटल, नर्सिंग होम, पैथोलोजी लैब, एक्सरे सेन्टर, कैमिस्ट इत्यादि को भली-भॉति जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होने कहा कि चिकित्सक द्वारा टी.बी. के मरीजों की समय से पहचान कर सूचना जिला क्षय रोग अधिकारी को उपलब्ध कराना अनिवार्य है, इसके तहत प्रतिकेस नोटिफिकेशन पर 500 रु. का प्राविधान है तथा आउटकम उपलब्ध कराने पर 500 रू. अतिरिक्त उपलब्ध कराये जाने की सुविधा है। सूचना उपलब्ध न कराने की स्थिति में सम्बन्धित के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 269, 270 के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। श्री सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के अर्न्तगत निःशुल्क जॉच तथा दवाइयॉ क्षय रोगी को उपलब्ध करायी जाती हैं।

# सडक सुरक्षा सप्ताह की निकाली रैली

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाई के तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय शिविर में तीसरे दिन छात्रो को कोविड 19 बचाव के बारे जानकारी दी गई। शिविर के प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार व गांठ बाधना तम्बू निर्माण के बारे जानकारी दी गई। शिक्षको ने प्रतिभागियों को साथ लेकर सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत कस्बे में रैली भी निकाल कर आम लोगो को जागरूक किया गया।




शुक्रवार को सिंभावली के किसान पीजी कालिज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाई के तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय शिविर में तीसरे दिन छात्रो को कोविड 19 बचाव के बारे जानकारी दी गई। शिविर के प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार व गांठ बाधना तम्बू निर्माण के बारे जानकारी दी गई। शिक्षको ने प्रतिभागियों को साथ लेकर राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कस्बे में रैली भी निकाल कर आम लोगो को जागरूक किया गया। रैली के दौरान पम्पलेट वितरित किये गये। इस मौके पर शिक्षक डा0 गिरिश कुमार सिंह ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन सभी नागरिको को करना चाहिये जिससे अपनी और दूसरो की जान की सुरक्षा हो सके। शिविर में प्रशिक्षक श्रीप्रकाश शर्मा रोवर्स प्रभारी डा0 प्रभात कुमार रेंजर प्रभारी सुरभि मित्तल ने प्राथमिक उपचार व गांठ बाधना, तम्बू निर्माण ,कलर पार्टी, मार्च पास्ट के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर डा अरविन्द कुमार ,नासिर शायरा ,अदिबा, उमा, मनू, मानसी, सुहैल ,अनमिता, नेदा, अजय, आदिल, भूपेन्द्र आदि मोजूद रहे ।

# यूनियन बैंक ने साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया

» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय समावेशन/साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन यूनियन बैंक सैंया में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक विनीत विकास रहे। शुक्रवार को यूनियन बैंक सैंया में भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय समावेशन / साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम शाखा प्रबंधक बच्चू सिंह के निर्देशन में किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह,सामाजिक सुरक्षा, सुकन्या योजना,अटल पेंशन तथा बीमा संबंधित सभी जानकारी मुहैया कराई गई। कार्यक्रम में सैंया ब्लॉक के सभी स्वयं सहायता समूह की सखियां उपस्थित रहीं और उनको समूह से सम्बंधित सभी जानकारी दी गयी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक यूनियन बैंक विनीत बिकास रहे और बिशिष्ट अतिथि सहायक प्रबंधक पी एन चौधरी, जिला प्रबंधक सुरेश राम रहे। जिला मिशन प्रबंधक मयंक सिंह तथा सामाजिक सलाहकार शिशिर गुप्ता रहे। कार्यक्रम के दौरान बैंक मित्र मोहन प्रकाश,पवन कुमार,सोमेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।




# आईजी रेंज द्वारा अवैध खनन में एसएसपी भूमिका की जाँच शुरू

» शंकरदेव तिवारी

आगरा। एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर द्वारा आगरा के खेरागढ़ तथा अन्य इलाकों में अवैध खनन तथा इसमें एसएसपी आगरा बबलू कुमार की भूमिका की जाँच आईजी आगरा रेंज ए सतीश गणेश द्वारा की जा रही है। अपनी शिकायत में नूतन ठाकुर ने कहा था कि आठ नवम्बर2020 को खनन माफिया द्वारा ग्राम नगला सोन थाना खेरागढ़ में सिपाही सोनू चौधरी की हत्या कर दी गयी थी। इससे पहले भी पांच जून 2019 को खेरागढ़ थाने में सिपाही संजीव कुमार को चम्बल माफियाओं ने गोली मार दी थी। जिस संबंध में एसआई प्रमोद कुमार ने 18 माफियाओं पर नामजद मुकदमा दर्ज किया था। दो जुलाई 2019 को बबलू कुमार एसएसपी आगरा में तैनात हुए और उनके एसएसपी रहते इस मुकदमे में 18 में से 15 आरोपियों के नाम विवेचना से निकाल दिये थे,तथा 24 अक्टूबर 2019 को मात्र तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र भेजा गया था। यह आरोपपत्र भी विगत एक साल से सीओ खेरागढ़ आफिस में लंबित है।

नूतन ठाकुर के अनुसार इस मामले में सीओ खेरागढ़ प्रदीप कुमार ने एसएसपी आगरा को विवेचक के खिलाफ प्रारम्भिक जांच कराये जाने को पत्र भी भेजा लेकिन उनके द्वारा उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। एक अन्य प्रकरण में चम्बल के करीब 100 ट्रैक्टर लाडूखेड़ा चौकी क्षेत्र से निकालने को चौकी इंचार्ज शरद दीक्षित ने मना कर दिया तो एक सफेदपोश से उनका विवाद हुआ था। जिसके बाद एसएसपी ने उल्टे शरद दीक्षित को ही उस चौकी से ट्रान्सफर कर ताज सुरक्षा में भेज दिया। छः महीने पहले आईजी रेंज आगरा ए सतीश गणेश ने खेरागढ़ के छः थानों में खनन होने पर कार्यवाही को कहा था किन्तु इस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।


कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र आगरा।
पत्रांक: सीओए-एसी-1-22-(औना रोका0-21)20/2021 2357 दिनांक फरवरी 8 2021

डा0नूतन ठाकुर,
निवासी-5/426 विराम खण्ड
गोमतीनगर जनपद-लखनऊ।

कृपया आपके द्वारा प्रेषित अपीलीय प्रार्थना पत्र जो जनसूचना अधिकारी मुख्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या डीजी-14 [illegible] डीजीपीओएफ/आर/2020/60752 दिनांक 27.01.2021 एवं जनसूचना अधिकारी कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक,आगरा जोन, आगरा के पत्र संख्या एजेड-एसी-3-6-आगरा-(06)-2021/1399 दिनांक 06.02.2021 के द्वारा इस कार्यालय को सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु आन्तरित किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आपके द्वारा प्रेषित शिकायती प्रार्थना पत्र पर मेरे द्वारा स्वयं जांच सम्पादित की जा रही है, जो वर्तमान में प्रचलित है, जॉच पूर्ण होने पर आपको उपलब्ध करायी जायेगी।

(ए0सतीश गणेश)
अपर पुलिस महानिदेशक/
पुलिस महानिरीक्षक,
आगरा परिक्षेत्र, आगरा।

प्रतिलिपि:- जनसूचना अधिकारी मुख्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2- जनसूचना अधिकारी अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन आगरा को सूचनार्थ प्रेषित।

इस संबंध में आरटीआई में मांगी गयी सूचना के संबंध में ए सतीश गणेश ने नूतन ठाकुर को बताया कि इस शिकायत की जाँच स्वयं उनके द्वारा की जा रही है तथा जाँच पूरी होने के बाद जाँच आख्या उन्हें उपलब्ध करायी जाएगी।

# क्षेत्रीय विद्युत समस्या को लेकर मुख्य अभियंता से मिले देवानंद

» मदरलैंड संवाददाता



आगरा। क्षेत्रीय विद्युत समस्याओं को लेकर शुक्रवार को भाजपा युवा नेता देवानंद परिहार बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से मिले, और समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की।

बिजली विभाग के मुख्य अभियंता एस के सिंह से उनके कार्यालय पर मिलकर भाजपा युवा नेता देवानंद परिहार ने उनको किसानों व आम लोगों की समस्याओं से अवगत कराया व उनके जल्द समाधान की मांग की। युवा नेता ने बताया कि समूचे क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती चल रही है। किसानों को मात्र पांच घण्टे ही बिजली मिल रही है जिससे उनकी फसलें बर्बाद हो रही है। साथ ही विभागीय लापरवाही के चलते लोगों को भारी मात्रा में गलत बिल जिनमें सरचार्ज अधिक अधिक बढाकर दिया जा रहा है। जिससे लोग परेशान है और अधिकारियों के ऑफिस के चक्कर लगा रहे है। लोगों के उपभोग से कहीं अधिक बिल उनको दिये जा रहे है जो कि गलत है वही भाजपा नेता ने मांग की है कि किसानों को भटकाया जा रहा है। किसानों की समस्या के समाधान के लिये ब्लाक स्तर पर कोई ऐसा अधिकारी नियुक्त हो जो अन्य ऑफिसो में भेजने के बजाय मोके पर ही समस्याओं का समाधान कर सके। जिससे लोगों को हो रही परेशानी खत्म हो।साथ ही बिना बिजली उपयोग के लोगों को बिल दिये जा रहे है। वही देवानंद ने बताया कि मुख्य अभियंता ने समस्याओं के जल्द समाधान करने के लिये उच्चाधिकारियों से जल्द परामर्श कर समाधान करवाने का भरोसा दिलाया है।

# शादी का झांसा देकर छात्रा से रेप

**मदरलैंड संवाददाता, मेरठ।** शादी का झांसा देकर छात्रा से थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के अंतर्गत रेप की घटना का मामला सामने आया है पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है शिकायत करने पर आरोपी ने धमकी दी है। जानकारी के अनुसार थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के अंतर्गत बीए की छात्रा के साथ रेप का मामला सामने आने पर थाना पुलिस ने शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है रेप पीड़ित लड़की ने बताया कि नामजद आरोपी धोखा देकर दूसरी शादी कर रहा है दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। जब पीड़ित लड़की थाने पहुंची तो सभी ब्रह्मपुरी पुलिस ने वहां से टरका दिया आला अधिकारियों के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# ट्रेक्टर-ट्रॉले में बसों के टकराने पर सात लोग घायल

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र में हाईवे पर सडक किनारे खडे गन्ने से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉले में दिल्ली की तरफ से आ रही दो बसें के टकराने पर सात लोग घायल हुऐ जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जाती है। एक कार भी बस में टकराई गई।

थाना सिंभावली क्षेत्र में हाईवे पर गांव सिखैडा के पास दिल्ली की तरफ से आ रही दो रोडवेज बसें सडक किनारे खडे गन्ने से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉले में टकरा गई। दुर्घटना में बस में सवार संभल बहजौई मऊ निवासी संतोष कुमार, लोंगश्री, अयान, नफीस निवासी दिल्ली, महक निवासी तिलक नगर औखला दिल्ली तथा बस चालक छत्तरपाल निवासी पीलीभीत तथा दूसरी बस का चालक बिजेन्द्रपाल निवासी बरेली घायल हो गये।

सभी घायलो को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां संतोष की हालत गंभीर बताई गई है। इनके अलावा बसों में कई अन्य सवारी भी मामूली रूप से घायल हुऐ है। दुर्घटना में एक कार भी बस में पीछे से टकराने पर छतिग्रस्त हो गई।



# उलेमाओं के खिलाफ कोई झूठी कार्रवाई पर होगा जेल भरो आन्दोलन

» अफाक खान



रामपुर। पुलिस प्रशासन द्वारा यदि रामपुर के उलेमाओं के खिलाफ कोई झूठी कार्रवाई की गई तो रामपुर ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में जेल भरो आन्दोलन किया जायेगा। यह बात आज यहां इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा ने कही।

आस्ताना ए आलिया जामालिया में बाद नमाज जुमा पत्रकार वार्ता में बोलते हुए मौलाना तौकीर रजा ने रामपुर के पुलिस व जिला प्रशासन पर जमकर प्रहार किये। उन्होने कहा कि रामपुर का पुलिस प्रशासन उलेमाओं द्वारा किसान आन्दोलन का समर्थन करने पर इतना क्षुब्ध हो गया हैं कि वह उनपर दबाव बनाने के लिए उनके साथ बदसलूकी पर उतर आया है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होने कहा कि पुलिस अधीक्षक लगता हैं फिल्में ज्यादा देखते हैं तभी तो उन्होने डीएम की मीटिंग से उठाकर रामपुर के दो उलेमाओं के साथ बंद कमरें में बदसलूकी की। जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा अगर ऐसा रवैया रहेगा तो फिर शहर की कानून व्यवस्था का क्या होगा। किसान आन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा कि यह किसानों की लड़ाई नहीं हैं बल्कि पूरे मुल्क के गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों की लड़ाई हैं किसान आन्दोलन का समर्थन के साथ-साथ तन,मन, धन से साथ दिया जायेगा। कोरोना से देश को इतना नुकसान नहीं हुआ हैं जितना इन तीन काले कानूनों से मुल्क की अवाम को होगा। पुलिस प्रशासन कानून के दायरे में उलेमाओं के साथ सलूक करें लेकिन कानून की आढ़ लेकर पुलिस प्रशासन रामपुर के उलेमाओं को फर्जी आडियों व अन्य चीजे दिखाकर ब्लैकमेल कर रहा हैं जिसे बर्दाश्त नहीं किया जोयगा। 21 दिसम्बर 2019 को रामपुर में हुए एनआरसी व सीएए के विरोध प्रदर्शन पर यदि जिला प्रशासन ने रामपुर के उलेमाओं को नजरबंद नहीं किया होता तो शायद उस दिन यह हादसा नहीं होता। उस हादसे की जिम्मेदारी प्रशासन की थी लेकिन प्रशासन ने बेकसूर लोगों को जेल में बंद कर उलेमाओं पर दबाव बनाना शुरू कर दिया ताकि उनकी कारगुजारी का किसी को पता नहीं चल सकें। पूर्व मंत्री एवं सपा सांसद आजम खां के बारे में बोलते हुए तौकीर रजा खां ने कहा कि उन्होने सत्ता के नशे में चूर होकर एक मजार को शहीद कराया था जिसका खामियाजा आज तक वह जेल की सलाखों के पीछे भुगत रहें हैं ऐसे ही रामपुर के एक पुराने मजार को रात के अंधेरे में शहीद किया गया जिसका खामियाजा भी उन लोगों को भुगतना पड़ेगा। उन्होने कहा कि सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना लोकतांत्रिक देश की जनता का हक हैं लेकिन प्रशासन हमसे उस हक को छीनना चाहता हैं। उन्होने कहा कि फरहत अहमद शाह जमाली सहित रामपुर के अन्य उलेमाओं के साथ यदि पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई अमल में लाई गई तो रामपुर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में गिरफ्तारियां दी जायेगी।

# जिलाधिकारी ने की संस्कृत विद्यालय की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता

» शकील सैफी



मेरठ। जिलाधिकारी के बालाजी ने लाला धर्मदास जैन ट्रस्ट व लाला धर्मदास जैन देवनागरी संस्कृत विद्यालय घंटाघर में आहूत वार्षिक बैठक की अध्यक्षता की। ट्रस्ट के मंत्री व पदेन सदस्यो के साथ जिलाधिकारी जो कि ट्रस्ट व विद्यालय के पदेन अध्यक्ष है, ने धर्मशाला व विद्यालय का निरीक्षण किया। निर्माण कार्या व रख-रखाव की जानकारी ली, वार्षिक आय-व्यय को देखा। ट्रस्ट के मंत्री ने बताया कि संस्कृत विद्यालय उत्तर मध्यमा कक्षा तक है, जो कि सम्पूर्णानन्द विद्यालय वाराणसी से संबद्ध है। जिलाधिकारी ने वहां की प्रगति से संतुष्ट होकर पदाधिकारियों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर ट्रस्ट के मंत्री रविन्द्र कुमार जैन, ट्रस्टी चन्द्र जैन, विमल जैन, मनोनीत सदस्य अनुज जैन आदि उपस्थित रहे।

# मुजफ्फरनगर के डीएम ने लगवाया कोरोना वैक्सीन का टीका

» मदरलैंड संवाददाता

मुजफ्फरनगर। आज कोविड-19 के कोरोना वेक्सिनेशन सेकेंड फेस में जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी ने वैक्सीन का टीका लगवाकर की शुरूआत जनपद में प्रशासनिक अधिकारियों में सबसे पहले जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी को लगा कोरोना का वेक्सीन का टिका मुजफ्फरनगर जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी को कोरोना वायरस के टीकाकरण का डॉक्टरों द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र।



## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत लाइन का तार टूटने से 16 वींघे के गन्ना खाक

मदरलैंड संवाददाता, बिजनौर। किरतपुर क्षेत्र के ग्राम सिसौना जट में जर्जर विद्युत लाइन का तार टूटकर गिरने से 16 बीघा गन्ना जलकर राख हो गया। जिससे गन्ना स्वामियों को लाखों रुपए की क्षती हो गई। किसानों की क्षतिपूर्ति की मांग करते हुए विद्युत तार बदले जाने की मांग भी उठाई। ग्राम सिसौना जट में गन्ने के ऊपर से गुजर रही जर्जर विद्युत लाइन का तार टूट कर खेत में गिर गए। जिससे गन्ने के खेतों में आग लग गई 3:00 के समय हवा भी चलने लगी जिससे आग ने विकराल रूप धर लिया कुलविंदर पुत्र धर्मपाल सिंह का 5 बीघा गन्ना जलकर खाक हो गया इसके बाद धर्मवीर सिंह का 7 बीघा राजपाल सिंह की 2 बीघा धीर सिंह पुत्र धर्मवीर जिनका 2 बीघा गन्ना जल गया किसानों ने ट्रैक्टर से खेत को जोड़कर आपको किसी तरह काबू में किया गन्ना जलने से किसानों को लाखों रुपए की क्षति हो गई किसानों का कहना है कि गांव में 11000 की विद्युत लाइन जर्जर हालत में है बोल भी आड़े तिरछे हो रहे हैं तार ढीले होकर नीचे झूल रहे हैं किसानों ने बिजली विभाग से किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा देने और जर्जर लाइनों को ठीक कराने की मांग की है।

### शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 16 एसीपी प्रकरण निस्तारित

मदरलैंड संवाददाता, बिजनौर। बिजनौर के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के 16 एसीपी प्रकरणों का जिला विद्यालय निरीक्षक व लेखाधिकारी बिजनौर द्वारा निस्तारण कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा के नेतृत्व में शिक्षणेत्तर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल आज लेखाधिकारी माध्यमिक अशोक राव गौतम से मिला। संघ की ओर से लेखाधिकारी से जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लेखा संबंधी कार्यों को सरलता से व समय से निस्तारित करने की मांग की गई। लेखाधिकारी गौतम ने बताया जनपद के 16एसीपी प्रकरण प्राप्त हुए थे जिनका निस्तारण कर दिया गया है। उन्होंने जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हर करने का भरोसा दिया। मुकेश सिन्हा ने संगठन की ओर से लेखाधिकारी को नये वर्ष की डायरी व कलेंडर भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के जिला कार्यकारी मंत्री योगेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, अनुराग भारद्वाज, लेखराज सिंह आदि शामिल रहे।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में सपाइयों का प्रदर्शन

» मदरलैंड संवाददाता



मेरठ। गुरुवार को समाजवादी युवजन सभा के पूर्व महानगर अध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह विशु के नेतृत्व में बच्चापार्क पर बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया गया सरदार परमिंदर सिंह यीशु ने कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार में जनता बेहाल है ना नौजवानों को रोजगार की बात की जाती है और किसानों पर अत्याचारी महिलाओं पर अत्याचार इस सरकार में हो रहा है सरदार परमिंदर सिंह यीशु के नेतृत्व में गैस सिलेंडर एवं पेट्रोल डीजल पर हो रही बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन किया और गैस सिलेंडर को फांसी दे दी गई और अंगीठी जलाकर रोटी बनाई उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के द्वारा जितने वादे किए गए सब झूठे हैं और अगर अच्छे दिन ऐसे होते तो हमें हमारे वही पुराने दिन ही लौटा दे प्रदर्शन करने वाले मैं पूर्व पार्षद दल नेता अफजाल सैफी जानू चौधरी जयकरण भूटानी विजय यादव ओम प्रकाश यादव दीपांशु चौहान दीपक चौहान शाहबुद्दीन चौहान पवन यादव अरुण यादव दीपक बिट्टू सैफी राजीव सोनकर सिद्धार्थ सिंह भगतराम गजल यामीन बाबर खान स्वयंवर सिंह राजू पुष्पा यादव ऋषभ कुशवाहा सुमित यादव योगेश शाक्य अतुल यादव अश्विनी शर्मा कुलदीप शर्मा अरमान सैफी रोहित सैनी दुलीचंद यादव सालिम चौधरी आदि साथी मौजूद रहे।

# जय जवान जय किसान अभियान की किसान पंचायत

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। कांग्रेस की जय जवान जय किसान अभियान की किसान पंचायत काशीपुर आंगा में हुई जिसको कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सचिन नाईक और पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मुतीउर्रहमान खां बब्लू ने सम्बोधित किया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सचिन नाईक ने कहा किसान आन्दोलन को बदनाम करने के लिए भाजपा तरह-तरह के हथकंडे अपना रही हैं। क्या इस देश में इंसाफ मांगना अपराध बन गया हैं किसान आंदोलन के दौरान अब तक डेढ़ सौ से ज्यादा किसान अपनी जान गवा चुके हैं लेकिन सरकार की कान पर जूंह तक नही रेंगी। अंग्रेजों की मुखबरी करने वाले अपने आपको देशभक्त बताकर देशभक्ति का प्रमाण पत्र बांट रहे हैं। शर्म आनी चाहिए ऐसे नेताओ को जो देश के किसानों के साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जिस देश के संविधान में हम सबको बराबर का हक दिया उस देश की सरकार किसानों के आंदोलन को कुचल रही हैं। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक हैं। किसान अपनी ही जमीन की फसलों का दाम मांग रहा हैं अगर सरकार की नियत साफ हैं तो एमएसपी पर कानून क्यो नही बनाती एमएसपी पर कानून बनाने से सरकार क्यो भाग रही हैं।

पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मुतीउर्रहमान खां बब्लू ने कहा सरकार की मानसिकता किसानो के बीच उजागर हो चुकी है सरकार सिर्फ कैमरे के सामने झूठे बयान देने से किसानो की हितैषी नही बन सकती अगर मोदी सरकार.किसानो की हितैषी है तो अब तक किसानो के बीच जाकर उनसे बात क्यो नही की।

इस मौके पर नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां, धर्मेन्द्र देव गुप्ता, मामून शाह खां, जमील मियां, अय्यूब अली, वसीम अंसारी, नूरेआलम, मुश्ताक अली, इदरीस अहमद, नामे अली, कय्यूम अली, कमाल हुसैन, हसीब खां, अकरम सुलतान, आसिफ मियां, बिलाल खां, इरफान अली आदि मौजूद थे।

# समाज उत्थान के लिए व्यसनों से दूर रहना होगा

**बिजनौर, अवनीश त्यागी** । नजीबाबाद में देव संस्कृति विश्वविद्यालय की टीम ने हम सुधरेंगे युग सुधरेगा हम बदलेंगे युग बदलेगा के उद्देश्य को लेकर प्रेरणादायक संगीत के साथ प्रवचन दीप यज्ञ आयोजित किए वक्ताओं ने समाज से व्यसनों को दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आने का आह्वान किया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से आए शशि कला ने कहा कि नारी के पास दिव्य दृष्टि है गंगा गीता गायत्री हमारे आराध्य ग्रस्त आश्रम सबसे बड़ा आश्रम है गायत्री पटेल ने कहा कि जहां नारी का सम्मान है वही संस्कृति का उत्थान है। टीम में शामिल रिचा प्रसाद ने कहा कि व्यक्ति निर्माण और परिवार निर्माण से ही समाज का निर्माण होगा उन्होंने सावित्री का उदाहरण देते हुए कहा कि सावित्री ने यमराज से भी अपने पति के प्राणों को वापस लिया था जोशीमठ में आई आपदा के मृतकों की आत्माओं को शांति के लिए प्रार्थना की गई गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ दीपक कुमार सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह कैलाश चंद सिंघल बालकिशन सिंगल वीरेंद्र सिंह मधुबाला गुप्ता कृष्णकता, नीलम बरनवाल उषा गुप्ता संजय शर्मा राज भटनागर कृष्णकांता गोयल सुमन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# किसान की गला रेतकर हत्या

» सरताज अहमद



मुजफ्फरनगर। थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब 32 वर्षीय किसान खुशनसीब की गला रेतकर खेत में निर्मम हत्या कर दी गई। आस-पास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के हुजूरनगर गांव का है, जहां निवासी 32 वर्षीय किसान खुशनसीब सिंचाई करने के लिए अपने खेत में गया था, लेकिन बृहस्पतिवार की रात में अज्ञात बदमाशों ने किसान की गर्दन रेतकर निर्मम हत्या कर दी, सुबह जब परिजन खेत में पहुंचे तो किसान का शव देखकर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया, वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मौके पर डॉग स्क्वायड टीम के साथ घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू कर दी। किसान की निर्मम हत्या हो जाने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, डेढ़ दर्जन मामले पंजीकृत

» मदरलैंड संवाददाता



मेरठ। थाना कंकरखेड़ा अंतर्गत रात्रि 23:00 बजे के लगभग भोला रोड पर थाना प्रभारी कंकरखेड़ा व जानी और उनकी टीम तथा एसओजी टीम के साथ हुई एक मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश रिजवान उर्फ बंटी पुत्र सत्तार निवासी नगला ताशी थाना कंकरखेड़ा पुलिस के द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में दोनों पैरों में गोली लगी लगने से घायल हुआ। यह बदमाश एक शातिर अपराधी है, जिस पर लगभग डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। वर्तमान में यह बदमाश थाना खरखौदा (मेरठ), थाना मवाना(मेरठ) और थाना बुढ़ाना (मुजफ्फरनगर) से लूट के मामले में वांछित चल रहा था और इस पर रु25000 का इनाम घोषित है। इस बदमाश से 32 बोर की कंट्रीमेड पिस्टल, भारी संख्या में जिंदा खोखा कारतूस तथा लाल रंग की स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई है। इस बदमाश ने पूछताछ में बताया की घटना करने के बाद वह किसी वह किसी अन्य स्थान पर चला जाता था और काफी समय बिताने के बाद उस घटना को अंजाम दे देना उसका कार्य है उसका गैंग के साथियों से फोन के माध्यम से हमेशा कांटेक्ट बना रहता है।

# जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी ने सुनीं जन समस्याएं

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। कचहरी प्रांगण स्थित डीएम कार्यालय पर आज जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी द्वारा दर्जनों पीड़ितों की जन समस्याएं सुनी गई जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी ने मौके पर ही पीड़ितों की जन समस्याओं का निवारण किया और अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए समस्याओं का निवारण होने पर पीड़ितों ने जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी की जमकर प्रशंसा की और उन्हें आशीर्वाद दिया लगातार अपने कार्यालय पर बैठकर जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी पीड़ितों की समस्याएं सुनती हैं और उनका निवारण करती है जिलाधिकारी से मिलने के लिए सुबह से ही भारी भीड़ डीएम कार्यालय पर इकट्ठा हो जाती है वही जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी अपने कार्यालय पर आए नन्हे-मुन्ने बच्चों को मास्क और बिस्किट भी अपने हाथों से वितरण करती है।

# चरथावल थाना क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान

» मदरलैंड संवाददाता



मुजफ्फरनगर। एससपी अभिषेक यादव के निर्देशानुसार चरथावल थाना क्षेत्र की सभी पुलिस चौकियों पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चरथावल थाने की दधेडु पुलिस चौकी पर चौकी चौकी इंचार्ज राजकुमार, हिंडन पुलिस चौकी पर सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र राव ने अपनी टीम के साथ मिलकर सघन चेकिंग अभियान चलाया इसके साथ-साथ चरथावल कस्बे में कस्बा इंचार्ज योगेंद्र चौधरी, अलावलपुर चौकी पर चौकी इंचार्ज आनन्द पोसवाल ने सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की तलाशी ली गई एक साथ सभी चौकियों पर चले चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

# लक्ष्य के अनरूप वसूली ना करने वाले अमीनों को डीएम ने दिखाये कड़े तेवर

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। जिला कलक्टर चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि वित्तीय समाप्ति की ओर है, ऐसे विभाग जो वसूली कार्य में पिछड़ गये हैं, अभियान चलाकर लक्ष्य की प्राप्ति करें। बैठक में वाणिज्य कर, आबकारी, स्टाम्प, परिवहन, विद्युत, मनोरंजन समेत मुख्य एवं विविध देयों की समीक्षा की गयी। डीएम ने निर्देशित किया कि ऐसे अमीन जो लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं कर पा रहे हैं उनको आरोप पत्र दिए जाएं।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विधान जायसवाल ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि वाणिज्य कर विभाग द्वारा वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 60 प्रतिशत की वसूली की गयी है, लक्ष्य पूर्ति के लिए शेष अवधि में 40 प्रतिशत की वसूली की जानी है जो सम्भव नहीं दिख रहा है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि वह लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे। स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की प्रगति अच्छी पाई गयी।

उन्हें प्रवर्तन कार्य में तेजी लाने समेत बड़े बैनामों का मौके पर जाकर निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। आबकारी विभाग की वसूली काफी सराहनीय पाई गयी। विभाग को छापेमारी बढ़ाने, अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर पूर्णतः अंकुश लगाने के साथ ही माफियाओं को संरक्षण न देने के सख्त निर्देश दिये गये। उन्होंने विभाग को निर्देशित किया कि माफियाओं को संरक्षण देने की बात संज्ञान में आती है तो दोषी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

डीएम ने अवैध शराब की बिक्री एवं लाने-ले जाने में प्रयुक्त वाहन के जब्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान एआरटीओ को प्रवर्तन कार्य बढ़ाने एवं क्षेत्र में स्वयं भ्रमण कर चैकिंग करने के निर्देश दिये गये। एडीएम ने कहा कि ओवलोडिंग वाहनों की देर रात्रि से प्रातःकाल अभियान चलाकर धरपकड़ की जाए।

विद्युत विभाग को वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

# विकास एवं निर्माण कार्यों में शिथिलता बर्दाशत नहीं: डीएम


» अर्जुन वार्ष्णेय



अलीगढ़। जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में मासिक विकास एवं मुख्यमंत्री के नवीन प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जो भी विकासोन्मुखी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, उनमें गुणवत्ता, मानक एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। औचक निरीक्षण के दौरान यदि कोई निमार्णाधीन कार्य गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप नहीं पाया जाता तो कार्यदायी संस्था के साथ-साथ विभागीय अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। शासन की मंशा है कि संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी मुख्यमंत्री के नवीन प्राथमिकता कार्य एवं विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को रोजगारपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुॅचाने के निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को सरलता एवं सुगमता के साथ सुलभ कराया जाए। उन्होंने तहसील एवं विकास खण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन समेत किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, कन्या सुमंगला योजना समेत अन्य योजनाओं में पात्र लाभार्थियों के ऑनलाइन एवं आफलाइन आवेदन प्राप्त कर भौतिक सत्यापन करते हुए उनकी फीडिंग करा ली जाए ताकि समय पर उनको योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो सके। डीएम ने साफ किया कि जनपद में सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहॅुचाने में रोड़ा न बनें बल्कि फेसिलिटेटर्स की भूमिका निभाते हुए उनकी हर सम्भव मदद करें। मुख्य विकास अधिकारी अनुनय झा ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह बीएसए एवं एबीएसए से समन्वय स्थापित कर अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों का जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीपीआरओ को भी निर्देशित किया कि स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों के साथ-साथ पंचायतघरों को सुसज्जित कराया जाए। बैठक में अन्य योजनाओं समेत खाद, बिजली, पेयजल, आपूर्ति के सम्बन्ध में भी अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया।

# 16 फरवरी को महाराजा सुहेलदेव जयंती



» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में 16 फरवरी को आयोजित होने वाले महाराजा सुहेलदेव जयंती समारोह की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि अखण्ड भारत का सपना देखने वाले सूर्य उपासक महाराजा सुहेलदेव की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। विश्व के इतिहास में महाराजा सुहेलदेव का महत्वपूर्ण संगठनकर्ता के रूप में किया गया कार्य आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

मुख्य विकास अधिकारी अनुनय झा ने बताया कि शासन के निर्देश पर 16 फरवरी बसन्त पंचमी के दिन महाराजा सुहेलदेव जयंती का आयोजन किया जाएगा। जयंती समारोह में प्रातः 09:30 बजे नुमाइश स्थित शहीद स्थल पर जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक एनएसएस, एससीसी, सिविल डिफेंस, स्काउट वालिंटियर्स की मदद से कृष्णांजलि नाट्यशाला में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर कोविड हैल्प डेस्क की स्थापना करने के निर्देश दिये। सीडीओ ने डीआईओएस एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को महाराजा सुहेलदेव जी के शौर्य एवं बलिदान एवं भारत के गौरवशाली इतिहास की महान विभूतियों, स्वतंत्रता संग्राम के नायकों समेत प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी कराए जाने के भी निर्देश दिये हैं। लखनऊ, बहराइच में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 05
नई दिल्ली, शनिवार 13 फरवरी 2021


संक्षिप्त समाचार

## नेताओं ने किया मकान बचाओ समिति का समर्थन

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। मकान बचाओ समिति के प्रधान कमल शर्मा, सलाहकार अविनाश चंद्र धवन, वरिष्ठ उपप्रधान रमन शर्मा, उपप्रधान होशियार सिंह, शिवकरण राणा, कोषाध्यक्ष संजीव शर्मा, जनरल सेक्टरी कप्तान सिंह, युवा नेता सुमित शर्मा, केवल सिंह भंगारी, जनक धीमान, राजकुमार मित्तल, दुर्योधन राणा, रोहित यदुवंशी, रविंद्र ठाकुर के योगदान से एडवाइजर कमेटी और हाउसिंग बोर्ड की बैठक से पहले भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और हाउसिंग बोर्ड कमेटी के डायरेक्टर प्रेम कौशिक और एडवाइजरी कमेटी के मेंबर रघुबीर लाल अरोड़ा द्वारा रिपोर्ट बनाई गई जिसमें मकान बचाओ समिति के अधिकतर पॉइंट डाले गए। यह रिपोर्ट भारतीय जनता पार्टी के लेटर हेड पर गवर्नर साहब के पास गई और रघुवीर अरोड़ा द्वारा एडवाइजरी कमेटी में पूरी रिपोर्ट पढ़ी गई। इसका पूर्ण समर्थन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन, प्रदेश अध्यक्ष अरुण सूद, पूर्व सांसद सतपाल जैन द्वारा किया गया। जल्द ही दिल्ली सलूशन पर कमेटी गठित करने का प्रस्ताव पास हुआ और तब तक हाउसिंग बोर्ड वासियों को किसी भी तरह की दिक्कत ना हो इस पर जोर दिया गया।

## रैपर बादशाह के प्रमोटर को हाईकोर्ट से मिली राहत, मुंबई पुलिस द्वारा भेजा गया नोटिस रद्द

चंडीगढ़। मशहूर रैपर बादशाह के एक गाने को यू-टयूब पर बेतहाशा व्यू मिलने के मामले में उनके ऑनलाइन प्रमोटर लविश कथूरिया को हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने इस मामले में मुंबई पुलिस द्वारा भेजे नो टिस को रद्द कर दिया। दरअसल, बादशाह का एक गाना यू-टयूब पर रिलीज हुआ था, जिसके एक ही दिन में बेतहाशा व्यू हो गए थे। मुंबई पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें कहा गया था कि कई लोगों ने सोशल प्लेटफॉर्म्स का गलत इस्तेमाल कर फर्जी पहचान के साथ यह व्यू बढ़ाये थे। लविश कथूरिया के एडवोकेट ने बताया कि इस मामले में बादशाह आरोपी है। उन्होंने यह बयान दे दिया था कि उन्होंने इस मामले में लविश कथूरिया से संपर्क किया था जोकि सोनी म्यूजिक के साथ जुड़ा हुआ है। इसके बाद मुंबई पुलिस ने लविश कथूरिया को नोटिस भेज दिया था, जिसे चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि उनके खिलाफ पुलिस ने बिना किसी ठोस सबूत के यह नोटिस भेज दिया है। मुंबई पुलिस ने उन्हें सीआरपीसी की धारा-160 के तहत यह नोटिस भेजा है। इस धारा के तहत पुलिस सिर्फ अपने थाना क्षेत्र में रह रहे किसी आरोपी को नोटिस भेज सकती है, जबकि वह तो मुंबई में ही नहीं रहता है बल्कि वह श्री मुक्तसर साहिब में रहता है। अब हाईकोर्ट ने सभी तथ्यों को देखने के बाद लविश को राहत दे दी। साथ ही मुंबई पुलिस को यह छूट भी दी है कि वह अगर याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई करना चाहती तो तय कानूनी प्रावधान के तहत ही कर सकती है।

## चंडीगढ़ की युवती से गैंगरेप मामले में सात आरोपी गिरफ्तार, छठा आरोपी नाबालिग


सुंदरनगर। हिमाचल के मंडी जिले के सुंदरनगर में चंडीगढ़ की युवती से गैंगरेप मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि छठा आरोपी नाबालिग है, उस डिटेन किया गया है। कुल 8 आरोपियों में से सात की गिरफ्तारी हो चुकी है। नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पीड़ित युवती हिमाचल के बिलासपुर जिले की रहने वाली हैं, वहां चंडीगड़ में नौकरी करती है। सभी आरोपी सुंदरनगर के शहरी क्षेत्र और आसपास से हैं। इन सभी आरोपियों की उम्र 19 से 22 वर्ष के बीच है, जबकि नाबालिग की उम्र 17 साल है। यह सभी अभी स्टूडेंट्स हैं, कोई होटल मैनेजमेंट, कोई इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस ने इन पांचों को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपियों में रजत कुमार (19) निवासी अम्बेडकर नगर, सूर्या (18) निवासी धनोटू, तिक्षित सेन (19) निवासी रसमाई, ईशान गुप्ता (19) निवासी नजदीक टेस्ट हाउस चौक, साहिल खान (22) निवासी बनायक से है, जबकि एक नाबालिग आरोपी की उम्र 17 साल है, जो सोलन जिले से है। पुलिस ने युवती के साथ घटनास्थल का दौरा कर वहां से सबूत जुटाए है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और घटना के दौरान इस्तेमाल की गई गाड़ी के मालिक की जांच कर रही है। पीड़ित युवती की ओर से बीते 6 फरवरी को चंडीगढ़ के मनीमाजरा स्थित पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। इसमें 8 युवकों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया गया है। युवती अपने दोस्त के साथ 3 फरवरी को मनाली घूमने गई थी। वापसी में वह सुंदरनगर उतर गई। यहां उसका एक पुराना दोस्त मिल गया, जो लड़की को अपने साथ ले गया। फिर शराब के नशे में दोस्तों के साथ उससे दुष्कर्म किया।

## नाबालिग के गर्भ से चार सप्ताह का भ्रूण कहां गया, पड़ताल सीआईडी करेगी

शिमला। नाबालिग के गर्भ से चार सप्ताह का भ्रूण कहां गया, इसकी पड़ताल सीआईडी करेगी। हिमाचल हाईकोर्ट ने मंडी जिले के मामले की जांच का जिम्मा सीआईडी को सौंपकर जल्द रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। मामले में शक के आधार पर गिरफ्तार किए युवक को अदालत ने जमानत दे दी है। मिली जानकारी के मुताबिक अक्टूबर-2020 में नाबालिग के पेट दर्द हुआ, तब वह मां के साथ जांच के लिए अस्पताल गई। जांच के दौरान नाबालिग के गर्भवती होने की बात सामने आई। अल्ट्रासाउंड में गर्भ में चार से आठ सप्ताह का भ्रूण मिला। डॉक्टरों ने नाबालिग के गर्भवती होने की बात उसकी मां को बताई थी। मां ने बेटी से पूछताछ की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। हालांकि, शक के आधार पर मां ने युवक के विरुद्ध पुलिस के पास शिकायत दी। इसके बाद पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने जब दोबारा स्वास्थ्य संस्थान में नाबालिग की मेडिकल जांच हुई, तब भ्रूण नहीं मिला। पहली बार जांच करने वाले डॉक्टर इस बात से हैरान थे। रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस भी हैरान हो गई। पुलिस के समक्ष भी नाबालिग ने युवक पर कोई आरोप नहीं लगाए थे। पुलिस को 60 दिन के अंदर कोर्ट में चालान पेश करना था। जांच में पुलिस को कुछ नहीं मिला तब क्लोजर रिपोर्ट तैयार हुई। लेकिन आरोपी युवक को जमानत नहीं मिली और वह जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचा। अब युवक को जमानत मिल गई है, मगर नाबालिग के पेट से भ्रूण कहां, कैसे गायब हो गया, पुलिस इस बात का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई।

# एमसीएम की आइआइसी ने आयोजित किया डिजाइन थिंकिंग एन्ड वैलिडेशन तथा बिजनेस मॉडल कैनवास पर सत्र

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। अपने विद्यार्थियों के मध्य नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वुमन के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आइआइसी) ने ह्यडिजाइन थिंकिंग एंड वैलिडेशन ऑन डबल डायमंड एप्रोचह्न पर एक ऑनलाइन इंटरैक्टिव सेशन और ह्यबिजनेस मॉडल कैनवासह्न पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। डिजाइन थिंकिंग और वैलिडेशन सेशन का संचालन एमसीएम के आइआइसी के इनोवेशन एम्बेसडर डॉ पूर्णिमा भंडारी ने किया। सत्र में लगभग 261 छात्राएं एवं संकाय सदस्य शामिल हुए जिन्हे सत्र के दौरान डिजाइन थिंकिंग और नवाचार की अवधारणा से परिचित कराया गया। डॉ भंडारी ने उपयुक्त उदाहरणों के माध्यम से डिजाइन थिंकिंग के पांच चरणों पर विस्तार से चर्चा की। डिजाइन वैलिडेशन और वैलिडेशन के बीच अंतर और डिजाइन थिंकिंग एन्ड वैलिडेशन का अभ्यास करने के लिए प्रसिद्ध मॉडल- डबल डायमंड दृष्टिकोण पर भी सत्र के दौरन चर्चा की गयी। बिजनेस मॉडल कैनवस पर आयोजित कार्यशाला का संचालन एमसीएम के वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ मनिका कोहली ने किया। इस ऑनलाइन कार्यशाला में 108 से अधिक छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यशाला के दौरान व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से व्यवसाय योजना लिखने की कला से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। व्यवसाय के प्रस्ताव की प्रस्तुति से लेकर संभावित निवेशकों, बिजनेस मॉडल कैनवास के विभिन्न घटकों पर चर्चा के साथ साथ कार्यशाला में प्रतिभागियों को एक बिजनेस मॉडल कैनवास तैयार करने का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने इस तरह के प्रयासों के माध्यम से युवाओं में नवाचार और उद्यमिता संस्कृति को अग्रसर करने के लिए आइआइसी की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवाचार और उद्यमशीलता आत्मानिभर भारत के सपने को साकार करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं तथा इस प्रकार के आयोजन वर्तमान समय में प्रासंगिक हैं।

## साहू चौपाल चंडीगढ़ की मासिक बैठक में 105 परिवारों के फॉर्म भरे: सुनील गुप्ता



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। साहू चौपाल चंडीगढ़ कार्यालय हाउस नंबर 1546 स्माल फ्लैट धनास में साहू चौपाल चंडीगढ़ के की बैठक हुई बैठक में मंथली मीटिंग और मासिक सदस्यता शुल्क के विषय में फैसला लिया गया। मंथली मीटिंग माह के आखिरी रविवार को करने का निश्चय किया गया। मीटिंग में उपस्थित साहू चौपाल चंडीगढ़ के संरक्षक के संरक्षक सुनील गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष मोहन कुमार साहू, राष्ट्रीय सचिव बसंत लाल गुप्ता गुप्ता, प्रदेश महासचिव देवी प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गुप्ता, कार्यालय सचिव धीरज गुप्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने साहू चौपाल चंडीगढ़ को और मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वह जनगणना फॉर्म भरने का वादा किया।

## सफल रहा किसानों के समर्थन में कांग्रेस का हल्ला बोल : दीपक शर्मा

**धर्मशाला।** किसान आंदोलन के समर्थन में पूरे प्रदेश में ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन सफल रहा।जिस तरह से जनता का समर्थन मिल रहा है उससे यह बात साफ है कि हिमाचल प्रदेश की जनता आंदोलनकारी किसानों के साथ है।यह प्रतिक्रिया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता दीपक शर्मा ने आज दी।उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को अपने ब्लॉक स्तर पर इन विरोध प्रदर्शनों के आयोजन के निर्देश दिए थे जिसके चलते यह आयोजन सफलता के साथ आयोजित हुए।कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब पूरी सक्रीयता के साथ सँघर्ष के लिए तैयार है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के आयोजनों का यह प्रथम चरण था।दूसरे चरण में आगामी 20 फरवरी को किसान आंदोलन के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा पद यात्रा के साथ जिला स्तरीय रैलियों का आयोजन किया जाएगा।दीपक शर्मा ने कहा कि जिस तरह से ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने पूरी सक्रीयता के साथ आयोजन किए उसी तरह अब जिला स्तर के आयोजन भी पूरी सक्रीयता के साथ किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह राठौर ने सभी जिला के प्रभारी उपाध्यक्ष एवम महासचिवों को निर्देश दिए हैं।

## चंडीगढ़ ने पेश की स्वच्छ और हरित ऊर्जा के स्टार्टअप का उदाहरण

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। पर्यावरण को बचाने के लिए ईंधन संरक्षण बहुत जरूरी है, जो हमारे पैसे, पर्यावरण और स्वास्थ्य को बचाएगा। पेट्रोलियम संरक्षण की तीव्र आवश्यकता के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता लाने के लिए महीने भर चलने वाला अभियान सक्षम 2021 सोमवार को यहाँ महात्मा गांधी स्टेट इंस्टिच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, सेक्टर 26 में समाप्त होगा।

इस बीच, चंडीगढ़ ने स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में इस तरह की पर्यावरण परियोजनाओं में हमेशा एक मिसाल कायम की है। फोर्ब्स की ह्य30 अंडर 30ह्न एशिया सूची में, चंडीगढ़ के सिमरप्रीत सिंह के हार्टेक सोलर का विकास और घरों में अनुकूलित रूफटॉप सोलर किट विकसित करने और उन्हें वितरित करने में मदद करता है ताकि वे अपनी बिजली पैदा कर सकें।

कंपनी कस्टमाईज-प्लग-एंड-प्ले ह्नआवासीय छत सौर किट ऊर्जा क्षेत्र में संभावित गेम-चेंजर हैं।

पिछले दो वर्षों में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश में 500+ निवासों में स्थापित, इन कस्टमाईज रूफटॉप सौर किटों ने उपभोक्ताओं को अपनी टिकाऊ, स्वच्छ और सस्ती बिजली पैदा करने और अपने बिजली के बिल को शून्य करने में सक्षम बनाया है।।

न्यूनतम रखरखाव लागत के अलावा, ग्राहक इन-हाउस ऐप द्वारा समर्थित रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करके इन रूफटॉप सोलर किटों के माध्यम से उत्पन्न ऊर्जा की निगरानी कर सकते हैं। कंपनी ने 1,500 मेगावाट से अधिक की सौर परियोजनाओं को ग्रिड से जोडे और 25 मेगावाट की छत पर सौर परियोजनाओं को निष्पादित करने का दावा किया है।

जबकि यह पर्यावरण के अनुकूल है, अपने कुछ उपभोक्ताओं के लिए, बिजली के बिल नकारात्मक में गिरने लगे हैं।

अन्य कहते हैं कि छत के सोलर किट को स्थापित करने के तीन महीनों के भीतर उनके बिल कैसे शून्य हो गए हैं।

सौर ऊर्जा की पीढ़ी और बचत की निगरानी के लिए उनके रूफटॉप सोलर किट की एक अन्य प्रमुख विशेषता रिमोट सेंसिंग तकनीक है।

## हरियाण में मौसम का मिजाज बदला, कई क्षेत्रों में छाई धुंध

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण मौसम मिजाज बदल गया। प्रदेश के कई क्षेत्रों में सुबह के समय गहरी धुंध छाई रही। इसके कारण सड़कों पर वाहन धीमी गति से चलते दिखाई दिए। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में 16 फरवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के चलते देश के पहाड़ी इलाकों में भारी हिमपात हुआ। इसके कारण प्रदेश के मैदानी इलाकों में सुबह के समय घनी धुंध छाई और तापमान में भी मामूली गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि फरवरी में तीसरी बार और घनी गहरी धुंध पड़ी है। सूर्यादय के समय दृश्य क्षमता 20 मीटर से भी कम रही। आगे 14 फरवरी तक धुंध पड़ने की संभावना है। धुंध के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा और 16 फरवरी तक मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण 12 व 13 फरवरी को बीच-बीच में बादल, तेज हवा चलने और दिन के तापमान में हल्की कमी रहने की संभावना है, लेकिन 14 से 16 फरवरी के बीच मौसम साफ व खुश्क रहने की संभावना है।

## आईआईएम कोलकता ने एडलिप एजुकेशन लीडर्स प्रोग्राम फॉर टीचर्स एंड एजुकेटर्स की घोषणा की

» मदरलैंड संवाददाता

शिमला। देश के शीर्ष मैनेजमेंट स्कूलों में से एक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम), कोलकता ने इंटरैक्टिव ऑनसाइट शिक्षा में अग्रणी ह्यूज ग्लोबल एजुकेशन के साथ टीचर्स और एजुकेटर्स के लिए अपने नए लीडरशिप प्रोग्राम, एडलिप की घोषणा की है। इस पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन प्रोग्राम को स्कूल के लीडर्स, एकेडेमिशियंस और एंटरप्रेन्योर्स को स्कूलों के निर्माण और नेतृत्व को मजबूत बनाने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्रोग्राम आईआईएम-कोलकता में प्रख्यात फैकल्टी द्वारा बनाया गया, जिसे ह्यूज इंटरैक्टिव पर नए पाठ्यक्रमों को शिक्षार्थियों तक डायरेक्ट-टू-डिवाइस मोड में ऑनसाइट लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। ह्यूज प्लेटफॉर्म ऑनलाइन और फैकल्टी मेम्बर्स के साथ लाइव इंटरैक्शन के संयोजन के साथ, नवीनतम तकनीक को क्लासरूम शिक्षण को मूल रूप से एकीकृत करता है, जिसे शिक्षार्थी और उपयोगकर्ता कहीं से भी एक्सेस कर सकते हैं। नए कोर्स की घोषणा करते हुए, प्रोग्राम डायरेक्टर्स प्रो. विपुल माथुर और प्रो. प्रज्ञानरथ ने कहा कि हम ह्यूज ग्लोबल एजुकेशन के साथ अपनी तरह के पहले एजुकेशन लीडरशिप कोर्स के रोलआउट की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। ह्यूज ग्लोबल एजुकेशन के वरिष्ठ निदेशक अनुराग बंसल ने कहा कि हम शिक्षकों और अकादमिक प्रोफेशनल्स के लिए इस उन्नत नेतृत्व पाठ्यक्रम को शुरू करने के लिए आईआईएम कोलकता के साथ सहयोग करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। ह्यूज ग्लोबल एजुकेशन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सीनियर एजुकेटर्स देश में कहीं भी ऑनलाइन डिलीवरी का उपयोग करते हुए हाई क्वॉलिटी कंटेंट तक पहुंच सकते हैं। साथ ही इस अवसर पर प्रोग्राम के माध्यम से जुडकर देश में हर स्तर की स्कूल एजुकेशन में लीडरशिप क्षमताओं को बढ़ाने में सहयोग कर सकते हैं।

# एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स ने स्टर्लिंग रिजर्व ब्लेंड 7 गेमिंग पैक के लॉन्च की घोषणा की

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। न्यू नॉर्मल के आने से गेमिंग का नया ट्रेंड आ गया है और बदले हुए ट्रेंड का जश्न मनाने के लिये एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स प्रा. लि. (एबीडी) ने अपनी प्रीमियम पेशकश स्टर्लिंग रिजर्व ब्लेंड 7 के लिये एक लिमिटेड एडिशन गेमिंग पैक लॉन्च किया है। बिलकुल नया यह पैक अपने प्रकार का पहला है और एक खोजपरक इंटरफेस के माध्यम से इसे बोर्ड गेम का शानदार अनुभव देने के लिये बनाया गया है। मोनोकार्टन के भीतर मल्टी-प्लेयर बोर्ड गेम्स प्रिंट किये गये हैं और इसमें पासे तथा मोहरों का एक सेट भी है, जिनसे गेम्स खेले जा सकते हैं। ग्राहक बोर्ड गेम के तीन अलग विकल्पों में से चुन सकते हैं- लूडो, जंगल सफारी और ट्रेजर आइलैण्ड। द स्पिरिट्स बिजनेस अवार्ड्स 2020 में बेस्ट न्यू मार्केटिंग कैम्पेन के लिये अपनी जीत के बाद स्टर्लिंग रिजर्व 'चेस द नेक्स्ट' की अपनी मूल फिलोसफी के अनुसार चल रहा है और इस बेहतरीन लिमिटेड-एडिशन गेमिंग पैक से अपना दायरा बढ़ा रहा है। यह पैक हर उत्सव में आनंद और मनोरंजन लाने के लिये बना है।अनुभव को और बेहतर बनाने के लिये, स्टर्लिंग रिजर्व ब्लेंड 7 ने एक कदम आगे बढ़कर एक क्यूआर कोड शामिल किया है, जिसे स्कैन कर स्टर्लिंग रिजर्व गेमिंग प्रोजेक्ट तक पहुँचा जा सकता है, जो ऑनलाइन गेम्स का एक इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म है। इस अनोखे प्लेटफॉर्म के माध्यम से ब्राण्ड ने लिमिटेड एडिशन के कॉन्सेप्ट का विस्तार किया है और मोबाइल गेमिंग के बढ़ती रूचि वाले क्षेत्र में कदम रखा है। इस्तेमाल में आसान यह वेब-एप्प यूजर्स को अपने दोस्तों के साथ गेम्स खेलने और प्राइवेट तथा ग्लोबल लीडरबोर्ड पर मुकाबला करने की अनुमति देता है। लिमिटेड-एडिशन पैक पर अपनी बात रखते हुए एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स प्रा. लि. के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनुपम बोके ने कहा, हम समझते हैं कि लोग अपने दोस्तों और परिवारों के साथ जुड़ने और आनंद के छोटे-छोटे पलों को संजोने के अनोखे तरीके तलाश रहे हैं। स्टर्लिंग रिजर्व ब्लेंड 7 जश्न मनाने का साधन रहा है और हमारा लिमिटेड-एडिशन गेमिंग पैक हर किसी को 'गेम' खेलते हुये एक मजेदार शाम का आनंद उठाने का मौका देगा! हमारे ब्लेंड और टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम हर जश्न को बेहतर बनाने के नये तरीके देना चाहते हैं। विज्ञापन और प्रभाव की ताकत का इस्तेमाल कर एबीडी अपना संदेश रचनात्मक तरीके से देने के लिये तैयार है और यह माइक्रो-इंफ्लूएंसर प्रोग्राम्स, मॉडर्न ट्रेड में नये पैक्स के इनोवेटिव इंस्टॉलेशंस और चुने गये इंफ्लूएंसर्स के बीच इंस्टाग्राम पर लाइव प्ले-ऑफ द्वारा ब्राण्ड की आवाज को बुलंद करेगा। लिमिटेड एडिशन 750एमएल के आकार में उपलब्ध होगा।

## पेप्सिको इंडिया ने लॉन्च किया माउंटेन ड्यू आईस

» मदरलैंड संवाददाता




सोनीपत। गर्मियों का मौसम आने से पहले पेप्सिको इंडिया रणनीतिक तौर पर अपने बेवरेज पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है और इसके लिए कंपनी ने ताजगी से भरपूर लेमन जूस पर आधारित बेवरेज माउंटेन ड्यू आइस लॉन्च किया है। भारतीय स्वाद के हिसाब से विकसित किया गया मेड फॉर इंडिया माउंटेन ड्यू आइस बेवरेज कैटेगरी में पेप्सिको इंडिया के इनोवेशन के सफर में एक अहम पड़ाव है।

पेप्सिको इंडिया की ओर से किए गए व्यापक उपभोक्ता रिसर्च में पाया गया कि भारतीय ग्राहक एक पंच के साथ लेमन फ्लेवर को काफी पसंद करते हैं और अपने लिए ऐसे बेवरेज ही चाहते हैं जिसमें लेमन यानी नींबू का असली स्वाद मिल सके।

माउंटेन ड्यू आईस लॉन्च करने के बारे में विनीत शर्मा, कैटेगरी डायरेक्टर- माउंटेन ड्यू एंड स्टिंग, पेप्सिको इंडिया ने कहा कि माउंटेन ड्यू आइस को लॉन्च करना महत्वपूर्ण उपलब्धि है और बेवरेज कैटेगरी इनोवेशन की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। माउंटेन ड्यू आइस ग्राहकों के लिए दोहरे फायदे लेकर आता है- बबल्स और फिज का मजा और जूस की खूबियां।

यह इनोवेशन व्यापक ग्राहक शोध पर आधारित है और पसंद के बेवरेज लोगों तक पहुंचाने की महत्वाकांक्षा के मुताबिक है।

उन्होंने कहा कि माउंटेन ड्यू आइस ऐसा बेवरेज है जिसे खास तौर पर भारत के लिए बनाया गया है। माउंटेन ड्यू दशकों से लोगों के बीच लोकप्रिय रहा है, हमें पूरा भरोसा है कि लोग नए माउंटेन ड्यू आइस को भी पसंद करेंगे और इसे भी उतना ही प्यार देंगे जितना माउंटेन ड्यू को वर्षों से मिलता रहा है।

# मोरपैन लैब्स की मल्टी बिलियन डॉलर की ग्लोबल मार्केट पर नजर

- **वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 120 फीसदी और वित्त वर्ष 2020-21 के पहले 9 महीने का शुद्ध लाभ 212 फीसदी बढ़ा**

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। मोरपैन लेबोरेटरीज लिमिटेड एक नए मल्टी बिलियन डॉलर के एपीआई (एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रेडिएट्स) बाजार पर नजर बनाए हुए हैं। कंपनी ने अपने बल्क ड्रग्स के पोर्टफोलियो में नए मॉलिक्यूल्स जोड़े हैं। इन नए मॉलिक्यूल्स का प्रमुख फोकस डायबिटीज और हाइरपटेंशन के साथ-साथ बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रोल, न्यूरोलॉजी और मानसिक रोगों जैसी बीमारियों पर है। अगले पांच-छह सालों में इन नए मॉलिक्यूल्स का ग्लोबल पेटेंट खत्म हो रहा है। वर्तमान में इन नए मॉलिक्यूल्स पर शोध और विकास कार्य अग्रसर है। अगले 24 से 36 महीनों में ये मॉलिक्यूल्स अलग-अलग चरणों में अपनी भूमिका निभाने के लिए आगे आएंगे।

मोरपेन लैबोरेटीरीज लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री सुशील सूरी ने वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों की शुक्रवार को हुई बोर्ड मीटिंग के बाद यह खुलासा किया। कंपनी इन सभी पूर्व कथित प्रमुख क्षेत्रों में जबर्दस्त नए प्रॉडक्ट्स की लॉन्चिंग के साथ अपने पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने की तेजी से तैयारी कर रही है। कंपनी के ये सभी प्रॉडक्ट्स अगले तीन-चार सालों में घरेलू बाजार के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी लॉन्च किए जाएंगे। कंपनी शोध एवम विकास और नए प्रॉडक्ट ब्लॉक्स बनाने पर भी काफी तेजी से निवेश कर रही है। इसी के साथ कंपनी इन नए मॉलिक्यूल्स का उत्पादन करने के लिए अतिरिक्त क्षमता भी विकसित कर रही है।

श्री सूरी ने कहा कि सरकार द्वारा केंद्रीय बजट में फार्मास्युटिकल और हेल्थकेयर सेक्टर में अनुसंधान एवम विकास के लिए निवेश बढ़ाने और दूसरे आधारभूत विकास कार्य को बढ़ावा दिए जाने से उत्साहित होकर बद्दी में स्थित एपीआई दिग्गज ने एक दीर्घकालीन बैकवर्ड और फॉरवर्ड इंटिग्रेशन प्रोग्राम बनाया है, जिससे साल-दर-साल के आधार पर कंपनी की बिक्री और मुनाफे में लगातार बढ़ोतरी होगी।




बेहतर मुनाफे की दर की मदद से मोरपैन लब्स ने टैक्स के बाद शुद्ध लाभ (समेकित) में 120 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में यह 23.79 करोड़ रुपये रहा। 31 दिसंबर 2020 को समाप्त हुए नौ महीने की अवधि के लिए शुद्ध लाभ 70.33 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में इसमें 212 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इन नौ महीनों में प्रति शेयर की कमाई (ईपीएस) 1.56 रुपये रही, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 50 पैसे थी।

वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में शुद्ध राजस्व (समेकित) 32 फीसदी बढ़कर 310.26 करोड़ रुपये रहा और 31 दिसंबर 2020 को समाप्त हुई नौ महीने की अवधि के दौरान शुद्ध राजस्व 39 फीसदी बढ़कर 909.36 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2020-21 की पिछली दो तिमाही में बल्क ड्रग्स (एपीआई) और डायग्नोस्टिक्स डिवाइसेज की बिक्री में लगातार और उल्लेखनीय बढ़ोतरी के चलते यह वृद्धि संभव हो पाई। फॉम्युर्लेशंस और ओटीसी प्रॉडक्ट्स की बिक्री के क्षेत्र में भी स्थिर उछाल दर्ज किया गया।

वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में ईबीआईडीटीए (एइकऊळअ) में 64 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और यह 32.63 करोड़ रुपये रहा, जबकि इस अवधि में नकद लाभ 62 फीसदी बढ़कर 31.37 करोड़ रुपये हो गया।

वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में एपीआई बिजनेस ने कंपनी की टॉपलाइन में 54 फीसदी का योगदान देकर अपनी बढ़त बरकरार रखी। इस तिमाही में एपीआई बिक्री राजस्व 25 फीसदी बढ़कर 165.03 करोड़ रुपये हो गया।

एपीआई सेग्मेंट में चार प्रमुख प्रॉडक्ट्स, लोराटाडीन, मोंटेलुकास्ट, अटोरवास्टेटिन और रासुवास्टेटिन ने कंपनी की टॉपलाइन में 143.72 करोड़ रुपये का योगदान दिया और इनमें पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के मुकाबले 25 फीसदी की उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# संयुक्त राष्ट्र संघ पुनर्गठन की आवश्यकता

**संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्माण के समय यह लक्ष्य तय किया गया था कि एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व में पैदा होने वाले अन्तर देशीय तनाव और परस्पर युद्धों को रोकने के लिए, परमाणु अस्त्रों के प्रसार को रोकने के लिए, विश्व के सम्पूर्ण विकास और प्रगतिशील विश्व बनाने के लिए, कारगर भूमिका अदा करेगा। परन्तु संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के लगभग 75 वर्ष के बाद आज यह महसूस हो रहा है कि यूरोप अपने बड़े लक्ष्यों को हासिल करने में लगभग पिछड़ रहा है। यू.एन.ओ. और सुरक्षा परिषद ताकतवर देशों की मनमानी और दादागिरी पर कोई रोक नहीं लगा सका है। यू.एन.ओ. की स्थापना के लगभग 44 साल तक दुनिया दो ध्रुवीय थी तात्पर्य दुनिया दो महाशक्तियों या विश्वशक्तियों में बँटी थी। एक तरफ रूसी खेमा था और दूसरी तरफ अमेरिकी खेमा। इस खेमेबंदी के कुछ दुष्परिणाम थे और उसमें से एक यह था कि संयुक्त राष्ट्र संघ सामूहिक उ×रदायित्वों और न्याय की संस्था के बजाय गुटीय हितों की पूर्ति की संस्था बन गई।**

» रघु ठाकुर

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई थी, उसके पहले प्रथम विश्व युद्ध के समय लीग ऑफ नेशन्स के नाम की संस्था बनी थी। परन्तु द्वितीय विश्व युद्ध के बाद मित्र राष्ट्रो ने अपनी जीत का लाभ उठाकर संयुक्त राष्ट्र संघ के नाम से वैश्विक संस्था खड़ी की तथा दुनिया की सुरक्षा के नाम पर यू.एन.ओ. की सुरक्षा परिषद में 5 देशों अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस ने वीटो का अधिकार अपने पास रख लिया। उस कालखण्ड की वैश्विक बनावट में उन्हें यह आसान भी रहा क्योंकि रूस मित्र राष्ट्रों के सहयोगी में से एक था और 1917 में बोलसेविकस क्रांति के बाद का साम्यवादी रूस लगभग अमेरिका के समकक्ष विश्व शक्ति था। चीन एक मजबूत साम्यवादी देश के रूप में शक्तिशाली होकर उभरा था। जिन पाँच देशों को सुरक्षा परिषद में वीटो पॉवर दिया गया उनमें 3 देश यूरोप के थे, याने ब्रिटेन, फ्रांस और रूस तथा अमेरिका भी यूरोपीय नस्ल शासित देश था। द्वितीय विश्व युद्ध में भी उसकी बड़ी भूमिका थी और जापान पर अणुबम के हमले के बाद उसकी शक्ति एक मजबूत ताकत के रूप में स्थापित हो गई थी। याने यूरोप और यूरोपीय नस्ल के बाहर का एक मात्र देश जो सुरक्षा परिषद में वीटो पॉवर हासिल कर सका वह चीन था। संभव है कि, चीन को शामिल करना इन अन्य देशों की लाचारी हो या फिर कोई दीर्घकालीन रणनीति हो। परन्तु उस समय दुनिया की आबादी लगभग 4 अरब थी उसमें से केवल लगभग 1 अरब की आबादी के स×ाधीशों के पास वीटो पॉवर था तथा तीन अरब की आबादी इस नवगठित संयुक्त राष्ट्र संघ में सम्पन्न और ताकतवर देशों की पिछलग्गू बना दी गई थी।

संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्माण के समय यह लक्ष्य तय किया गया था कि एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ विश्व में पैदा होने वाले अन्तर देशीय तनाव और परस्पर युद्धों को रोकने के लिए, परमाणु अस्त्रों के प्रसार को रोकने के लिए, विश्व के सम्पूर्ण विकास और प्रगतिशील विश्व बनाने के लिए, कारगर भूमिका अदा करेगा। परन्तु संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के लगभग 75 वर्ष के बाद आज यह महसूस हो रहा है कि यूरोप अपने बड़े लक्ष्यों को हासिल करने में लगभग पिछड़ रहा है।

यू.एन.ओ. और सुरक्षा परिषद ताकतवर देशों की मनमानी और दादागिरी पर कोई रोक नहीं लगा सका है। यू.एन.ओ. की स्थापना के लगभग 44 साल तक दुनिया दो ध्रुवीय थी तात्पर्य दुनिया दो महाशक्तियों या विश्वशक्तियों में बँटी थी। एक तरफ रूसी खेमा था और दूसरी तरफ अमेरिकी खेमा। इस खेमेबंदी के कुछ दुष्परिणाम थे और उसमें से एक यह था कि संयुक्त राष्ट्र संघ सामूहिक उ×रदायित्वों और न्याय की संस्था के बजाय गुटीय हितों की पूर्ति की संस्था बन गई। वीटो पॉवर का इस्तेमाल अपने अपने गुटीय हितों के इस्तेमाल के लिए किया जाता रहा। हालांकि इस गुटीय संतुलन से एक यह भी लाभ हुआ कि संयुक्त राष्ट्र संघ किसी एक शक्ति का नहीं बन सका था तथा कुछ गरीब और रंगीन दुनिया की तरक्की के लिए नीति बनाई गई थी जैसे कि विश्व बैंक ने दुनिया की सिंचाई की योजनाओं के लिए पैसा देना शुरू किया था। गरीब देशों के विकास केन्द्रों के लिए विश्व बैंक सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराता था तथा अनेकों विकासशील योजनाओं के लिए मदद भी करता था। परन्तु रूस के बिखराव के बाद दो ध्रुवीय दुनिया एक ध्रुवीय बन गई और रूस कमजोर हुआ तथा अमेरिका ही एक मात्र विश्व सम्राट जैसा व्यवहार करने लगा। विश्व बैंक की नीतियां बदल गई और संयुक्त राष्ट्र संघ ने यद्यपि शिक्षा-चिकित्सा-महिला सशक्तीकरण लैगिंक समानता, रंग भेद समाप्ति और जातीयता के विरूद्ध कुछ कार्यक्रम महिला बनाये परन्तु यह कार्यक्रम या तो प्रचार तक सीमित रहे या फिर केवल दिखावे तक सीमित रहे। अगर 2020 में अमेरिका में गोरे पुलिस अफसर सरे आम काले की हत्या करते है, अगर अमेरिका या ब्रिटेन या यूरोप के देश अपने ही देशो में रंग भेद को नहीं मिटा सके तो कहीं न कहीं यह इन देशों की नीयत की खोट है और संयुक्त राष्ट्र संघ की असफलता भी। कुछ मुद्दों को सम्पन्न देशों ने अपने व्यापारिक हितों के लिए इस्तेमाल किया। बाल श्रमिक जैसे महत्व पूर्ण मुद्दे को अमेरिका और यूरोप ने अपने आयात को कम करने के लिए इस्तेमाल किया।

हथियारों और विशेषतः परमाणु अस्त्रों के ऊपर नियंत्रण में भी संयुक्त राष्ट्र संघ असफल ही रहा है। वैसे तो परमाणु अप्रसार संधि की शुरूआत हुई और ऊपरी तौर पर परमाणु हथियारों को कम करने का लक्ष्य बताया गया परन्तु यह भी केवल दिखावे का खेल रहा। आज भी अमेरिका और रूस के पास परमाणु हथियारों का जखीरा है। अमेरिका ईरान पर परमाणु निर्माण पर रोक लगाना चाहता है और इस उद्देश्य के लिए परमाणु अप्रसार सन्धि के नाम पर आर्थिक प्रतिबन्धों का प्रयोग हथियार के रूप में करता है, परन्तु वही अमेरिका इजराइल के मामले में उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर लगभग चुप्पी साध लेता है।

कार्बन उत्सर्जन और ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन को लेकर संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल को स्वतः अमेरिका ने इसलिए नकार दिया कि अमेरिकी समाज अपने उपभोग के लिए सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करता है, तथा सहमति के हस्ताक्षर के बाद भी अमेरिका अपने वायदे और सन्धि से मुकर गया।

संयुक्त राष्ट्र संघ आर्थिक रूप से भी लाचार संस्था है, क्योंकि इसके भारी भरकम खर्चों की पूर्ति करने के लिए दुनिया के देश अपने दायित्व के अनुरूप आर्थिक सहभागिता नहीं करते और उस खर्च का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका उठाता है, और इसलिये वह यू.एन.ओ. को अपनी जेब में रखने का प्रयास करता है। चीन यद्यपि पिछले 3 दशकों में विश्व की बड़ी आर्थिक शक्ति बना है, और इसके पीछे भी अमेरिका की सोची समझी योजना रही है। क्योंकि अमेरिका को चीन और रूस के बजाय रूस बनाम चीन ज्यादा उपयुक्त समीकरण है। और अब जब अमेरिका चीन के आर्थिक सम्पन्नता और बोझ से मुक्ति पाना चाहता है तो संयुक्त राष्ट्र संघ उसके हाथ का खिलौना बन जाता है। वैश्विक संस्थाएं और उनकी उप संस्थाएं पैसा देने वालों की हित पूरक बन जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का प्रयोग चीन अपने हक में कर सका क्योंकि उसमें मुख्य आर्थिक सहभागिता चीन की थी। विकास के नाम को लेकर भी जो कल्पना संयुक्त राष्ट्र संघ ने की है वह बराबरी की नहीं है बल्कि एक प्रकार से वैश्विक पूँजीवाद का एजेन्डा संयुक्त राष्ट्र संघ आगे बढ़ाता है। आज दुनिया में युद्ध के स्वरूप बदले है। अब सीधे पारंपरिक हथियार युद्ध कम हुए है और प्राक्सीवार शुरू हुए है। प्राक्सीवार याने तकनीकी, राजनैतिक अस्थिरता, स×ा परिवर्तन, ग्रह युद्ध जैसी घटनाओं को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित करना। अब नव साम्राज्यवाद, नव सामंतवाद, नव पूँजीवाद और नव छद्म युद्ध का जमाना है।

**यह लेखक की निजी राय है**

---

## संपादकीय

# देश को इंदौर दिखाए रास्ता

इंदौर के कुछ प्रमुख व्यापारियों ने कल एक ऐसा काम कर दिखाया है, जिसका अनुकरण देश के सभी व्यापारियों को करना चाहिए। इंदौर के नमकीन और मिठाई व्यापारियों ने शपथ ली है कि वे अपने बनाए नमकीनों और मिठाइयों में किसी तरह की मिलावट नहीं करेंगे। वे इनमें कोई ऐसे घी, तेल और मसाले का उपयोग नहीं करेंगे, जो सेहत के लिए नुकसानदेह हो। यह शपथ मुंहजबानी नहीं है। 400 व्यापारी यह शपथ बाकायदा 50 रु. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी करवाकर ले रहे हैं। इन व्यापारियों के संगठनों ने घोषणा की है कि जो भी व्यापारी मिलावट करता पाया गया, उसकी सदस्यता ही खत्म नहीं होगी, उसके खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई भी होगी। व्यापारियों पर नजर रखने के लिए इन संगठनों ने जांच-दल भी बना लिया है लेकिन मप्र के उच्च न्यायालय ने जिला-प्रशासन को निर्देश दिया है कि किसी व्यापारी के खिलाफ थाने में रपट लिखवाने के पहले उसके माल पर जांचशाला की रपट को आने दिया जाए। एक-दो व्यापारियों को जल्दबाजी में पकड़कर जेल में डाल दिया गया था। नमकीन और मिठाई का कारोबार इंदौर में कम से कम 800 करोड़ रु. सालाना का है। इंदौर की ये दोनों चीजें सारे भारत में ही नहीं, विदेशों में भी लोकप्रिय हैं। इनमें मिलावट के मामले सामने तो आते हैं लेकिन उनकी संख्या काफी कम है। महिने में मुश्किल से 8-10 ! लेकिन इन संगठनों का संकल्प है कि देश में इंदौर जैसे स्वच्छता का पर्याय बन गया है, वैसे ही यह खाद्यान्न शुद्धता का पर्याय बन जाए। इंदौर के व्यापारी लगभग 50 टन तेल रोज वापरते हैं। इनमें से 40 व्यापारी अपने तेल को सिर्फ एक बार ही इस्तेमाल करते हैं। इस्तेमाल किए हुए तेल को वे बायो-डीजल बनाने के लिए बेच देते हैं। यदि सारे देश के व्यापारी इंदौरियों से सीखें तो देश का नक्शा ही बदल जाए। इंदौर के व्यापारियों ने अभी सिर्फ खाद्यान्न की शुद्धता का रास्ता खोला है, यह रास्ता भारत से मिलावट, भ्रष्टाचार और सारे अपराधों को लगभग शून्य कर सकता है। इसने सिद्ध किया है कि कानून से भी बड़ी कोई चीज है तो वह है- आत्म-संकल्प! देश के करोड़ों लोग शराब नहीं पीते, मांस नहीं खाते, व्यभिचार नहीं करते तो क्या यह सब वे कानून के डर से नहीं करते ? नहीं। ऐसा वे अपने संस्कार, अपने संकल्प, अपनी पारिवारिक परंपरा के कारण करते हैं। यदि देश के नेता और नौकरशाह भी स्वच्छता की ऐसी कोई शपथ ले लें तो इस देश की गरीबी जल्दी ही दूर हो जाएगी, भ्रष्टाचार की जड़ों में मट्ठा डल जाएगा और भारत महाशक्ति बन जाएगा।

---

# क्या इंग्लैंड को हल्के में लेने की भूल कर गई टीम इंडिया और अब कैसे होगी वापसी

**चेन्नई में हारने पर टीम इंडिया के खेलने और विराट की कप्तानी हर किसी पर सवाल खड़े होने लगे। माना जाने लगा कि विराट का प्लेइंग इलेवन सही से नहीं चुनना टीम इंडिया पर भारी पड़ा। शाहबाज नदीम की जगह अगर प्लेइंग इलेवन में कुलदीप यादव को शामिल किया जाता तो टीम इंडिया की ये दुर्गति नहीं होती। इसके साथ ही मैच में बाकि के गेंदबाजों ने जो प्रदर्शन किया वो भी इंग्लैंड की जीत की सबसे बड़ी वजह बना। भारतीय गेंदबाजों ने मैच के पहले दो दिन औसत दर्जे की गेंदबाजी। टीम इंडिया के गेंदबाज हर सेशन को लुटाते गए जिसकी वजह से इंग्लैंड मैच में हर समय आगे बना रहा। टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने भी सपाट पिच पर निराश किया। लेकिन ज्यादातर सवाल टीम के सेलेक्शन को लेकर उठे जिसपर जवाब देते हुए कप्तान कोहली ने उसे सिरे से नकार दिया।**

भारतीय टीम को 4 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड से करारी हार मिली है। चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट में इंग्लैंड ने सरप्राइज दे दिया और 227 रन से जीत हासिल कर अंग्रेज चार टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गए हैं। इस मैच में टीम इंडिया हर मोड़ पर फेल साबित हुई। बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर अहम मौके पर अपने नाम करना अंग्रेज हर समय टीम इंडिया से एक कदम आगे ही रहे। इंग्लैंड की टीम जब भारत दौरे पर आई थी उससे पहले ही टीम इंडिया की जीत और अंग्रेजों की हार के बारे में हर कोई बात कर रहा था। माना जा रहा था कि ऑस्ट्रेलिया में इतिहास रचने वाली टीम इंडिया तो इंग्लैंड को आसानी से हरा देगी। भारतीय टीम अपने ए टीम के साथ भी जीत सकती है तो बड़े खिलाड़ियों के वापसी के बाद टीम इंडिया के प्रदर्शन में और ज्यादा उछाल आएगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं और टीम इंडिया गलती कर गई लिहाजा भारतीय टीम को पहले टेस्ट मैच में करारी हार का सामना करना पड़ा। मैच में भारतीय टीम हर मौके पर परास्त हुई। टीम इंडिया के गेंदबाजों से लेकर बल्लेबाजों को मुंह की खानी पड़ी। चेन्नई के मैदान में टीम इंडिया का इस तरह हारना कई सवाल खड़े करता है। भारतीय टीम से यह सवाल है कि क्या वह इंग्लैंड को हल्के में लेने की कमी कर गया। पहले टेस्ट मैच में वह कौन से फैसले रहे जिन्होंने भारतीय टीम को बैकफुल पर ढकेला और अगले टेस्ट मैच में टीम इंडिया कैसे वापसी कर पाएगी।

### आखिर किस वजह से चेन्नई टेस्ट को टीम इंडिया ने गंवाया !

चेन्नई में हारने पर टीम इंडिया के खेलने और विराट की कप्तानी हर किसी पर सवाल खड़े होने लगे। माना जाने लगा कि विराट का प्लेइंग इलेवन सही से नहीं चुनना टीम इंडिया पर भारी पड़ा। शाहबाज नदीम की जगह अगर प्लेइंग इलेवन में कुलदीप यादव को शामिल किया जाता तो टीम इंडिया की ये दुर्गति नहीं होती। इसके साथ ही मैच में बाकि के गेंदबाजों ने जो प्रदर्शन किया वो भी इंग्लैंड की जीत की सबसे बड़ी वजह बना। भारतीय गेंदबाजों ने मैच के पहले दो दिन औसत दर्जे की गेंदबाजी। टीम इंडिया के गेंदबाज हर सेशन को लुटाते गए जिसकी वजह से इंग्लैंड मैच में हर समय आगे बना रहा। टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने भी सपाट पिच पर निराश किया। लेकिन ज्यादातर सवाल टीम के सेलेक्शन को लेकर उठे जिसपर जवाब देते हुए कप्तान कोहली ने उसे सिरे से नकार दिया। कोहली के मुताबिक ह्लहमें इस बात का बिलकुल भी पछतावा नहीं है। हमने मुकाबले में दो ऑफ स्पिनरों अश्विन और सुंदर को मौका दिया था। ऐसे में इन दोनों के साथ कुलदीप यादव को उतारना संभव नहीं था। अगर ऐसा करते तो फिर हमारे तीनों स्पिनर एक जैसे ही हो जाते। इसलिए तीसरे स्पिनर के तौर पर लेफ्ट आर्म स्पिनर को मौका दिया।



विराट की इन बातों को सुनकर यह कहा जा सकता है कि कप्तान को अपने टीम चयन पर कोई परेशानी नहीं है। लेकिन मैच में शाहबाज नदीम के आंकड़े गवाही देते है कि उनको इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से निशाना बनाया। शाहबाज नदीम ने पहले टेस्ट मैच में 4 विकेट लिए लेकिन उन्होंने 223 रन लुटाए।

इसके साथ ही अगर पहले टेस्ट मैच में कोई एक चीज सबसे ज्यादा खराब रही तो वो टीम इंडिया के उपकप्तान आजिंक्य रहाणे का फ्लॉप होना। नंबर 5 पर रहाणे जैसे बल्लेबाज को एक दीवार की तरह माना जाता है। भारतीय हालात में रहाणे से उम्मीद होती है कि वो मिडिल आर्डर में टीम की मजबूती बनें। लेकिन रहाणे चेन्नई टेस्ट में सिर्फ 1 रन ही बना पाएं।

रहाणे को लेकर इसके बाद सोशल मीडिया पर सवाल भी उठे। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने रहाणे पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि ह्लमेरा मुद्दा बल्लेबाज रहाणे हैं। उन्होंने मेलबर्न में शतक के बाद अच्छी पारी नहीं खेली। क्लास खिलाड़ी अपनी फॉर्म को जारी रखते हैं और आउट ऑफ फॉर्म खिलाड़ियों का भार उठाते हैं।

इसके बाद विराट कोहली ने रहाणे को लेकर बचाव किया। कोहली का साफ कहना था कि ह्लचेतेश्वर पुजारा के साथ अजिंक्य रहाणे हमारे लिए बहुत अहम टेस्ट बल्लेबाज हैं और वह ऐसे ही बने रहेंगे। हमें उनकी क्षमता पर विश्वास है और वह असरदार खिलाड़ी हैं। एमसीजी टेस्ट में उन्होंने सेंचुरी लगाई थी और टीम को जीत दिलाई थी। अभी बस एक टेस्ट हुआ और उसकी दो पारियां हुई हैं। आज वह आउट हुए, लेकिन पहली पारी में जो रूट ने उनका शानदार कैच लपका था, नहीं तो वह बाउंड्री होती और उनके खाते में रन होते और हम ये सब बातें नहीं कर रहे होते।

चेन्नई टेस्ट मैच में हार के बाद टीम इंडिया पर लगातार सवाल उठ रहे है लेकिन कप्तान कोहली का मानना है कि यह बस एक खराब मैच था और आगामी मुकाबलों में टीम इंडिया दमदार वापसी करेगी।

### चेन्नई में कैसे वापसी करेगी टीम इंडिया ?

चेन्नई टेस्ट मैच में टीम इंडिया को इस मैदान पर 22 साल बाद हार का सामना करना पड़ा था। यह मैदान भारत के लिए कई अच्छे तो कई बुरे मैचों की सौगात लेकर आया है। ऐसे में इस मैदान पर टीम इंडिया को अगले टेस्ट मैच में दमदार वापसी करनी है। इसके लिए अगर कुछ बदलावों या फिर कुछ अहम फैसलों की जरूरत पड़े तो टीम इंडिया को लेने से कतराना नहीं होगा।

चेन्नई टेस्ट मैच में टीम इंडिया को कुलदीप यादव को शामिल करने पर विचार करना चाहिए। कुलदीप भले ही विराट के मुताबिक सुंदर और अश्विन की तरह गेंदबाजी करते हो लेकिन चाईनामैन गेंदबाजी पर इंग्लिश टीम फंस सकती है। कुलदीप ने देश-विदेश में अपनी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को छंकाया है और अगर उन्हें चेन्नई में मौका दिया गया तो वो अपने आपको साबित करना होगा।

चेन्नई टेस्ट मैच में अगर टीम को कोई और उपाय करना है तो इस लिस्ट में रोहित शर्मा का नाम शामिल है जिन्हें अपने वनडे वाले स्टाइल से बल्लेबाजी करनी होगी। रोहित शर्मा तेजी से रन बनाने में महारथ हासिल करते है। ऐसे में उन्हें अपनी पारी की शुरूआत से ही गेंदबाजों पर हावी रहना होगा।

यह बात हर कोई जानता है कि एक बार अगर हिटमैन को अच्छी शुरूआत मिल जाएं तो वह उसे बड़ी पारी में तब्दील करना बेहद ही अच्छे तरीके से जानते हैं।

**- दीपक कुमार मिश्रा**

---

# माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही पर उठते सवाल...



**नईम कुरेशी**

माफियाओं के खिलाफ मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री अभियान चलवा रहे हैं जिसकी खास जरूरत भी लग रही थी। अरबों करोड़ों की सरकारी जमीनें दबंगों ने अतिक्रमण कर ली थीं। सियासी नेता के इशारों पर प्रशासनिक अमले की मदद से मिलावट तो चम्बल इलाके का एक बड़ा धन्धा बनता जा रहा है। 80 फीसद दूध, घी में मिलावट की शिकायतें भी मिलती रही थीं भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी से बना नकली मावा भोपाल, इन्दौर, दिल्ली तक सप्लाई किया जाता रहा है। कभी-कभी पकड़ा भी जाता रहा है पर ज्यादातर मिलावटियों व सरकारी तंत्र की मिलीभगत भी ओपन सीक्रेट माना जाता है। अभियान से कुछ फर्क पड़ता दिखाई दे रहा है पर ज्यादा नहीं।

उधर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का दावा है कि माफिया के खिलाफ अभियान प्रभावहीन है। न तो कोई माफिया जमीन में गाड़ा जा रहा है न टांगा जा रहा है। असल में माफियाओं को दोनों पार्टी भा.ज.पा. व कांग्रेस का खुला सपोर्ट देखा ही जाता है। चन्द गुर्जर व यादवों को जरूर इस अभियान से कुछ डरा दिखाई दिया है। चम्बल इलाके के मुरैना, भिण्ड में तो रेत लूटकर मौज मस्ती कर नाव घर चलाना आम बात हो चुकी है। इस काम में सियासतदां से लेकर आय.पी.एस. अफसरों तक को शामिल होता देखा जा रहा है। मुरैना के बानमौर इलाके में तो पिछले 7-8 साल पहले तक पत्थरों की लूट करने वाले ट्रेक्टर ट्रॉली वालों ने एक आय.पी.एस. तक की हत्या करने का साहस दिखा दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री तो शिवराज सरकार को नारों व जुमलेबाज बता रहे हैं।

### आय.पी.एस पर कार्यवाही

मध्य प्रदेश में चुनाव आयोग व आयकर मेहकमों की पहल पर प्रदेश डी.जी. व ए.डी.जी. स्तर के 4 पुलिस अफसरों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश करा देना भी म.प्र. में पहली बार बड़ी घटना है। इस मामले में अफसरानों ने मलाईदार पदों के लिए सत्ताधीशों को लाखों की रिश्वतें प्रान की थीं। मध्य प्रदेश को एक दौर में शांति का टापू प्रकाशचन्द्र सेठी व अर्जुन सिंह के जमाने में कहा जाता था पर आज ये सब कुछ नहीं है फिर भी उत्तर प्रदेश, बिहार से यहां कानून व्यवस्था कुछ बेहतर मानी जा सकती है। म.प्र. में तो सिर्फ राजेन्द्र चतुर्वेदी व अरविंद जोशी भ्रष्टाचारों में जेल भेजे गये थे जो ए.डी.जी. व प्रमुख सचिव थे। यू.पी. में ऐसे लोग दर्जन भर से भी ज्यादा रहे हैं।

### हरिभाऊ राठौर

भा.ज.पा. से सत्ता कांग्रेस को दिलाने में जहां दलित व मुसलमानों को श्रेय दिया जाता है वहीं अतिपिछड़े वर्ग का भी कम महत्व नहीं है। ए.आई.सी.सी. ने सिंधिया की पहल पर महाराष्ट्र से युवा सांसद रहे यवतमाल से लोकसभा सांसद हरिभाऊ राठौर का भी विशेष योगदान माना जा रहा है। राठौर अति पिछड़ों को देश भर में संगठित कर रहे हैं। वो खुद भी बंजारा समाज से हैं व विमुक्त व घुमंतु जातियों के लिए बड़ा काम महाराष्ट्र में कम रहे हैं। वो पिछले 18 के विधानसभा चुनावों में ग्वालियर चम्बल व इन्दौर रायपुर के जंगी दौरे पर भेजे गये थे। उन्होंने 6-7 दिनों में इस अंचल में अति-पिछड़ों को लामबन्द कर कांग्रेस की तरफ मोड़ने में सफलता पायी थी। राठौर से मेरी इस बावत लम्बी चर्चा भी हुई थी। वो देश में गरीबों की विमुक्तों की रहनुमाई करने वाले पहले नेता बताये जा रहे हैं।

### महिलाओं पर ध्यान नहीं

मध्य प्रदेश में सत्ता मिलते ही कांग्रेसी भा.ज.पा. और संघ परिवार भा.ज.पा. वाले कांग्रेसी बन जाते हैं। यहां सिंधिया फैक्टर के चलते लगभग 50 हजार घरों में दो लड़कों में से एक को कांग्रेस में दूसरे को भा.ज.पा. में भेज दिया जाता है। जिससे सत्ता एक ही घर में रहने की परंपरा बन गई है। राजमाता विजयाराजे सिंधिया भा.ज.पा. की आला कमान बनी रहीं। उनके लोकप्रिय बेटे माधवराव सिंधिया कांग्रेस में केन्द्रीय मंत्री के तौर पर देश के लोकप्रिय वजीर राजीव गांधी के दौर में हुए थे (1984-90) के बीच। म.प्र. में कोई 4-5 हजार के करीब योजनायें सरकार चलाती है फिर भी महिलाओं पर अत्याचार रुकने का नाम नहीं है। महिला सेल में आई.जी. डी.आय.जी. रखे जा रहे हैं। थानेदार या हवलदार नहीं रखे जाते सिर्फ नारों में वादों में महिला अत्याचार म.प्र. में रोके जाने की बातें ही बातें होती रहती हैं। ऐसा ही आलम दलित अत्याचारों का है। वहां के अ.जा.क. थानों में सिर्फ थानों पर बोर्ड लगे हैं। अमला रखा ही नहीं जाता।

**यह लेखक की निजी राय है**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## आईएस की फिर बढ़ रही ताकत, दुनिया को फिर हिंसा की आग में ढकेल सकता है यह खूंखार आतंकी संगठन

जेनेवा। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधी प्रमुख ने सुरक्षा परिषद को आगाह किया है कि आईएसआईएस की ओर से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरा फिर बढ़ रहा है। यह खूंखार आतंकवादी समूह 2021 में दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हमलों को अंजाम देने की क्षमता हासिल कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधी कार्यालय के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव ने सुरक्षा परिषद में चेतावनी दी है कि दुनिया को इस तरह के नए हमलों को नाकाम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। वोरोंकोव ने अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को आईएसआईएस के कारण उत्पन्न खतरे के बारे में महासचिव की 12वीं रिपोर्ट के बारे में कहा कि आईएसआईएस के कारण अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को खतरा फिर बढ़ रहा है। कोविड–19 के कारण कुछ आवश्यक प्राथमिकताओं के बावजूद यह आवश्यक है कि सदस्य देश इस ओर ध्यान दें और इसका मुकाबला करने के लिए एकजुट रहें। उन्होंने कहा कि हालांकि भयावह आतंकवादी समूह ने महामारी का फायदा उठाने के लिए कोई उद्देश्यपूर्ण रणनीति विकसित नहीं की है, लेकिन 2020 की दूसरी छमाही में समूह को पुनगर्ठित करने और गतिविधियां फिर शुरू करने के प्रयासों में तेजी आई है।

## रूस में विपक्षी नेता नवलनी के मुख्यालयों पर पुलिस का छापा

मॉस्को। रूस में पुलिस ने विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी के मुख्यालयों में देर रात छापा मारा। जर्मनी में इलाज कराने के बाद नवलनी 17 जनवरी को देश लौटे थे। रूस आते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया जिसके बाद देश में जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुए थे। पुलिस की छापेमारी रात एक बजे तक चली। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि पुलिस सबूत के तौर पर वहां से कुछ ले गई या नहीं, लेकिन नवलनी के कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर सार्वजनिक की गई तस्वीरों में वे एक कॉफी मग समेत कई सामान लिए दिखाई दे रहे हैं। इस तलाशी के कारणों के बारे में पुलिस ने कोई बयान नहीं दिया है। राजनीतिक दमन और मानवाधिकारों के मुद्दों पर केंद्रित वेबसाइट ने नवलनी के कर्मचारियों के हवाले से बताया है कि पुलिस ने कहा है कि उन्हें कार्यालय में अश्लील सामग्री प्रकाशित किए जाने की एक रिपोर्ट मिली है। उनकी गिरफ्तारी के बाद जनवरी में दो सप्ताहांत जबरदस्त विरोध प्रदर्शन हुआ और करीब 10,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## काबुल में संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों के काफिले में शामिल 5 सुरक्षाकर्मियों की हत्या

काबुल। अस्थिरता से जूझ रहे आफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों को काबुल से पूर्व की ओर ले जा रहे एक काफिले के साथ चल रहे अफगानी पुलिस के पांच कर्मियों की अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। अफगानिस्तान में ह्यसंयुक्त राष्ट्र सहायता अभियानह्न ने इस घटना की पुष्टि की है। अफगानिस्तान में ह्यसंयुक्त राष्ट्र सहायता अभियानह्न ने इस घटना पर दुख जताते हुए कहा कि इस घटना में यूएन के किसी सदस्य को कोई नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल इस हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। घटना के बाद यूएनएमए ने कहा कि सुरोबि जिले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों की मौत पर अफगानिस्तान में तैनात संयुक्त राष्ट्र के कर्मियों को दुख है। यूएनएमए ने ट्वीट किया, 'हमले में संयुक्त राष्ट्र का कोई कर्मी हताहत नहीं हुआ न ही कोई वाहन क्षतिग्रस्त हुआ। हमला सुरक्षा कर्मियों के एक वाहन पर हुआ जो संयुक्त राष्ट्र के काफिले के साथ चल रहा था।'

## डब्ल्यूएचओ ने पूर्व सोवियत संघ के छह देशों में टीकाकरण के लिए सहायता की

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि यूरोपीय संघ के साथ चार करोड़ यूरो की मदद से सोवियत संघ का हिस्सा रहे छह देशों में कोविड–19 टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। डब्ल्यूएचओ के यूरोप के प्रमुख डॉ हंस क्लूग ने हालिया हफ्ते में संक्रमण के मामलों में गिरावट को भी रेखांकित करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ के कार्यक्रम और डब्ल्यूएचओ समर्थित कोवैक्स पहल के जरिए सभी जरूरतमंद देशों के लोगों को टीका उपलब्ध कराए जाएंगे। इस कार्यक्रम के तहत आर्मीनिया, अजरबैजान, बेलारूस, जार्जिया, यूक्रेन और मोल्दोवा में टीकाकरण होगा। क्लूग ने डेनमार्क के कोपनहेगन में कहा कि टीके के जरिए महामारी से तेजी से उबरने में मदद मिलेगी।, लेकिन हमें सुनिश्चित करना होगा कि सभी देशों तक इसकी पहुंच हो। क्लूग ने कहा कि यूरोप क्षेत्र में 53 देशों में संक्रमण के मामले पिछले चार सप्ताह से घट रहे हैं और दो सप्ताह से मौत के मामलों में भी कमी आई है।

# कनाडा का दावा, टूडो ने पीएम मोदी के समक्ष उठाया किसानों का मुद्दा, भारत के बयान में इसका जिक्र नहीं

**ओटावा।** भारत में किसानों के प्रदर्शन को लेकर एक बार फिर से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो विवाद में आ गए हैं। कनाडा ने दावा किया है कि जस्टिन टूडो ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर हुई वार्ता के दौरान किसानों के प्रदर्शन का मुद्दा उठाया था। उधर, भारत की ओर से जारी आधिकारिक बयान में किसानों के मुद्दे का कोई जिक्र नहीं है। इस मामले को लेकर राजनयिक विवाद खड़ा हो सकता है।



इससे पहले भी जब टूडो ने किसानों के प्रदर्शन का मुद्दा उठाया था तब भारत ने बहुत तीखी प्रतिक्रिया की थी। ताजा बातचीत के बारे में भारत की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष जस्टिन टूडो को आश्वस्त किया है कि भारत कनाडा के टीकाकरण प्रयासों में पूरा सहयोग करेगा। मोदी ने ट्वीट कर कहा कि मैंने टूडो को आश्वासन दिया है कि भारत कनाडा द्वारा मांगे गए कोविड-19 टीकों की आपूर्ति को सुविधाजनक बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक पीएम मोदी ने जस्टिन टूडो को आश्वस्त करते हुए कहा भारत ने जैसे कई अन्य राष्ट्रों के लिए किया, ठीक उसी तरह कनाडा के टीकाकरण प्रयासों को सहयोग देने में अपना सर्वश्रेष्ठ करेगा।

बयान के मुताबिक टूडो ने इस अवसर पर कहा कि कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में भारत की अभूतपूर्व औषधीय क्षमता का महत्वपूर्ण योगदान होगा। भारत की इस क्षमता को विश्व के साथ साझा करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की। टूडो की इस भावना के लिए मोदी ने उनका धन्यवाद किया।

भारत की ओर से जारी पूरे बयान में कहीं भी कनाडा के पीएम के किसानों के मुद्दे को उठाने का जिक्र नहीं है। दूसरी ओर, कनाडा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पीएम टूडो ने किसानों के प्रदर्शन के मुद्दे को पीएम मोदी से उठाया था। कनाडा ने अपने बयान में बयान में कहा दोनों नेताओं ने कनाडा और भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों, हालिया प्रदर्शन और उसके बातचीत के जरिए सुलझाने के महत्व पर चर्चा की। कनाडा के विपरीत भारत के बयान में किसानों के मुद्दे पर बातचीत का जिक्र नहीं है।

कनाडा के पीएम मोदी ने अगर इस बातचीत में किसानों के मुद्दे को उठाया है तो ऐसा पहली बार होगा जब उन्होंने द्विपक्षीय बातचीत में इस प्रदर्शन को शामिल किया है। कनाडा के पीएम अक्सर किसानों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन का समर्थन करते रहे हैं।

इससे पहले भी वह एक वीडियो जारी करके किसानों के मुद्दे पर चिंता जताई थी। कनाडा के पीएम के इस बयान पर भारत ने बहुत कड़ी प्रतिक्रिया की थी। यही नहीं भारत ने नई दिल्ली में कनाडा के उच्चायुक्त नादिर पटेल को समन किया था और आधिकारिक विरोध दर्ज कराया था।

भारत के विरोध के बाद भी कनाडा के पीएम किसानों के प्रदर्शन का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने भारत सरकार और किसानों के बीच बातचीत शुरू होने का स्वागत किया था।

# फ्लोरिडा में पेयजल को जहरीला बनाने की कोशिश

**ओल्डस्मार।** अमेरिका में एक हैकर ने फ्लोरिडा शहर के जल आपूर्ति संयंत्र के पेयजल को जहरीला बनाने का प्रयास किया। अगर हैकर अपने प्रयास में सफल हो जाता तो यहां बडी दुर्घटना हो सकती थी। हैकर ने जल संयंत्र के कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर लिया और पानी को साफ करने वाले रसायन की मात्रा इतना बढ़ाने की कोशिश की कि वो जहरीला बन जाए। हालांकि, प्लांट के चौकस कर्मचारियों की वजह से उसकी यह हरकत पकड़ में आ गई, वरना हजारों लोग प्रभावित होते। यहां इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से इलाके के करीब 15,000 लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इंटरनेट के जरिए सिस्टम के अधिक कम्प्यूटरीकृत और आसान बन जाने से खतरा बढ़ गया है। पिनेलस काउंटी शेरिफ बॉब ग्वालटिएरी ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक हैकर ने ओल्डस्मार शहर के जल शोधन प्रणाली को हैक कर पानी में सोडियम हाइड्रॉक्साइड की मात्रा बढ़ाने की कोशिश की। सोडियम हाइड्रॉक्साइड की मात्रा 100 प्रति दस लाख से बढ़ाकर 11,100 प्रति दस लाख कर दी गई। पानी में एसिडिटी रोकने के लिए सोडियम हाइड्रॉक्साइड का कम मात्रा में इस्तेमाल किया जाता है और इसकी मात्रा बढ़ने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। संयोग से एक सुपरवाइजर ने हैकर को ऐसा करते हुए देख लिया और इसे तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। शेरिफ ने कहा कि घुसपैठिया तीन से पांच मिनट तक सक्रिय था। जब वह बाहर निकल गया तो प्लांट ऑपरेटर ने तुरंत उचित रासायनिक मिश्रण को बहाल कर दिया। जांचकताओं ने कहा कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि हमला कहां से हुआ- क्या हैकर घरेलू या विदेशी था। एफबीआई, सीक्रेट सर्विस और पिनैलस काउंटी शेरिफ कार्यालय मामले की जांच कर रहे हैं।

## ट्विटर ने डोनाल्ड ट्रंप को दिया बड़ा झटका, अब कभी नहीं होगी वापसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की संसद कैपिटल हिल्स पर हुई हिंसा के बाद से ट्विटर नें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए ट्विटर अकाउंट बंद कर दिया था। सोशल मीडिया नेटवर्क ने ट्रंप के हिंसात्मकता और उनकी पॉलेसी का उल्लंघन करने पर उनका अकाउंट ट्विटर से हटा दिया था। अब कंपनी का कहना है कि उनका अकाउंट वापस प्लेटफॉर्म पर नहीं आ सकता है।

बुधवार को कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी ने कहा कि ट्विटर अब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को प्लेटफॉर्म पर वापस आने की अनुमति नहीं देगा।

टेलीविजन को दिए अपने एक इंटरव्यू में नेड सहगल ने कहा, 'जिस तरह से हमारी नीतियां काम करती हैं, उसके तहत आप प्लेटफॉर्म से हटाए जाते हैं, तो आप मंच से हटा दिए जाते हैं, चाहे आप एक टिप्पणीकार हों, एक सीएफओ हों या एक वर्तमान या पूर्व सार्वजनिक अधिकारी हों। ट्विटर पर ट्रम्प की 'डे-प्लेटफॉर्मिंग' उनके समर्थकों द्वारा हिंसक विद्रोह के बाद आई थी, जिसने 6 जनवरी को यूएस कैपिटल में घातक घेराबंदी की थी। फेसबुक और अन्य सामाजिक नेटवर्क ने भी इस घटना के बाद ट्रंप पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## टेक्सास में बारिश से पैदा हुई फिसलन में हाईवे पर एक दूसरे से भिड़ीं 100 से अधिक गाड़ियां, 6 लोगों की मौत


**टेक्सास।** अमेरिका के टेक्सास के एक हाइवे पर बारिश की वजह से पैदा हुई फिसलन की वजह से भयानक हादसा हो गया। इस दौरान कम से कम 100 गाड़ियां एक-दूसरे से टकराकर हादसे का शिकार हो गईं। इस दुर्घटना में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। यह दर्दनाक हादसा फोर्ट वर्थ में इंटरस्टेट 35 वेस्ट पर हुआ जहां लगातार बारिश और बूंदा-बांदी हो रही थी।

पुलिस ने बताया कि हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि हादसे में घायल हुए लोगों में कुछ की हालत गंभीर है। फोर्ट वर्थ फायर डिपार्टमेंट ने हादसे में बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक घटनास्थल पर जब स्थानीय लोग पहुंचे तो हादसे का शिकार हुए लोगों को मदद पहुंचाना उनकी क्षमता से बाहर था। फिसलन इतनी ज्यादा थी कि वे लोगों को बाहर निकाल नहीं पा रहे थे। बाद में राहत और बचावकार्य के लिए उत्तर को जाने वाले हाइवे के रास्ते को बंद कर दिया गया। यहां पारा इतना नीचे था कि फंसे हुए लोगों को जल्द से जल्द गाड़ियों से निकालना बेहद जरूरी था।

स्थानीय लोगों के मुताबिक कम से कम 100 गाड़ियां हादसे का शिकार हुई हैं। इसमें एक दर्जन से ज्यादा सेमी-ट्रैक्टर ट्रेलर थे।

पुलिस ने फोर्ट वर्थ के रिवरसाइट कम्यूनिटीसेंटर में एकरीयूनिफिकेशन मीटिंग पॉइंट शुरू किया है। हादसे की तस्वीरों में गाड़ियां एक-दूसरे के ऊपर चढ़ी दिखाई दे रही हैं और उन्हें अलग-अलग पहचानना मुश्किल है। हादसे की गंभीरता का पता इस बात से चलता है कि कई गाड़ियों की टक्कर आमने-सामने से हुई है, यानी फिसलन इतनी ज्यादा थी कि ये पूरी तरह घूम गई थीं।

घटनास्थल के पीछे ट्रैफिक 8 मील से ज्यादा तक लगता चला गया। प्रशासन ने गाड़ियों को दूसरे रस्ते से भेजा है। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान हल्की बारिश हो रही थी, लेकिन तापमान बेहद कम था और आर्द्रता ज्यादा थी।



लास एंजिल्स में पॉप सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स के समर्थक कोर्ट हाउस के बाहर प्रदर्शन करते हुए। – फोटो

## फ्रांस में 15 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाना अपराध

**पेरिस।** फ्रांस यौन संबंध बनाने को लेकर पहली बार कानून में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। फ्रांस में अब 15 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन संबंध बनाना अपराध होगा। कानून में बदलाव के बाद अब बच्चियों के साथ यौन अत्याचार के मामलों में दंड देना आसान होगा। फ्रांस में बच्चियों के साथ बढ़ते रेप और यौन दुव्यर्वहार के मामलों के बाद जनता की ओर से दबाव पड़ रहा था और इस वजह से सरकार को यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उधर, बच्चों के अधिकारों से जुड़े कार्यकताओं और पीड़ितों ने ऐलान का स्वागत कर कहा कि यौन अपराधों को रोकने के लिए एक समाज के रूप में और ज्यादा काम करने की जरूरत है। फ्रांस में यौन संबंध बनाने को लेकर कोई न्यूनतम आयु तय नहीं है जिसका फायदा अपराधी उठाते थे। इससे दोषियों को कानूनी सजा देने में भी मुश्किल आती थी। फ्रांस में अगर कोई शीर्ष पद पर बैठा व्यक्ति 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ सेक्स करता है तब उस अपराध माना जाता है।

## अमेरिका ने म्यांमा के 10 मौजूदा और पूर्व सैन्य अधिकारियों पर लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने म्यांमा में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार के तख्तापलट और नेताओं आंग सान सू ची तथा विन मिंट को हिरासत में लेने के लिए जिम्मेदार 10 मौजूदा एवं पूर्व सैन्य अधिकारियों और तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया। इनमें से छह लोग राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद के सदस्य हैं और वे सीधे तौर पर तख्तापलट में शामिल हैं। इन छह अधिकारियों में म्यांमा सैन्य बल के कमांडर इन चीफ मिन आंग लाइंग, डिप्टी कमांडर इन चीफ सोइ विन, प्रथम उपराष्ट्रपति एवं सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल मिंट स्यू, लेफ्टिनेंट जनरल सीन विन, लेफ्टिनेंट जनरल सोए तुत और लेफ्टिनेंट जनरल ये आंग के नाम शामिल हैं। इनके अलावा चार अन्य अधिकारियों, रक्षा मंत्री के तौर पर नियुक्त म्या तुन उ, परिवहन एवं संचार मंत्री के तौर पर नियुक्त एडमिरल तिन आंग सान, स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन काउंसिल (एसएसी) के संयुक्त सचिव जनरल ये विन उ और एसएसी के सचिव लेफ्टिनेंट जनरल आंग लिन द्वे पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

इसके अलावा म्यांमा की तीन कंपनियों म्यांमा रूबी एंटरप्राइज, म्यांमा इम्पेरियल जेड को और कैंक्री (जेम्स एंड ज्वेलरी) पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। अमेरिका के विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन ने कहा कि सेना से जुड़े मौजूदा एवं पूर्व अधिकारियों पर यह प्रतिबंध लगाया गया है जिन्होंने म्यांमा में लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार को हटाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने म्यांमा के लोगों या अर्थव्यवस्था को निशाना नहीं बनाया और हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि हमारी वजह से म्यांमा के लोगों की मुश्किलें और नहीं बढ़ें। म्यांमा की सेना ने एक फरवरी को तख्तापलट कर स्टेट काउंसल आंग सान सू ची, विन मिंट, नागरिक संस्था के नेताओं, पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया था।

## जर्मन के तानाशाह शासक एडोल्फ हिटलर की निजी टॉयलेट सीट नीलाम, पत्नी की नाइटी भी बिकी

**बर्लिन।** जर्मनी के तानाशाह शासक एडोल्फ हिटलर की निजी टॉयलेट सीट 18,750 अमेरिकी डॉलर यानी 13,65,000 रुपये में नीलाम हुई है। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान एक अमेरिकी सैनिक ने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की इस सीट को लूट लिया था। दरअसल विश्व युद्ध के दौरान जर्मन तानाशाह हिटलर पीछे हटने लगा था और इसी दौरान अमेरिकी सैनिक रेगनवाल्ड सी बोर्च ने इसे लूट लिया था। रेगवाल्ड ने बताया था कि हिटलर के ठिकाने पर हमले के दौरान उसके सीनियर अधिकारियों ने कहा था कि यहां से जो कुछ भी ले सकते हो, उठा लो। अमेरिकी सैनिक ने इस सीट को न्यू जर्सी स्थित अपने घर पर रखा था और बेसमेंट में इसे डिस्प्ले में लगा रखा था। तानाशाह हिटलर की टॉयलेट सीट के अलावा उनकी पत्नी इवा की पिंक कलर की नाइटी भी नीलाम की गई है। खरीददार ने इसके लिए 1,750 अमेरिकी डॉलर की बोली लगाई थी। नीलामी प्रक्रिया से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि आखिर तानाशाह के साथ इससे बुरा क्या हो सकता है कि उसकी टॉयलेट सीट तक नीलाम हो गई और उसकी पत्नी के कपड़े भी लोगों ने बोली लगाकर खरीद लिए।

## इंटरनेट पर रोक दुनिया के शासनों का पसंदीदा उपाय बन गया है: डिजिटल अधिकार समूह

**लंदन।** म्यामां में सेना के जनरलों ने जब पिछले हफ्ते तख्तापलट किया, तो उन्होंने विरोध प्रदर्शनों को परोक्ष तौर पर रोकने के प्रयास के तहत इंटरनेट तक पहुंच पर रोक लगा दी। युगांडा के निवासी हाल के चुनाव के बाद हफ्तों तक फेसबुक, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया मंचों का उपयोग नहीं कर सके। वहीं इथियोपिया के उत्तरी तिगरे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष के बीच महीनों से इंटरनेट बंद है। दुनिया भर में, इंटरनेट को बंद करना दमनकारी और निरंकुश शासनों और कुछ अनुदार लोकतंत्रों की एक लोकप्रिय रणनीति बन गई है। डिजिटल अधिकार समूहों का कहना है कि सरकारें इसका उपयोग असहमति की आवाज, विरोधियों की आवाज को चुप कराने या मानवाधिकारों के हनन को छुपाने के लिए करती हैं तथा इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित होने की चिंता उत्पन्न होती है।

शोधकताओं का कहना है कि अक्सर विरोध या नागरिक अशांति के जवाब में ऑनलाइन पहुंच रोक दी जाती है, विशेष तौर चुनावों के दौरान क्योंकि वे सूचना के प्रवाह को रोककर सत्ता पर अपनी पकड़ बरकरार रखने की कोशिश करते हैं। यह स्थानीय टीवी और रेडियो स्टेशन पर नियंत्रण करने का डिजिटल समकक्ष है जिसका इस्तेमाल इंटरनेट से पहले के समय के दौरान विद्रोहियों के खिलाफ किया जाता था। इंटरनेट निगरानी संगठन ह्यनेटब्लॉक्सह्न के संस्थापक एल्प टोकर ने कहा, ह्यह्यपिछले कुछ वर्षों में इंटरनेट बंद किये जाने की जानकारी काफी कम सामने आती है। उनके जैसे प्रयासों से दस्तावेजीकरण के प्रयासों से विश्व को पता चल पा रहा है कि क्या हो रहा है। ब्रिटेन आधारित डिजिटल निजता एवं सुरक्षा अनुसंधान समूह की एक रिपोर्ट के अनुसार, गत वर्ष 21 देशों में 93 प्रमुख इंटरनेट शटडाउन हुए। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि रिपोर्ट में कहा गया है कि इंटरनेट पर रोक लगाये जाने के राजनीतिक, आर्थिक और मानवीय परिणाम होते हैं। प्रभाव कोविड-19 लॉकडाउन के चलते और बढ़ गए हैं जिसके चलते स्कूल की कक्षाएं आनलाइन चलने जैसी गतिविधियां हो रही हैं।

म्यामां में, सेना द्वारा सत्ता पर नियंत्रण हासिल करने और नेता आंग सान सू की और उनके सहयोगियों की हिरासत के खिलाफ के परोक्ष तौर पर प्रदर्शनों पर रोकने के लिए पिछले सप्ताह इंटरनेट पहुंच पर 24 घंटे के लिए रोक लगा दी गई थी। इंटरनेट उपयोगकताओं ने बताया कि रविवार दोपहर तक उनके मोबाइल फोन पर डेटा सेवा अचानक बहाल हो गई।

# इस्लामी देशों का नया मसीहा बनने की कोशिश कर रहे तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन

### ग्रीस को दी खुली धमकी, बोले- मुझे चुनौती मत दो

**अंकारा।** इस्लामी देशों का नया मसीहा बनने की कोशिश कर रहे तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने ग्रीस को खुली धमकी दी है। दरअसल, भूमध्य सागर में तेल और गैस को लेकर तुर्की और ग्रीस के बीच संबंध लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। इस विवाद की आग में घी डालने का काम तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन कर रहे हैं। तुर्की की संसद में अपने संबोधन के दौरान एर्दोगन ने ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस को धमकी देते हुए कहा कि मुझे कोई चुनौती देने की कोशिश न करे। बता दें कि भूमध्य सागर में सीमा विवाद को लेकर तुर्की और ग्रीस की फौज पिछले 4 महीनों से आमने सामने डटी हुई हैं। एर्दोगन ने तुर्की की संसद में दावा



किया कि भूमध्य सागर इलाके में समुद्री सीमाओं और गैस को लेकर पैदा हुए विवादों में सभी सहयोगियों ने ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस का साथ छोड़कर उन्हें परित्यक्त बना दिया है। उन्होंने साइप्रस के एक इलाके पर तुर्की के कब्जे पर एकजुट साइप्रस के बजाय द्विराष्ट्र समाधान की पेशकश की। बता दें कि तुर्की का साइप्रस और ग्रीस के साथ लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है।

राष्ट्रपति एर्दोगन ने तुर्की की ग्रैंड नेशनल असेंबली से कहा कि अब मित्सोटाकिस ने मुझे चुनौती दी, इस तरह से मुझे चुनौती देने के बाद हम आपके साथ कैसे मिलेंगे। आप अपनी जगह को बेहतर तरीके से जानते हैं। अगर आप शांति चाहते हैं तो मुझे भी चुनौती न दें, अपनी सीमाएं जानें। यदि नहीं, तो इसका मतलब है कि आपने बातचीत की मेज को लात मार रहे हैं, आप इससे दूर भाग गए। दरअसल पिछले कुछ महीने से तुर्की का समुद्री तेल खोजी शिप ओरुक रीस ग्रीस के द्वीप कस्तेलोरिजो के नजदीक रिसर्च गतिविधि को अंजाम दे रहा है। ग्रीस का दावा है कि तुर्की का शिप उसके जलक्षेत्र में ऑपरेट कर रहा है। जबकि, तुर्की ने ग्रीस के दावे को नकारते हुए उस समुद्री हिस्से को अपना बताया है। तुर्की के खिलाफ ग्रीस की सहायता के लिए विवादित क्षेत्र के पास फ्रांस ने भी अपनी नौसेना को तैनात कर दिया है।

तुर्की इस इलाके में ऑफ-शोर ड्रिलिंग को आगे बढ़ाने पर अड़ा है जबकि फ्रांस ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर तुर्की ने विवादित क्षेत्र में ऐसी कोई गतिविधि शुरू की तो वह मूक दर्शक नहीं बना रहेगा। विवाद की जड़ पूर्वी भूमध्यसागर क्षेत्र में साढ़े तीन ट्रिलियन क्यूबिक मीटर (टीसीएम) गैस है, जिसमें 2.3 टीसीएम स्पष्ट रूप से इजिप्ट, इजरायल और साइप्रस के इकनॉमिक इंट्रेस्ट जोन में है।

## ब्रिटेन में सर्दी ने तोड़ा रेकॉर्ड, 25 साल बाद स्कॉटलैंड के ब्राइमर में माइनस 23 डिग्री पर पहुंचा पारा

**लंदन।** ब्रिटेन में इस साल सर्दी ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए हैं। स्कॉटलैंड में बुधवार रात 25 साल बाद पारा सबसे नीचे चला गया। पूरा ब्रिटेन इस समय भयानक सर्दी के दौर से गुजर रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि ब्राइमर में तापमान माइनस 23 सेंटीग्रेट पहुंच गया है। ब्रिटेन में करीब 25 साल बाद पहली बार इतना कम तापमान दर्ज किया गया है। पिछले एक दशक में पहली बार ऐसा हुआ है कि पारा माइनस 20 सेंटीग्रेट से नीचे चला गया है।

राहत और बचाव दल के सदस्यों का कहना है कि स्कॉटलैंड में हर तरफ बर्फ बिखरी हुई है। मौसम विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले तीन दिनों तक ब्रिटेन में भीषण ठंड पडेगी और बर्फबारी का खतरा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि अंतिम बार ब्रिटेन में 23 दिसंबर, 2010 को पारा माइनस 20 के नीचे चला गया था। विशेषज्ञों ने पूरे ब्रिटेन में बर्फबारी की चेतावनी दी है, जिससे बिजली कटने की पूरी आशंका है। यही नहीं देश के कुछ हिस्सों में बारिश भी हो सकती है।

मौसम विभाग ने कहा कि सर्द मौसम यात्रा में बाधा डाल सकता है। कड़ाके की ठंड का ज्यादा असर स्कॉटलैंड के पूर्वी इलाके, इंग्लैंड, देवोन और दक्षिणी-पश्चिमी वेल्स में है। कुछ इलाकों में धूप भी खिल सकती है जिससे मौसम सुहावना हो सकता है। इससे पहले मंगलवार की रात को स्कॉटिश हाइलैंड्स में पारा माइनस 17.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

यही नहीं ब्रिटेन के शहरों मैनचेस्टर और कारलिस्ले में पारा गुरुवार को माइनस 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। यार्क शहर में तो तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। कुछ इलाकों में बाढ़ का अलर्ट आया है। मौसम विभाग ने लोगों को चेतावनी दी है कि वे ठंड के खत्म होने तक अतिरिक्त सावधानी बरतें। उसने कहा कि शुक्रवार तक मौसम और ज्यादा खराब हो सकता है और हाड़ कंपाने वाली ठंडी हवाएं चल सकती हैं। इससे बर्फबारी का खतरा और ज्यादा रहेगा। इस दौरान बारिश भी हो सकती है।

कड़ाके इस ठंड में सबसे ज्यादा मुसीबत बेघर लोगों को है। हालांकि कई संस्थाएं उनकी मदद के लिए आगे आई हैं। वे ऐसे लोगों को खाना, दूध, कंबल और सोने की छत मुहैया करा रही हैं।

## अमेरिका की आव्रजन प्रणाली में करुणा और व्यवस्था बहाल करने को लेकर स्पष्ट हैं बाइडन : व्हाइट हाउस



**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन देश की आव्रजन प्रणाली में करुणा और व्यवस्था बहाल करने को लेकर बेहद स्पष्ट हैं। उन्होंने पिछले कुछ सप्ताह में इस संबंध में जिन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं, वे महज शुरूआत हैं। व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने कहा कि अभी तक जिन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, वह महज शुरूआत है।

प्रवक्ता ने कहा राष्ट्रपति बाइडन आव्रजन प्रणाली में करुणा एवं व्यवस्था बहाल करने और गत चार वर्षों की विभाजनकारी, अमानवीय और अनैतिक नीतियों में सुधार करने को लेकर बेहद स्पष्ट हैं। आने वाले सप्ताहों और महीनों में हम इस पर ध्यान देंगे। एक प्रभावशाली आव्रजन की वकालत करने वाले भारतीय-अमेरिकियों के एक समूह ने बाइडन प्रशासन से आग्रह किया था कि वह भारत में जन्मे किसी भी व्यक्ति को एच1बी वर्क वीजा तब तक न दे, जब तक कि ग्रीन कार्ड या स्थाई कानूनी निवास पर भेदभावपूर्ण नीति खत्म न हो। इस संबंध में किए सवाल के जवाब में प्रवक्ता ने यह जवाब दिया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



### जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं आंदोलन जारी रहेगा

# रोटी को तिजोरी में बंद नहीं होने देंगे: राकेश टिकैत

» देशबंधु जोशी



अलवर जिले के झालाटाला ग्राम में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा गरुवार को देर सायंकाल तक आयोजित किसान महापंचायत में नरेश मीना व राकेश टिकैत, प्रवक्ता राष्ट्रीय किसान मोर्चा व अन्य किसानों नेताओं ने किसानों को संबोधित किया । सेवानिवृत्त कमिश्नर बीपी मीणा ने बताया कि राकेश टिकैत ने संबोधित करते हुए कहा रोटी को तिजोरी में बंद नहीं होने देंगे ओर कहा देश का किसान हल सँभालेगा हाथ नहीं जोड़ेगा ।

माता बहनों को संबोधित करते हुए कहा आप के धर से जब कोई आदमी किसान आंदोलन में भाग लेने जाए तो आप उसके साथ दस दस रोटियाँ बांध दें । यही आपकी तरफ से सबसे बड़ी मदद व सेवा होगी । 'जब तक किसान विरोधी तीनों कानूनों की वापसी नहीं होगी तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून नहीं बनेगा व स्वामिनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं होगी जब तक किसानों की धर वापिस नहीं होगी' ओर किसान आंदोलन चलता रहेगा।

झालाटाला गाँव में बहुत कम समय में किसानों की पंचायत का आयोजित करने का एलान होने के बाउजूद हजारों की संख्या में किसानों ने महपंचायत पूरे जोश-खरोष्ठी के साथ भाग लिया ।किसानों ने जय जवान, जय किसान जय हिन्द के नारे लगाए।

# शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

» सुनील शर्मा



नारायणपुर । कस्बा के अलवर रोड नारायणपुर में स्थित श्रीमती हेमलता मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर के दौरान द्वितीय दिवस में महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा सड़क सुरक्षा, आम सुरक्षा शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजेता व उपविजेता छात्राओं को सप्ताहिक शिविर के अंतिम दिवस में सम्मानित किया जाएगा।सड़क सुरक्षा के माध्यम से सड़कों पर चलने वाले वाहनों तथा उसकी सीट बेल्ट, साइड, ऑवरटेक, हेलमेट आदि नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई ।इस मौके पर निदेशक शिशुपाल यादव, कार्यक्रम अधिकारी सुनीता यादव, अनिल कुमार स्वामी, अशोक यादव, कालूराम चंदेला, अनीता यादव, राधामोहन शर्मा सहित स्वयंसेविकाएं मौजूद थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय मानव कल्याण महासमिति जगमोहन मीणा राजगढ़ अध्यक्ष का किया स्वागत



मदरलैंड संवाददाता, अलवर ।भारतीय मानव कल्याण महासमिति के जिला अध्यक्ष भाई देव राज चेयरवाल संभागीय अध्यक्षएव जगमोहन मीना को राजगढ़ अध्यक्ष को मनोनीत करने पर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव हिमांशु शर्मा के निवास पर स्वागत कार्यक्रम रखा गया।

इस अवसर पर अलवर ग्रामीण के वरिष्ठ नागरिकों ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया और किसानों के आंदोलन का समर्थन किया एवं शीघ्र ही किसानों के पक्ष में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया।शीघ्र ही भारतीय मानव कल्याण महासमिति की जिला एवं ब्लाक स्तर पर कार्यकारिणी घोषित की जाएगी।इस अवसर पर प्रदेश काँग्रेस कमेटी पर्यावरण प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सयोजक राजेशकृष्णसिद्ध ,जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ओमप्रकाश देहलावास, रतिराम गोलियां, प्रभु दयाल गोलिया, शोभा साहू, बिल्लू सहित अलवर ग्रामीण के अनेक वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे।

### ईमित्र संचालकों द्वारा शांति मार्च निकाल दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग की



मदरलैंड संवाददाता, कठूमर । दुष्कर्म के मामले के विरोध में ई-मित्र संचालकों ने शांति मार्च कर दुकानों को बंद कर आरोपी को फांसी देने मांग की।अलवर जिले के ग्रामीण इलाके में गुरुवार को साढ़े छः वर्षीय अबोध बच्ची से दुष्कर्म के मामले के विरोध में शुक्रवार को कठूमर कस्बे में ई-मित्र संचालकों ने शांति मार्च निकालकर के अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अनिल कुमार सिंघल को ज्ञापन सौंपने के बाद शांति मार्च करते हुए और हाथों में तख्तियां लेकर उन पर लिखा था।आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए तहसीलदार गिरधर सिंह मीणा व थाना प्रभारी कमल सिंह को भी ज्ञापन सौंपा गया।ईमित्र संचालकों द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र में साढ़े छः वर्षीय बालिका के साथ जो दुष्कर्म किया गया है, जो अत्यंत संवेदनशील एवं जघन्य कृत्य है। इसकी संपूर्ण जिले वासियों व क्षेत्र वासियों की ओर से निंदा की जाती है।और इस घटना से परिवार एवं समाज को अपूर्ण क्षति हुई है।और ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की अवधारणा को गहरा आघात पहुंचा है₹।ज्ञापन में मांग की गई कि घटना की निष्पक्ष जांच एवं दुष्कर्मी को फांसी दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से त्वरित सुनवाई की जावे।इधर ई-मित्र संचालकों द्वारा शुक्रवार से रविवार तक इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### तीनों कानूनों के विरोध में होगी किसान महापंचायत

# रायसिंहनगर की धानमंडी में 18 को जुटेंगे राष्ट्रीय किसान नेता

» रामस्वरूप नायक

रायसिंहनगर। कृषि उपज व व्यापार से जुड़े केंद्र सरकार के तीनों के विरोध में व एमएसपी पर फसलों की खरीद का गारंटी कानून बनाने की मांग को लेकर देशव्यापी किसान आंदोलन को गति देने के उद्देश्य से सयुंक्त किसान मोर्चा ने रायसिंहनगर में किसान महापंचायत करने का ऐलान किया है

अखिल भारतीय किसान सभा के केंद्रीय किसान कौंसिल के सदस्य श्योपत मेघवाल ने कहा कि पूरे देश में शीर्ष किसान नेतृत्व किसान महापंचायतों का आयोजन कर किसान आंदोलन को मजबूत व व्यापक बनाने में लगा है इसी कड़ी में रायसिंहनगर में भी किसानों की महापंचायत 18 फरवरी को बुलाई गई है इस महापंचायत में सयुंक्त किसान मोर्चा के बलवीर सिंह राजेवाल, डॉ दर्शनपाल सिंह, योगेंद्र यादव, कॉमरेड अमराराम, तारासिंह सिधु, राजाराम मील , पूर्व विधायक हेतराम बेनीवाल मुख्य वक्ता के तौर पर शिरकत करेंगे।श्योपत मेघवाल ने कहा मोदी सरकार तीनों कानूनों के जरिये देश के सबसे बड़े हिस्से कृषि क्षेत्र में कापोरेंट घरानों को स्थापित करने जा रही है जब किसान एमएसपी पर फसलों की सम्पूर्ण खरीद को सुनिश्चित करने की मांग लम्बे अर्से से कर रहा है उन्होंने कहा दिल्ली के चारों ओर विभिन्न बोर्डरों पर पिछले 83 दिन से किसान मोर्चे लगाकर बैठा है लेकिन केंद्र सरकार किसानों की वाजिब मांगों अनदेखा कर रही है सरकार का रवैया संसद में अलग और संसद के बाहर अलग तरीके का है जो मोदी सरकार की दोगली नीति को स्पष्ट करता है मेघवाल ने किसान मजदूर व व्यापारी वर्ग से महापंचायत में आंदोलन के मुद्दों, आंदोलन की व्यापक एकता व संघर्ष की रणनीति के सम्बद्ध में किसानों की सामूहिक चर्चा के लिए आमंत्रित करते हुए कहा किसान के लिए संघर्ष ही आखिरी रास्ता है और इस महापंचायत में किसानों की बड़ी उपस्थिति किसान आंदोलन को मजबूत करेगी उन्होंने 18 फरवरी को धानमंडी रायसिंहनगर में घोषित किसान महापंचायत में शामिल होने की अपील की।

# पानी की समस्या नहीं समझ आई तो एसडीएम कोर्ट के सामने धरना देंगे: ज्ञानदेव आहूजा

» अमित भारद्वाज



रामगढ़ । भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने रामगढ़ में 15 दिन में अगर पानी की समस्या नहीं सुलझाई गई तो एसडीएम कोर्ट के सामने धरना देने की दी चेतावनी।

रामगढ़ के वार्ड नंबर 14,15, 16 में विगत 1 वर्ष से पेयजल की समस्या बनी हुई है। विभाग द्वारा कार्यवाही नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को रामगढ़ क्षेत्र में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए धन एकत्र करते समय अपने वार्डों में बुलाया और समस्या से अवगत कराया।

इस पर पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने मीडिया को बताया कि वार्ड नंबर 14 15 16 में पानी की विकट समस्या से अवगत कराया गया है अभी और वार्ड में मैंने पता नहीं किया है हो सकता है और वार्डों में भी समस्या बनी हुई हो या तो विभाग 15 दिन में समस्या का समाधान कर दें अन्यथा एसडीएम कोर्ट के सामने हजारों ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठूंगा।

इधर कस्बा रामगढ़ के वार्ड नंबर 14 15 16 की ग्रह न्यू ने बताया कि विगत 1 वर्ष से पेयजल की समस्या बनी हुई है हमें पीने के लिए कैंपर पानी का मंगवाने पड़ते हैं और कपड़े लत्ते वगैरह धोने के लिए एवं अन्य जरुरी कार्यों के लिए टैंकर से पानी कीमतन मंगवाना पड़ता है विभागीय अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। हमने पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा को ज्ञापन देकर अवगत कराया है इस पर आहूजा ने आश्वासन दिया है कि 15 दिन में समस्या का समाधान हो जाता है तो ठीक है अन्यथा एसडीएम कोर्ट के सामने आप सभी लोगों के साथ धरने पर बैठेंगे। इस मौके पर मनीष प्रजापति , गोवर्धन जवाहर तनेजा, गौरव सोनी ,ओमप्रकाश खंडेलवाल, रेखा, सुनीता, वीरवती, कमला ,सरोज ,रामवती, चंदा ,कृष्णा, शकुंतला इत्यादि लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सवर्ण दल में आंदोलन की दी चेतावनी

**मदरलैंड संवाददाता।** जयपुर ।प्रदेश में जातिगत आरक्षित श्रेणी वर्ग के आवेदकों को आयु सीमा, परीक्षा शुल्क में छूट, परीक्षा व साक्षात्कार व अन्य कल्याणकारी योजनाओं में प्राथमिकता की भांति आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को किसी भी प्रकार की छूट या सुविधा नहीं दिए जाने पर राष्ट्रीय सवर्ण दल के प्रदेश महासचिव श्री बेनी प्रसाद कौशिक ने चिंता जाहिर करते हुए कड़ी आपत्ति की है उन्होंने कहा कि एहर वर्ग के अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा व परीक्षा शुल्क में छूट नहीं मिलने से इस वर्ग के लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है जिसका उदाहरण हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग के जरिए निकाली गई पुलिस उपनिरीक्षक पद की विज्ञप्ति में देखा जा सकता है ।इस विज्ञप्ति के अंतर्गत अन्य सभी वर्ग को ऊपरी आयु सीमा व परीक्षा शुल्क में छूट दी गई है परन्तु एहर वर्ग के प्रतिभागियों को इस लाभ से वंचित रखा गया है जिसे लेकर इस वर्ग के युवाओं मे आक्रोश है।ना तो समय पर परीक्षा आयोजन की विज्ञप्ति और ना ही उसका क्रियान्वयन समय पर नहीं हो पाता और जब तक ये प्रक्रिया पूरी की जाती है तब तक नौकरी की आस लगाए अनेक योग्य अनारक्षित प्रतिभागी आयु सीमा से बाहर हो चुके होते है ।

# मंथन स्पेशल स्कूल प्रारम्भ, विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़।कोरोना वैश्विक महामारी के चलते लगभग एक वर्ष बाद मंथन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क विद्यालय में बच्चों की नियमित कक्षाओं का पुनः शुभारंभ किया गया।डॉ. सविता गोस्वामी ने बताया कि लगभग एक वर्ष बाद बच्चे एक बार फिर अपनी स्कूल में आकर बड़े उत्साहित है साथ ही बच्चों के अभिभावक भी खुश नजर आए। प्रथम दिवस पर बच्चों का स्वागत भी अनूठे अंदाज में किया गया। उनकी इच्छानुसार डांस के माध्यम से, गले लगाकर व हाई-फाइव करके उन्हें कक्षा में प्रवेश दिया गया। तत्पश्चात बाउलिंग, जंपिंग, इत्यादि विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमें बच्चो ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया व विजेता बच्चो को उपहार दिए गए। साथ ही आवश्यकतानुसार जैनपुरवास सीबीआर सेंटर में कार्यरत छात्रा खामोश को बैसाखी भी दी गई। साथ ही बच्चों को कोरोना गाईडलाइन के अनुसार हैंड सेनेटाइजर, मास्क के उपयोग से भी अवगत कराया गया। गौरतलब है कि मंथन फाउंडेशन गत चार वर्षों से दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क थेरेपीज जैसे फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी की सेवाएं दे रहा है एवं गत दो वर्षों से स्पेशल स्कूल भी संचालित कर रहा है जिसमें दिव्यांग बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

साथ ही एक सी बी आर सेंटर जैनपुरवास के जरिये ग्रामीण दिव्यांग बच्चों को भी निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस दौरान संस्थापक डॉ. पीयूष गोस्वामी ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि खुशी की बात यह है कि फाउंडेशन सदस्य, प्रोफेशनल, स्पेशल टीचर एवं दानदाताओं के संयुक्त प्रयासों से बच्चों में काफी सुधार हुआ है एवं सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। आने वाले समय में हम कामना करते हैं कि ये बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनें एवं आत्मनिर्भर बन समाज का अभिन्न हिस्सा बन सकें।इस दौरान वसंती यादव, अमित कुमार यादव, शर्मिला गौड़, रामसिंह मोरोड़िया, सरिता यादव, ललिता प्रजापत, प्रदीप यादव, सुषमा गोस्वामी, केशवी गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# बर्डोद टीम ने प्रतियोगिता का फाइनल मैच जीतकर पाया 11000 का पुरस्कार

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड़।ग्राम गादूवास में आयोजित दो दिवसीय ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता में कस्बा बर्डोद की टीम ने अपनी प्रतिद्वंदी टीम से कडा संघर्ष करते हुऐ प्रतियोगिता के अन्तिम मैच में गादूवास की टीम को 4 रनों से हराकर 11000 रूपए नकद का प्रथम पुरस्कार बर्डोद ने अपने नाम किया। जिससे खिलाडियों में बडा ही उत्साह देखने को मिला। बर्डोद टीम के कप्तान विनोद ओला ने बताया फाईनल मैच बर्डोद व गादूवास की टीम के मध्य हुआ था। जिसमें बर्डोद की टीम विजेता रही। जिसे कमेटी द्वारा प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए और ट्रॉफी भेंट की गई। इस अवसर पर कप्तान विनोद ओला, जीतू सैनी, बुद्धराम सैनी, मुनेश मीणा, जीतू, हुकम सैनी, सुनील स्वामी, दीपक शर्मा, महेंद्र सैनी, आकाश सैनी, अजय, विकास गोला, अमित, मनीष, आशीष, रोहित, नितिन, गजेंद्र चैधरी, नवीन सैनी, भूपेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय बहुजन विकास मंच के मुख्य समन्वयक ने की प्रेस वार्ता

» मदरलैंड संवाददाता



बहरोड । अखिल भारतीय बहुजन विकास मंच के मुख्य समन्वयक के. सी. घूमरिया ने शुक्रवार को शाहजहॉपुर बोर्डर पर किसान आंदोलन के समर्थन में जाते समय बहरोड़ में प्रेस वार्ता कर कहा कि वर्तमान मोदी सरकार देशभर के किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लेकर आई है।इन कानूनों से धन्ना सेठों की जमाखोरी चरम पर पहूँच जायेगी।किसानों की जमीने बड़े-बड़े कारपोरेट घरानों के पास चली जायेगी।किसानों की फसलों का मनमाफिक भाव लगाकर खरीदेंगे। नये कानूनों के कारण मण्डी व्यवस्था धीरे-धीरे खत्म हो जायेगी और बड़े व्यापारी मनमानी करेंगे। नये कानूनों में एमएसपी की कोई गारन्टी नहीं की गई है।

अभी सिर्फ 6 प्रतिशत किसानों को ही समर्थन मूल्य का फायदा मिल पा रहा है जो शत प्रतिशत होना चाहिए। इन कृषि कानूनों से निजिकरण को आवश्यकता से अधिक प्रोत्साहन मिलेगा जो ओबीसी, एसटी व सामान्य वर्ग के गरीब वर्ग के लिए विनासकारी सिद्ध होगा।इसलिए अखिल भारतीय बहुजन विकास मंच किसान आंदोलन का तन-मन-धन से समर्थन करता है और तीनों कृषि कानूनों और थोक के भाव से किये जा रहे निजिकरण का पुरजोर विरोध करता है।

साथ ही कहा कि आंदोलन के दौरान आमजन को परेशान नहीं करना चाहिए और प्राईवेट और सरकारी सम्पति का नुकसान नहीं करना चाहिए। आंदालन करें, शान्तिपूर्वक करें और लाकतांत्रिक तरीके से करें किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# पपला के राइटहैंड महीपाल को तीन दिन का रिमांड

» मयंक जोशी

बहरोड़। कुख्यात गैंगेस्टर विक्रम उर्फ पपला गुर्जर के राईटहैंड महिपाल को शुक्रवार को पुलिस ने बहरोड़ कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे तीन दिन यानी 15 फरवरी तक की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने महिपाल की एक दिन की रिमांड दी थी। महिपाल को 10 जनवरी को पुलिस ने हरियाणा के कसोल इलाके से गिररफ्तार किया था। उसके पास से पुलिस को एक एके-47 और दो विदेशी पिस्टल भी मिली थी।

### पपला के राज उगलेगा महिपाल

महिपाल, पपला का बेहद करीबी है।ऐसे में रिमांड के दौरान पुलिस महिपाल से पपला से जुड़े राज उगलवाएगी। साथ ही यह भी पता लगाने की कोशिश करेगी कि फरारी के दौरान किस-किस ने पपला की मदद की। पुलिस महिपाल से पपला के पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश करेगी।पपला भी इस समय अलवर पुलिस की रिमांड पर है। ऐसे में हो सकता है कि महिपाल और पपला को आमने-सामने बैठाकर भी पूछताछ कर सकती है।

### अभी और हथियार बरामद होने की आशंका

पुलिस के अनुसार पपला गैंग से जुड़े बदमाशों को पुलिस दबोच रही है। अब तक 33 बदमाशों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अभी महिपाल के पास से पुलिस को एक एके-47 व दो विदेशी पिस्टल बरामद हुई है।जबकि 6 सितम्बर 2019 को जब पपला के साथी बहरोड़ थाने पर हमला करके उसे भगा ले गए थे तब इनके पास हथियारों की संख्या काफी थी।पकड़े गए गैंग के बदमाशों की पूछताछ के आधार पर पुलिस का दावा है कि जल्दी कुछ और भी हथियार बरामद किए जाएंगे।

### मुण्डावर कोर्ट में 15 को पेश करेंगे पपला

पपला को 11 फरवरी को बहरोड़ कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। इसके बाद उसे बहरोड़ कोर्ट से तो 24 फरवरी तक जेल भेज दिया।लेकिन पुलिस ने उसी दिन ही यानी 11 तारीख को दोपहर में एक दूसरे मामले में पपला को मुण्डावर कोर्ट में पेश किया।जहां से उसे 5 दिन के रिमांड पर लिया गया। इस मामले में भी पपला को जेल भेज दिया जाएगा तो पुलिस आगे किसी अन्य मामले में पपला को दुबारा कोर्ट में पेश करके रिमांड पर ले सकती है।बताया जा रहा है कि मुण्डावर में ही पपला के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं। जानकारी में यह भी है कि भिवाड़ी के थाने में भी पपला के खिलाफ मुकदमा दर्ज है।



फोटो फाइल

# नगरपालिका अध्यक्ष सीताराम यादव की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

बहरोड़।बहरोड़ नगर पालिका बोर्ड का शुक्रवार को 55 करोड़ 92 लाख 65 हजार रुपए का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।जबकि पिछला बजट 44 करोड़ 28 लाख 48 हजार रुपए था। अबकी बार 15 प्रतिशत बजट अधिक रहा है। जिसमें सड़क निर्माण व नाली निर्माण के लिए सम्भावित आय 14 करोड़ 65 लाख, सफाई कार्य के लिए 1 करोड़ 38 लाख रुपए, सड़क व नाला मरम्मत 6 करोड़ 87 लाख रुपए, वहीं नये नगर पालिका भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 72 लाख 50 हजार रुपए, उपकरण खर्चा 2 करोड़ 90 लाख और 1 करोड़ 15 लाख रुपए, नई सड़क निर्माण और सफाई कार्य के लिए 8 करोड़ 87 लाख रुपए निर्धारित किये गये हैं।चेयरमेन सीताराम यादव ने बताया कि आज 55 करोड़ 92 लाख 65 हजार रुपए का बजट सर्वसम्मति से पास हो गया है। ये बजट सड़क, नाली, बिजली उपकरण, सफाई उपकरण, सामुदायिक भवन, हाईमास्क लाईट, रैन बसेरा भवन, नगरपालिका भवन मरम्मत आदि में ये बजट लगाया जायेगा। वहीं बताया कि पहले एनएस वाले को एक मुस्त 10 साल का ठेका दे रखा है। ये नहीं मालूम किस आधार पर दिया है। नगर पालिका को एक साल के 1 लाख कुछ हजार रुपए मिलेंगे। इन्होंने नगर पालिका से 26 जगह का लिखित में ले रखा है। वो एक साईड का 11 से 13 हजार रुपए लेता है। जिससे नगर पालिका को 1 साल में 20-30 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। इसलिए बोर्ड ने ये निर्णय लिया है कि इसको निरस्त कर नोटिश जारी किया जाये। बैठक में चेयरमैन सीताराम यादव, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, विकास यादव, प्रदीप यादव, आरती शर्मा, संतोष देवी, विमला देवी, ओमप्रकाश, कविता सैनी, विक्रम, संजय मीर, कमला, पूनम यादव, ओम यादव, पुखराज गुप्ता सहित पार्षदगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 16 को अशोक नगर पहुंचेगी धारी देवी डोली

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। धारी देवी डोली विभिन्न जनपदों से होते हुए 16 फरवरी को अशोक नगर स्थित शिव मंदिर पहुंचेगी। यहां से विश्राम के बाद डोली मेरठ को रवाना हो जाएगी। उत्तराखण्ड युवा संगठन संस्थापक राकेश चैहान, अध्यक्ष, हेमंत बडथ्वाल पानी की टंकी कालोनी अशोक नगर बिजेंद्र हेमदान ने इसकी जानकारी दी। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में तीनों ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी धारी देवी डोली का आयोजन पूरी आस्था और उल्लास के साथ चल रहा है। डोली यात्रा पहाड़ के समस्त जनपदों में चल रही है। 16 फरवरी को पहाड़ के जनपदों से होकर डोली अशोक नगर स्थित शिव मंदिर पहुंचेगी। जहां श्रद्धालुओं द्वारा मां धारी देवी की पूजा अर्चना की जाएगी। पंडित सुरेंद्र नौटियाल डोली यात्रा को घुमाने में लगे हैं।

### शादी कर लौटा युगल

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र से फरार चल रहा प्रेमी युगल शादी कर लौट आया है। हाईकोर्ट ने दोनों को सुरक्षा देने को कहा है। पुलिस ने दोनों को सुरक्षा मुहैया कराई है। कुछ समय पहले कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से प्रेमी युगल फरार हो गया था। उसके बाद दोनों ने शादी कर ली और हाईकोर्ट से सुरक्षा की गुहार लगाई। कोर्ट ने उन्हें सुरक्षा देने के आदेश दिए। इंस्पेक्टर राजेश साह ने बताया कि दोनों बालिग हैं और उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई गई है।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनेगा 14 फरवरी

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। युवा सेवा संघ 14 फरवरी को मातृ–पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाएगें। प्रेसवार्ता में पूर्व दजार्धारी श्यामवीर सैनी व किशन कुमार ने यह जानकारी दी। दोनों ने कहा कि समाज में व्यापक परिवर्तन को युवा सेवा संघ की ओर से यह पहल की गई है। वैलेंटाइन–डे पश्चिमी सभ्यता का पर्व है, जिसे भारतीय संस्कृति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इससे न केवल व्यक्तिगत अपितु सामाजिक नुकसान भी है, जबकि मातृ–पितृत्व पूजन दिवस से व्यक्तिगत एवं सामाजिक उत्थान होता है। कहा कि युवा सेवा संगठन समाज के बीच पहुंचकर युवाओ को भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेरित और जागरूक करेगें। 14 फरवरी को दोपहर ढाई बजे नेहरू स्टेड़ियम में मातृ–पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसके निःशुल्क पूजा की थालियां उपलब्ध रहेगीं। विधायक प्रदीप बत्रा व मेयर गौरव गोयल कार्यक्रम में परिवार समेत मौजुद रहेगें। दोनों अतिथी कार्यक्रम का शुभारंभ करने के साथ ही समाज को भी पाश्चात्य संस्कृति से उत्पन्न होने वाली बुराईयों की जानकारी देगें। इसके लिए उन्होने समस्त हिंदू परिवारों से भी आगे आने का आहवान किया।

# व्यापारी हितों की आवाज उठाएगा प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल

» राज कुमार



रुड़की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखण्ड ने शुक्रवार को अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया। नई कार्यकारिणी में अनुज अग्रवाल को जिलाध्यक्ष, आदर्श कपानिया, रतन अग्रवाल जिला महामंत्री, धीर सिंह महानगर अध्यक्ष, दीपक अरोड़ा, कविश मितल महामंत्री, सार्थक छाबड़ा युवा महानगर अध्यक्ष, वसीम राजा व लखबीर सिंह को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष अजय गुप्ता, महामंत्री नवीन गुलाटी संगठन मंत्री नितिन शर्मा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोयन पत्र सौंपते हुए विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी पूर्णतया संगठन और व्यापारी हितों को काम करेगें।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे व्यापारी नेता रामगोपाल कंसल ने कहा कि प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल पूरी तरह से व्यापारियों के हित में है और हर स्तर पर व्यापारी हितों की आवाज उठाता रहेगा। प्रदेशाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल एक प्रदेश में चल रहे दो कानूनों का विरोध करता है।

प्रदेश सरकार ने जब विकास प्राधिकरण को पहाड़ में समाप्त कर दिया है तो फिर हरिद्वार जनपद में इसे क्यूं सक्रिय रखा गया है। निकायो में सर्किल रेट के आधार पर हाऊस टैक्स वसूले जाने के सरकार के अध्यादेश का भी व्यापार मंडल विरोध करता है। दो दिन पूर्व इसे लेकर संगठन की ओर से एमएनए को भी पत्र सौंपा गया था।

कहा कि लॉक डाउन के समय अधिकतर प्रतिष्ठान बंद रहे हैं, जिसका सभी व्यापारियों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। सरकार कोरोना आपदा और व्यापारियों को हुए नुकसान को देखते हुए उनके बिजली, पानी, हाक्रस टैक्स के बिल को पूर्णतया माफ करे। नवीन गुलाटी, नितिन शर्मा ने कहा कि व्यापारी हितों की आवाज को किसी भी स्तर पर दबने नहीं दिया जाएगा। जल्द ही पूरे प्रदेश में संगठन को विस्तार दिया जाएगा।

## ताइक्वांडो में रोबिन ने प्राप्त की बैल्क

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। ताइक्वांडो में ग्राम सढ़ौली निवासी रोबिन सैनी ने बैल्क बेल्ट प्राप्त की है। होनहार बेटे की सफलता से परिजन, एसोसिएशन व क्षेत्रवासियों के चेहरे खिले हैं। बधाई देने के लिए रोबिन के घर पर रिश्तेदारों, क्षेत्रवासियों का जमावड़ा लगा है। स्टार्विंग ताइक्वांडो एसोसिएशन ओर से रोबिन को रुड़की कोच की मान्यता प्रदान की गई है। ग्राम सढ़ौली, झबरेड़ा निवासी रोबिन पुत्र सुधीर सैनी पिछले 4 वर्षो से ताइक्वांडो प्रशिक्षण ले रहे हैं। कई बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओ में रोबिन पदक जीत चुके हैं। उनके पिता सुधीर सैनी ने बताया कि रोबिन एक अच्छे प्रशिक्षक भी हैं। बेटे की सफलता से वह बेहद खुश हैं। वहीं रोबिन सैनी का कहना है कि हमेशा उनका सपना रहा है कि रुड़की जैसे अच्छे शहर में वह ताईक्वांडो प्रशिक्षण शुरू करें। अब इसकी मानन्यता मिलने से उनका यह सपना पूरा हो गया है। रोबिन अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों व पिता को देते हैं। बताया कि कड़ी मेहनत, लगन और परिवार से मिले सहयोग के कारण वह सब सम्भव हो पाया हैं। हाल ही में 21 फरवरी को सहारनपुर में होने वाले ताइक्वांडो कैम्प में प्रशिक्षक के रूप में वह मौजुद रहेगें। वह दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, फरीदाबाद, उत्तराखण्ड आदि शहरों से प्रशिक्षक कैम्प में मौजुद रहेगें।

## ढंडेरा में हाल-बेहाल, ग्रामीण बोले, सरकार हमारी भी सुध लो

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। ढंडेरा में सड़कों, जलभराव की हालत ने हालात बिगाड़ दिए हैं। मुख्य मार्ग से लेकर गांव की अंदर की सड़कों की भी हालत खस्ता बनी है। जिसे लेकर ग्रामीणों की भी डगर मुश्किल हो गई है। दूसरे रास्तों से मीलों लंबा सफर तय कर ग्रामीण मंजिल तक पहुंचने को विवश है। ग्रामीणों में सरकार के साथ ही स्थानीय सांसद व विधायक के खिलाफ भी आक्रोश बना हैं। बाईक मैकेनिक का काम करने वाले ढंडेरा निवासी सुभाष कुमार, डिफेंस कालोनी में गारमेंट्स की दुकान चलाने वाले मिलाप नगर, ढंडेरा निवासी मयूर चावला व सीमेंट कारोबारी एवं किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष देवेश शर्मा कहते हैं कि पिछले 7 वर्षो से ढंडेरा-लक्सर मार्ग के हालात बदतर बने हैं। गोलभट्टा, मिलापनगर में तो आज तक हालात नहीं सुधर सके हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने जलभराव से निजात को लेकर ड्रेनेज सिस्टम को हरी झंडी दी थी। इसके लिए ढंडेरा को नगर पंचायत का भी दर्जा दिया गया था, लेकिन 2017 में सत्ता परिवर्तन होने के बाद से यह कार्य अधर में लटक गया। जिस कारण आज तक परेशानी झेलनी पड़ रही है। 25 हजार की आबादी का आधा गांव बिन बरसात हर समय तालाब बना रहता है। उत्तराखण्ड युवा संगठन संस्थापक राकेश चैहान बताते हैं कि ढंडेरा से देहरादून हाईवे पर पहुंचनी वाली मिशन रोड़ तो इतनी बदतर हैं कि यहां हर समय सड़क पर 2 फुट तक पानी भरा रहता है। जिस कारण ग्रामीणों का निकलना मुश्किल बना है। पानी के बीच सड़क में गड्ढे दिखाई न देने से आए दिन ग्रामीण इसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिझौली में शिक्षक के पद पर तैनात ढंडेरा निवासी अशोक पाल कहते हैं कि सड़क का होना न होना बराबर हो गया है। दूसरे रास्ते से लंबा सफर तय कर वह हाईवे पर पहुंच रहे हैं, जिसके बाद स्कूल को पहुंचते हैं। इससे कई बार देर भी हो जाती है। रास्तों, जलभराव की समस्या को लेकर अब भाजपाईयो में भी अपनी ही सरकार और विधायक के खिलाफ आक्रोश पनपने लगा है। लंढौरा के पूर्व मंडलाध्यक्ष जितेंद्र पुंडीर, अल्पसंख्यक मोर्चा के नौशाद अली कहते हैं कि पिछले दो साल से ढंडेरा होकर देहरादून हाईवे पर पहुंचने वाली सड़क की हालत खराब है। जल निकासी न होने से गांव के एक हिस्से का पानी सड़क पर ही भर रहा है। जिससे सड़क तालाब बन गई है। पानी के कारण ही सड़क गड्ढों में तब्दील है। हादसों के डर से दूसरे रास्तों से होकर निकलना पड़ रहा है।

जितेंद्र पुंडीर के मुताबिक इसे लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय, ग्रह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखा जाएगा। सालों से समस्या जटिल होने के कारण पार्टी के वोट बैंक पर भी इसका असर पड़ने लगा है।

## मानकपुर में सम्मेलन में पढ़ाया बसपा की नीतियों का पाठ

रुड़की। ग्राम मानकपुर आदमपुर मे शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ता समेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अथिति पहुंचे बसपा प्रदेशाध्यक्ष नरेश गौतम ने कार्यकर्ताओ को बसपा की रीतियों-नीतियों का पाठ पढ़ाया। कहा कि बसपा में ही कार्यकताओं व सर्व समाज का हित सुरक्षित है। कांग्रेस, भाजपा आज किसान, मजदूर, छोटे कारोबारियों और युवाओ का शोषण कर रही है। कोरोना काल में मंदी और बेरोजगारी की मार झेल चुके मजदूर, छोटे व्यापारी आज महंगाई की मार से परेशान हैं। युवाओ को रोजगार मुहैया नहीं हो पा रहा है। किसान की हालत तो आज पूरे देश में बद से बदतर हो चली है। कहा कि अपने हितों की रक्षा को आज सबको मिलकर कांग्रेस, भाजपा के खिलाफ मोर्चा संभालना होगा, तभी किसान, मजदूर, युवा और छोटे कारोबारी आगे बढ़ सकते हैं। बसपा ही सर्व समाज को उसके अधिकार दे सकती है। प्रदेश प्रभारी मदन लाल ने कहा कि देश में आज किसान, गरीब, मजदूर, युवाओ व किसानों के विरोध में बने हैं। भाजपा, कांग्रेस छोटे स्तर की राजनीति कर रही है, जिसका नुकसान देश के गरीब और मध्यमवर्ग को झेलना पड़ रहा है। पूर्व विधायक मो. शहजाद ने कहा कि आज हर तरफ लोगों में कांग्रेस, भाजपा की नीतियों के विरोध में आक्रोश बना है। प्रदेश महामंत्री चै राजेंद्र सिंह ने कहा कि देश की जनता को आज दोनों दलों को समझना होगा। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पूंजीपतियो की पार्टियां हैं और उन्ही के हित में काम करने में लगी हैं। गरीब, मजदूर से दोनों दलों को कोई लेना-देना नही है। कार्यक्रम को बसपा विधानसभा प्रभारी झबरेड़ा आदित्य बृजवाल, रवीन्द्र कश्यप, प्रधान रामपाल सिंह, संदीप चैधरी, सुनील मनवीर सिंह डॉ. मनोज, मुल्कीराज, चै श्याम पाल पांवटी प्रदीप चैधरी विधान सभा अध्यक्ष चंद किरण, लोकेंद्र, वरुण प्रधान, मोनू राणा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजुद रहे।

# जीआईसी रुड़की में शिक्षक संघ कार्यकारिणी का स्वागत



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। उत्तराखंड प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ हरिद्वार की नवगठित कार्यकारिणी का शुक्रवार को राजकीय इण्टर कॉलेज रुड़की में स्वागत, अभिनन्दन किया गया। सम्मान समारोह में नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष पवन सैनी, महामंत्री किरत पाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष कौशिक, कोषाध्यक्ष अखलाख अहमद कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ संयुक्त मंत्री राकेश कुमार का माला पहना कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशि भूषण मिश्रा व संचालन अरुण शर्मा ने किया। जिलाध्यक्ष पवन सैनी ने जनपदीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों की ओर से कहा कि जनपद में प्रत्येक शिक्षक की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। हर स्तर पर शिक्षकों की आवाज उठाई जाएगी। महामंत्री कीरतपाल सिंह ने कहा कि शिक्षक संघ का उद्देश्य शिक्षकों के हितों की रक्षा का है। इसी उद्देश्य को लेकर संगठन आगे बढ़ रहा है। इसमें सभी शिक्षकों का सहयोग भी बराबर मिल रहा है। सभी कंधे से कंधा मिलाकर एक-दूसरे के साथ खड़े हैं, जो बेहद सराहनीय है। समारोह में उप शिक्षाधिकारी रुड़की सुबोध मालिक, राम मिलन प्रधानाचार्य जीआईसी रुड़की, मनोज धीमान ब्लॉक अध्यक्ष, वीपी सिंह ब्लॉक मंत्री, राजेंद्र सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विनय सुंदरियाल कोषाध्यक्ष, शमशुद्दीन वरिष्ठ संयुक्त मंत्री, सुनील कुमार, रामदास, रविराज, अंजेश, साजिद, सुधीर सैनी, अनूप बंसल, यशवीर, शशि कल्याण, रीता सैनी, सरिता, कमला भट्ट तर्निका, सुनीता सैनी, शशि बाला, अनु सैनी, शिखा गोयल, उमा सैनी, तरुण गोयल, इशरत जहां, नासिर हुसैन शिवचरण पुंडीर उर्मिला पुंडीर, संजय सैनी, संगीता वर्मा, शिखा वर्मा, इसरार अहमद, सायमा बेगम विक्रम सिंह खोखर कुसुम, भरत सिंह रावत प्रदीप कुमार ब्लॉक जीत पाल सिंह यशपाल सिंह नरेश कुमार सैनी रजनीश सैनी रिजवान ब्लॉक मंत्री भगवानपुर सोरण सिंह वरिष्ठ संयुक्त मंत्री पाल, यशपाल सिंह, जोगिंदर लाल यादव रोहित धीमान आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

26 को झींवरहेड़ी में होगा गौरक्षा सम्मेलन

रुड़की। भारतीय ग्राम्य विकास एवं गौरक्षार्थ न्यास की ओर से 26 फरवरी को ग्राम झींवरहेडी में गौरक्षा सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन की जानकारी देते हुए न्यास के अध्यक्ष एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महन्त प्रेमानन्द गिरि महाराज ने बताया कि सम्मेलन में गौरक्षा और गौवंश आधारित खेती को प्रोत्साहन देने के लिये अवसरों और तकनीक पर विचार रखे जायेंगे। इस दौरान जैविक कृषि अपनाने वाले किसानों के अनुभवों को भी साझा किया जायेगा। इसमें अनेक कृषि वैज्ञानिक, साधु सन्त और गणमान्य लोग भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के उपरांत एक विशाल भण्डारे का आयोजन भी होगा। इससे पूर्व भारतीय ग्राम्य विकास एवं गौरक्षार्थ न्यास द्वारा संचालित गौशाला में सात दिनों तक आचार्य रामपाल वैदिक व अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा लोक कल्याणार्थ हवन यज्ञ किया जायेगा।

## 23 पर मुकदमा दर्ज, परिजनों ने किया बेटी का शव लेने से इंकार

» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। मौलाना गांव के जंगल में मिले युवती-युवती के मामले में पुलिस ने युवती के पिता समेत 23 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उधर पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया, जबकि युवती के परिजनों ने कंकालनुमा शव लेने से इंकार कर दिया। जिस पर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। वहीं तनाव की आशंका के बीच गांव में दूसरे दिन भी भारी पुलिस बल तैनात बना रहा। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल दोनों ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। झबरेड़ा थाना क्षेत्र के मोलना गांव में 24 जनवरी से लापता युवक, युवती के क्षत-विक्षत शव गुरुवार को एक खेत से बरामद हुए थे। शरीर के अंगों को धारदार हथियार से काटे जाने की बाते सामने आ रही हैं। पुलिस को ऑनर किलिंग की आशंका है। फोरेंसिक टीम ने मौके से कुछ नमूने भी लिए। बुधवार शाम मोलना में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान एक कुत्ता मानव अंग लेकर गन्ने के खेत से बाहर निकला। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी, इसी बीच गांव के सत्तार ने गांव के ही अंकित त्यागी पर बेटी को गायब कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। अंकित के परिजनों ने भी बुधवार को उसकी गुमशदगी थाने में लिखवा दी। सुबह पुलिस ने जंगल में काबिंग शुरू की तो गन्ने के खेत में युवे, युवती के क्षत-विक्षत शव मिले। शरीर के कई अंग भी गायब थे। कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त अंकित और शबाना के रूप में हुई। पुलिस जांच में पता चला कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे। लॉकडाउन के दौरान शबाना के परिजनों ने मुजफ्फरनगर के बसेड़ा में उसकी शादी कर दी थी। 24 जनवरी को ही शबाना गांव आई थी। यहीं से उसने अंकित को फोन किया। जिसके बाद अंकित इकबालपुर से अपने मेडिकल स्टोर से गांव पहुंच गया। इसके बाद से दोनों लापता हो गए।

## पूरे किए 6 वर्ष, विधायक, कमांडेट, सीओ का जताया आभार

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। कैंट बोर्ड सभासद संजय अग्रवाल ने गुरूवार को 6 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया। सभासद संजय अग्रवाल ने सहयोग के लिए विधायक, मेयर, कमांडेट, सीओ व समस्त साथियों का आभार जताया। कहा कि सभी से अच्छा सहयोग मिला। एक अच्छे साथी की तरह वह सबके बीच रहे। उन्होने भी अपने फर्ज को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास किया। मदरलैंड वाईस से बातचीत में कैंट बोर्ड वार्ड नं-6 के सभासद संजय अग्रवाल के साथ ही उनके तमाम परिजन खुश दिखाई दिए। कहा कि चुनाव के दौरान वह फिर से सभासद के रूप में नई पारी की शुरूआत करना चाहेगें।

इसके लिए भी उन्होने तमाम साथियों, पार्टी नेताओ और अधिकारियों के अच्छे सहयोग की उम्मीद है। संजय अग्रवाल ने कहा कि कैंट बोर्ड में 6 वर्ष के कार्यकाल में उन्हे रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, नगर निगम मेयर गौरव गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुभाष वर्मा, भाजपा के दोनों मंडलाध्यक्षों, कमांडेंट, सीओ, सभी बोर्ड के निर्वाचित और नामित साथियों का अच्छा सहयोग मिला।

## ब्याज मुक्त ऋण से सुधरेगें किसानों के आर्थिक हालातः बालियान

» मदरलैंड संवाददाता



मंगलौर। नारसन ब्लाक प्रागण में शनिवार को किसानों के लिए 3 लाख का ब्याज मुक्त ऋण वितरण किये जाने को भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल बालियान ने सराहनीय कदम बताया है। बालियान ने कहा कि योजना के तहत उत्तराखण्ड के 25 हजार किसानों को खेती किसानी के साथ ही मत्स्य पालन, जड़ी बूटी, मुगीर्पालन, मौम पालन आदि के लिए ऋण दिया गया है। प्रदेश भर में 100 स्थानों, 95 ब्लॉक व 5 अन्य स्थानो पर किसानों को एक साथ ऋण वितरण किया गया। मुख्यमंत्री व मंत्री धनसिह रावत ने वर्चुअल के माध्यम से सभी कार्यक्रम स्थलों से जुड़कर लोगों से संवाद किया। बालियान ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के तहत 3 लाख रुपये का ब्याज रहित ऋण वितरण का शुभारंभ किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अलावा कार्यक्रम में प्रदेश की 200 कृषि ऋण सहकारी समितियों को कंप्यूटराइजेशन के लिए हार्डवेयर भी वितरित किए गये। सहकारी समितियों के कंप्यूटराइजेशन पर लगभग 40 करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। इसमें 25 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार के माध्यम से दी जाएगी। मार्च 2021 तक प्रदेश की सभी सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा जहां प्रदेश की सभी समितियां कंप्यूटरीकृत होंगी। किसानों से किए वादे सरकार पूरा कर रही है। प्रदेश के किसानों ने भी सरकार की अपेक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। कहा कि 2017 में सरकार ने किसानों को 2 प्रतिशत ब्याज पर 1 लाख रुपये का ऋण दिया था।

अब सरकार किसानों को 3 लाख रुपये और समूह को 5 लाख का ब्याज मुक्त ऋण देगी। कहा कि प्रदेश में 20 सालों में पहली बार गन्ने का भुगतान सत्र शुरू होने से पहले किया गया। सरकार का प्रयास है कि धान, गेहूं, गन्ना समेत अन्य फसलों का किसानों को समय पर भुगतान हो।

इसके लिए उन्हें इंतजार न करना पड़े। शनिवार को नारसन ब्लॉक कार्यालय पर झबरेडा व मंगलौर विधानसभा के 400 और रुड़की ब्लॉक में 581 किसानों को लाभान्वित किया गया।

## आदि स्काउट मास्टर एवं गाइड प्राप्त कर रहे प्रशिक्षण

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। भारत स्काउट गाइड द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर फ्री बीइंग मी... डायट परिसर में शुरू किया गया। जिसका उद्घाटन डायट प्राचार्य दिनेश लाल शाह ने किया। प्राचार्य शाह ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाएं बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्काउटिंग छात्रों को अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम की भावना सिखाती है। ‌शिविर में जनपद के 50 विद्यालयों के स्काउट मास्टर एवं गाइड प्रशिक्षण ले रहे हैं। शिविर के प्रथम दिन आज प्रतिभागी शिक्षकों ने बॉडी कॉन्फिडेंस, परफेक्ट लुकिंग, मिथ तथा छात्रों के समक्ष आने वाले विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में सीखा। शिक्षक शिक्षिकाओं ने पोस्टर के माध्यम से विभिन्न क्रियाकलापों को भी सिखा। शिविर में जिला स्काउट सचिव राजेश सैनी, जिला संगठन आयुक्त पुरवेंदर शर्मा, जिला गाइड कमिश्नर प्रशिक्षण सुमेघा आहूजा, डॉ सकुन सिंह, क्वार्टर मास्टर जितेंद्र पुंडीर, प्रदीप त्यागी, गजेंद्र सिंह, विनोद चैहान, सुषमा बालियान, बबीता त्यागी, मीनाक्षी सैनी, सुनीता दुड़ेजा, रेणु सैनी, छवि, अनुज पांडे, ऋषिपाल, अरुण खरे, मैनपाल सिंह, आदि स्काउट मास्टर एवं गाइड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# सोलर पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट के खिलाफ धरने पर बैठे ग्रामीण

» मदरलैंड संवाददाता



झबरेड़ा। भगवानपुर क्षेत्र में स्थित सोलर पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. व अन्य सोलर कंपनी की ओर से बिना मुआवजा दिए लगाए गए पोल हटवाने को ग्राम वासियों ने अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। भलस्वागाज स्थित हरिद्वार सोलर पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड व अन्य सोलर कंपनियों ने किसानो के खेतों में पोल लगाकर विद्युत लाइन लगाई है। बिनारसी निवासी किसानों ने एसडीएम भगवानपुर को प्रार्थना पत्र देकर मांग की कि सोलर पावर प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. ने किसानों की फसलों में सोलर पावर लाइन के पोल खड़े किए हैं जिनका उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया गया। गुरूवार को किसान अमित त्यागी अपने खेत पर पेड़ों की छंटाई कर रहा था तो उसे जोरदार करंट लगा। झुलसे किसान को सिविल अस्पताल रुड़की में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां किसान खतरे से बाहर है। बताया कि पावर प्लांट लगने से पहले किसानों को अवगत कराया गया था कि सौर ऊर्जा की लाइनें हैं इससे व्यक्ति को करंट नहीं लगता परंतु अब जान माल की हानि व फसलों के नष्ट होने का खतरा बना है। 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी मुआवजे की रकम किसानों को नहीं दी गई है। जब भी किसान मुआवजा मांगने के लिए कंपनी प्रबंधक से बात करते है तो कोई भी सही जवाब नहीं मिलता। किसानों का कहना है कि विदेशी कंपनी ने उनकी जमीनों पर कब्जे कर लिए हैं यह ईस्ट इंडिया कंपनी जैसी है जो व्यापार के बहाने किसान को गुलाम बनाने आई है।

किसानों ने मजबुरन अनिश्चित काल के लिए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों ने धरना स्थल पर उचित व्यवस्था की मांग की है। एसडीएम को अवगत कराते हुए कहां कि कंपनी धनबल व बाहुबल से मजबूत है।

किसानों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। धरना स्थल पर कंपनी द्वारा माहौल खराब किया जा सकता है।

किसानों की सुरक्षा को उचित व्यवस्था की जाए। शासन के संज्ञान में मामला लाकर किसानों को न्याय दिलाया जाए। इस दौरान राकेश कुमार नवाब सिंह अतुल त्यागी अमरीश त्यागी विकास त्यागी रामकुमार प्रधान नईम अहमद मुमताज आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरी पत्नी पाल्ली, पुत्र असबीर व पुत्र वधु ज्योति मेरे कहने सुनने में नहीं है, जिस कारण में तीनों को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इनके किसी भी कार्य, लेन-देन से मेरा कोई सम्बंध नही है। रामसिंह पुत्र दयाचंद, नि. ग्राम बेलड़ी साल्हापुर, थाना कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# सुप्रीम कोर्ट ने फ्रैंकलिन टेम्पलटन की 6 योजनाएं बंद करने पर ई-वोटिंग की वैधता को दी मान्यता

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फ्रैंकलिन टेम्पलटन की छह म्यूचुअल फंड योजनाओं को बंद करने पर ई-वोटिंग की वैधता को मान्यता दी और कहा कि यूनिट धारकों को धन दिया जाता रहेगा। न्यायमूर्ति एसए नजीर और संजीव खन्ना की पीठ ने ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए कुछ यूनिट धारकों द्वारा विरोध को खारिज करते हुए कहा कि धन का वितरण शीर्ष अदालत के पहले के आदेश के अनुसार जारी रहेगा। शीर्ष न्यायालय ने दो फरवरी को आदेश दिया था कि फ्रैंकलिन टेम्पलटन की छह म्यूचुअल फंड योजनाओं के यूनिट धारकों को तीन सप्ताह के भीतर 9,122 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाए।




न्यायालय ने कहा था कि धन का वितरण यूनिट धारकों की परिसंपत्तियों में हिस्सेदारी के अनुपात में की जाएगी। इससे पहले शीर्ष न्यायालय ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को ई-मतदान प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त करने को कहा था।

फ्रेंकलिन टेम्पलटन की छह म्यूचुअल फंड योजनाओं को बंद करने के संबंध में मतदान दिसंबर के अंतिम सप्ताह में हुआ था और इसे अधिकांश यूनिट धारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था।

## 50 हजार डॉलर का मार्क छूने के करीब बिटक्वाइन

**नई दिल्ली ।** क्रिप्टोकरेंसी बिटक्वाइन 50000 डालर के मार्क को छूने के करीब है। अमेरिकी बैंक बीएनवाय मेलन द्वारा क्रिप्टोकरेंसीज को समर्थन मिलने के बाद बिटक्वाइन की कीमत शुक्रवार को 49000 डालर के करीब के नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई। अमेरिकी बैंक ने कहा है कि वह डिजिटल एसेट्स को होल्ड करने, ट्रांसफर करने और जारी करने में क्लाइंट्स की मदद करने के लिए एक नई यूनिट का गठन करेगा। बीएनवाय मेलन में एसेट सर्विसिंग के सीईओ और डिजिटल के हेड रोमन रीगलमैन ने कहा था कि डिजिटल एसेट्स के लिए एक इंटीग्रेटेड सर्विस उपलब्ध कराने को लेकर योजनाओं की घोषणा करने वाला बीएनवाय मेलन पहला बैंक है। इसके अलावा मास्टरकार्ड ने भी ऐलान किया है कि वह इस साल के आखिर से मर्चेंट्स को मास्टरकार्ड प्लेटफॉर्म पर चुनिंदा क्रिप्टोकरेंसी स्वीकार करने की इजाजत देगी। इसके बाद गुरुवार को बिटक्वाइन की कीमत 7 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 47913 डालर दर्ज की गई। शुक्रवार को बिटक्वाइन ने 48925.53 डालर का स्तर छुआ। बिटक्वाइन में जारी तेजी के रुख को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि यह क्रिप्टोकरेंसी जल्द ही 50000 डालर की कीमत पर पहुंच जाएगी। 2021 में बिटक्वाइन की कीमत अभी तक 60 फीसदी बढ़ चुकी है। वहीं डालर में एशिया क्षेत्र में शुक्रवार को भी गिरावट का रुख रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### पावर ग्रिड का मुनाफा 26 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली । पावर ग्रिड कॉरपोरेशन का मुनाफा चालू वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में 26 प्रतिशत बढ़कर 3,367.71 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 2,672.03 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। मुख्य रूप से बिजली पारेषण के कारोबार से जुड़ी पावर ग्रिड की कुल आय आलोच्य तिमाही में 10,359.48 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2019-20 की तीसरी तिमाही में 9,541.13 करोड़ रुपए थी।

### एनएचपीसी का मुनाफा 50 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की पनबिजली कंपनी एनएचपीसी का मुनाफा चालू वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही में 50 प्रतिशत बढ़कर 961.64 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 639.13 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। एनएचपीसी की कुल आय आलोच्य तिमाही में 2,610.69 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2019-20 की इसी तिमाही में 2,279.45 करोड़ रुपए थी। कंपनी के निदेशक मंडल ने 2020-21 के लिए 10 रुपए अंकित मूल्य के शेयर पर 12.50 प्रतिशत अंतरिम लाभांश देने की मंजूरी दी है।

### ऑयल इंडिया का मुनाफा 122 प्रतिशत बढ़कर 903.69 करोड़ रहा

नई दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल इंडिया का मुनाफा चालू वित्त वर्ष 2020-21 की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में 122 प्रतिशत उछलकर 903.69 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से कर मामलों के निपटान से कंपनी को हुए एकबारगी लाभ के कारण मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 406.39 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। ऑयल इंडिया ने अपने तिमाही परिणाम के ब्योरे में कहा है कि कर विवाद निपटान योजना विवाद से विश्वास का विकल्प चुनने से कंपनी को 1,158.54 करोड़ रुपए का लाभ हुआ। कंपनी ने योजना के तहत आकलन वर्ष 2003-04 से 2016-17 के अपने सभी लंबित आयकर विवाद का समाधान कर लिया।

### पेट्रोल और डीजल हुआ महंगा

नई दिल्ली । घरेलू बाजार में लगातार चौथे दिन शुक्रवार को दोनों ईंधनों में आग लगी। दिल्ली में शुक्रवार को पेट्रोल जहां 29 पैसे बढ़कर 88.14 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया, वहीं डीजल तो 35 पैसे प्रति लीटर की छलांग लगा कर 78.38 रुपए प्रति लीटर के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया। इस समय लगभग हर शहरों में दोनों ईधनों के दाम उच्च स्तर पर चल रहे हैं। मुंबई में तो पेट्रोल 94 रुपए के पार चला गया है जो कि मेट्रो शहरों में सबसे ज्यादा है। इसके साथ ही लगभग सभी शहरों में पेट्रलि सर्वकालिक उच्च स्तर पर चला गया। इससे पहले बीते साल की दूसरी छमाही में भी पेट्रोल के दाम बढ़े। बीते 10 महीने में ही इसके दाम में करीब 18 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है। पेट्रोल के साथ साथ डीजल की कीमत भी रिकार्ड बनाने की राह पर अग्रसर है। कल ही डीजल 30 पैसे चढ़ा था। शुक्रवार को फिर यह 35 पैसे महंगा हुआ है। नए साल में 16 दिनों के दौरान ही डीजल 04.51 रुपये प्रति लीटर महंगा हो चुका है। यह भी सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर है। पिछले 10 महीने में ही इसके दाम में 16 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो चुकी है।

### मजबूती के साथ खुले बाजार

मुंबई । इंफोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में तेजी तथा विदेशी कोषों की लगातार आवक के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स में शुक्रवार को शुरूआती कारोबार के दौरान 100 अंकों से अधिक की तेजी आई। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 141.75 अंक बढ़कर 51,673.27 पर था, जबकि एनएसई निफ्टी 36.50 अंक बढ़कर 15,209.80 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक दो प्रतिशत की तेजी इंफोसिस में हुई, जबकि टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईटीसी, ओएनजीसी, भारती एयरटेल, एसबीआई और इंडसइंड बैंक लाल निशान में थे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 222.13 अंक बढ़कर 51,531.52 पर और निफ्टी 66.80 अंक बढ़कर 15,173.30 पर बंद हुआ था।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे चढ़ा

मुंबई । घरेलू शेयर बाजार में तेजी और विदेशी कोषों की लगातार आवक के चलते रुपया शुक्रवार को शुरूआती कारोबार के दौरान 10 पैसे चढ़कर 72.77 के स्तर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 72.79 पर खुला और फिर बढ़त के साथ 72.77 के स्तर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले करीब 10 पैसे की वृद्धि दशार्ता है। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले गुरुवार को 72.87 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत बढ़कर 90.48 पर पहुंच गया।

### सोने में गिरावट, चांदी तेज

मुंबई । पिछले सत्र में तेज गिरावट के बाद सोने के भाव में शुक्रवार को फिर गिरावट आई है। वहीं चांदी की कीमतों में तेजी आई है। सोना अगस्त, 2020 के रिकॉर्ड हाई 56,200 रुपए प्रति 10 ग्राम से 9000 रुपए सस्ता हो चुका है। मल्टीपल कमोडिटी एक्सचेंज (एमचीएक्स) पर वायदा सोना गिरावट के साथ 47,411 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर खुले, लेकिन दिन चढ़ने के साथ इसमें थोड़ी तेजी आई और सुबह 10.30 बजे 5 अप्रैल को डिलिवरी होने वाला वायदा सोना 33 रुपए की गिरावट के साथ 47,475 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ट्रेड हो रहा था। वहीं 05 मार्च की डिलिवरी वाली वायदा चांदी 68,506 रुपए के भाव पर खुली और अभी यह 192 रुपए की तेजी के साथ 68,684 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर ट्रेड हो रही थी।

## आईटीसी को 3,587 करोड़ का लाभ

**नई दिल्ली ।** दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली आईटीसी लिमिटेड का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 3,587.20 करोड़ रुपए रहा। आईटीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पिछले वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 4,047.87 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। कंपनी की परिचालन आय 2020-21 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 14,124.48 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 13,307.54 करोड़ रुपए थी। इस बीच आईटीसी ने कहा कि परिणाम तुलनीय नहीं है क्योंकि इसमें सनराइज फूड्स की आय का आंकड़ा शामिल है जिसे कंपनी ने 27 जुलाई 2020 को अधिग्रहण किया था।



## सन फार्मा ने सेबी के साथ लंबित विवाद निपटाया

**मुंबई ।** देश की प्रमुख दवा कंपनी सन फार्मास्युटिकल और दिलीप सांघवी (प्रबंध निदेशक) और सुधीर वालिया (निदेशक) समेत उसके सात कार्याधिकारियों ने 2.92 करोड़ रुपए का जुमार्ना चुकाने के लिए सहमति देकर बाजार नियामक सेबी के साथ अपना लंबित विवाद सुलझा लिया है। सन फार्मा ने 56 लाख रुपए का निपटान शुल्क चुकाने के लिए सहमति जताई है, जबकि सांघवी 62.3 लाख रुपए और वालिया 37.4 लाख रुपए चुकाएंगे। अन्य लोगों ने 18.5 लाख रुपए और 37.4 लाख रुपए के बीच रकम चुकाने पर सहमति जताई है।




यह मामला संबंधित मानकों के उल्लंघन और कोष गबन के आरोपों से संबंधित था। व्हिसिल-ब्लोअरों ने आरोप लगाया था कि सन फार्मा और उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई सन फार्मास्युटिकल लैबोरेटरी ने आदित्य मेडिसेल्स के जरिये कोष का गबन किया। आदित्य मेडिसेल्स भारत में उसकी एकमात्र वितरक है। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया था कि कोष की हेराफेरी कई वर्षों तक बरकरार रही, लेकिन सन फार्मा ने 2017-18 में ही आदित्य मेडिसेल्स को इस मामले में संबंधित पक्ष के तौर पर घोषित किया था। आरोपों के आधार पर, पूंजी बाजार नियामक सेबी ने जांच के साथ साथ फॉरेंसिक ऑडिट शुरू कराया। इसमें पाया गया था कि दवा दिग्गज संबंधित पक्षों से संबंधित नियमों का पालन करने में विफल रही। सेबी के आदेश के अनुसार सन फार्मा आदित्य मेडिसेल्स के साथ सौदों के लिए ऑडिट समिति की पूर्व मंजूरी लेने में विफल रही थी। इसके अलावा वह शेयरधारकों की मंजूरी हासिल करने में भी नाकाम रही। कंपनी ने अपनी सालाना रिपोर्टों में भी इन संबंधित पार्टी के लेनदेनों का खुलासा नहीं किया।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया एक नया बचत प्रोडक्ट-'आईसीआईसीआई प्रू गारंटी इनकम फॉर टुमारो'

**गुडगाँव/फरीदाबाद।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया लक्ष्य-आधारित बचत प्रोडक्ट 'आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड इनकम फॉर टुमारो' (जीआईएफटी) लॉन्च किया है। यह प्रोडक्ट पॉलिसीधारक को गारंटीड आय प्रदान करता है, जिससे उन्हें दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलती है। यह नॉन-पार्टिसिपेटिंग बचत उत्पाद ग्राहकों के लिए भविष्य की आय की अनिश्चितता को काफी हद तक खत्म करने में सहायक साबित हो सकते हैं। लाइफ कवर परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है, जो एक मजबूत वित्तीय योजना के लिए आवश्यक है। 'आईसीआईसीआई प्रू गारंटी इनकम फॉर टुमारो' की लॉन्चिंग के अवसर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर श्री अमित पालटा ने कहा, ''हमने हाल ही में अपनी 20 वीं वर्षगांठ मनाई है और हमारे नए प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड इनकम फॉर टुमॉरो (जीआईएफटी) का शुभारंभ करने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था। यह विविधतापूर्ण दीर्घकालिक बचत उत्पाद ग्राहकों को कई लाभ प्रदान करता है। यह न केवल ग्राहकों की आय संबंधी विभिन्न जरूरतों का ध्यान रखता है, बल्कि उन्हें वैल्थ क्रिएशन का एक अवसर भी प्रदान करता है। अनेक सुविधाओं से युक्त यह प्रोडक्ट इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहकों को बेहतर रिटर्न हासिल हो सके और साथ ही उन्हें दूसरे वर्ष की शुरूआत से ही लाभ प्राप्त करने की सुविधा मिल सके, ताकि वे अपने लिए एक मजबूत वित्तीय योजना तैयार कर सकें।'आईसीआईसीआई प्रू गारंटी इनकम फॉर टुमारो' का एक अन्य पहलू 'सेव द डेट' फीचर है। ग्राहक इस सुविधा का उपयोग अपने व्यक्तिगत जीवन में आने वाले महत्वपूर्ण अवसरों को और भी खास बनाने के लिए कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, वे अपनी शादी की सालगिरह, जीवनसाथी के जन्मदिन आदि जैसे विशेष तिथियों पर आय प्राप्त करना शुरू कर सकते हैं। पॉलिसीधारक 5, 7 या 10 वर्षों की अवधि के लिए गारंटीड आय के रूप में परिपक्वता लाभ प्राप्त करने का विकल्प चुन सकता है। वेरिएंट अद्वितीय सुविधा प्रदान करता है, जो ग्राहकों को पॉलिसी के दूसरे वर्ष से आय प्राप्त करना शुरू करने की गारंटी देता है, जिसे गारंटीड अर्ली इनकम के रूप में जाना जाता है। इस वेरिएंट में, ग्राहकों को खरीदारी के समय केवल एक बार प्रीमियम का भुगतान करना होगा और पॉलिसी की अवधि को चुनना होगा, जिसके बाद वे गारंटीड एकमुश्त लाभ प्राप्त करना चाहेंगे।

## हवाई यात्रा 30 फीसदी तक महंगी हुई

**नई दिल्ली ।** सरकार ने हवाई यात्रा के किराए में 30 फीसदी तक बढ़ोतरी की है।

सरकार ने अलग-अलग रूट्स के लिए न्यूनतम और अधिकतम किराया तय कर दिया है। न्यूनतम किराए में 10 फीसदी तक और अधिकतम किराए में 30 फीसदी तक की बढोतरी कर दी है। वहीं सरकार ने ये भी साफ कर दिया है कि 31 मार्च 2021 तक घरेलू हवाई यात्रा का परिचालन 80 फीसदी क्षमता के साथ होता रहेगा। दिल्ली से मुंबई का किराया अब 3,500-10,000 रुपए के बजाय 3,900-13,000 रुपए हो जाएगा। 40 मिनट वाली उड़ानों का किराया 2,200-7,800 रुपए होगा, जो पहले 2,000-6,000 रुपए था।

40-60 मिनट वाली उड़ानों का टिकट पहले 2,500-7,500 रुपए था, जो अब 2,800-9,800 रुपए हो गया है। 60-90 मिनट वाली उड़ानों का किराया 3,300-11,700 रुपए के बीच होगा।

90-120 मिनट की उड़ानों की बात करें तो आपको 3,900-13,000 रुपए के बीच किराया देना होगा।

120-150 मिनट वाली उड़ानों का किराया 5,000-16,900 रुपए के बीच होगा। 150-180 मिनट की अवधि वाली उड़ानों का किराया 6,100-20,400 रुपए तक होगा।




## एयर इंडिया बिक्री: रुइया समूह को विश्वास, बोली लगाने मिलेगा मौका

**कोलकाता ।** रुइया औद्योगिक घराने को यकीन है कि एयर इंडिया की खरीद के लिए बोली लगाने का मौका मिलेगा। जानकार सूत्रों ने यह बात बताई। रुइया समूह ने सरकारी क्षेत्र की इस एयरलाइन की शत प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए रुचि-पत्र प्रस्तुत किया है। सरकार द्वारा तय शर्त के अनुसार इस एयरलाइन के लिए बोली लागने वाले के पास कम से कम 3500 करोड़ रुपए की शुद्ध परिसम्पत्ति होनी चाहिए। रुइया घराने को यकीन है कि इस शर्त को पूरा करने में उसे कोई दिक्कत नहीं होगी। रुइया समूह ने रुचि-पत्र (ईओआई) के साथ अपनी जिन सम्पत्तियों का विवरण दिया है उनमें डनलप, फाल्कन और जेस्सप एंड कंपनी की सम्पत्तियां शामिल नहीं है। घाटे और कर्ज में फंसी एयर इंडिया को खरीदने की दौड़ में टाटा समूह और एयर इंडिया के कर्मचारियों का समूह भी शामिल है। रुइया समूह के पूर्व चेयरमैन पवन रुइया को कंपनियों को वित्तीय संकट से उबरने का विशेषज्ञा माना जाता है। इस मामले में डनलप इंडिया, फैलकान टायर्स और जेस्सप एंड कंपनी को बहुत जल्दी वित्तीय संकट से उबार कर पटरी पर लाने का उदाहरण दिया जाता है। एयर इंडिया के लिए रुइया घराने की चाल अप्रत्याशित रही है। समूह यह दाव ऐसे समय लगा रहा है जबकि उपरोक्त तीन कंपनियों के अधिग्रहण के बाद बैंकों ने उससे कर्जों की मांग शुरू कर दी है और समूह अदालत में उलझा है।

## एनटीपीसी की कामेंग परियोजना की चौथी इकाई शुरू

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शुक्रवार को कहा कि उसकी सहायक उत्तर पूर्व इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन की कामेंग जलविद्युत परियोजना की चौथी इकाई ने व्यावसायिक रूप से परिचालन शुरू कर दिया है, जिसकी क्षमता 150 मेगावाट है। एनटीपीसी ने शेयर बाजार को बताया कि उत्तर पूर्व इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की कामेंग जयविद्युत परियोजना की 150 मेगावाट क्षमता वाली चौथी इकाई ने 12 फरवरी को व्यावसायिक परिचालन शुरू किया। इसके साथ एनटीपीसी समूह की वाणिज्यिक क्षमता 64,075 मेगावाट हो गई है।




## ओला बनाएगी इलेक्ट्रिक स्कूटर, एबीबी के साथ मिलकर बनाई योजना

**नई दिल्ली ।** ऐप आधारित टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी ओला ने तमिलनाडु में अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर कारखाने में रोबोटिक्स और स्वचालन तकनीक से ग्लोबल टेक्नोलाजी कंपनी एबीबी के साथ भागीदारी की है। ओला इस कारखाने में इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाएगी और आने वाले महीनों में इसके चालू होने की उम्मीद है। बयान के अनुसार ओला पेंटिंग और वेल्डिंग प्रक्रिया समेत अपने कारखाने की प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं में एबीबी की ऑटोमेशन टेक्नोलाजी का इस्तेमाल करेगी। साथ ही इसमें एबीबी के रोबोट का भी बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाएगा। कंपनी के अनुसार ओला ने तमिलनाडु में अपने स्कूटर कारखाने में रोबोटिक्स और स्वचालन तकनीक के उपयोग के लिए वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी एबीबी के साथ भागीदारी की है। ओला की आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस तकनीकी से युक्त इस कारखाने में एबीबी के रोबोट को डिजिटल तरीके से जोड़ा जाएगा ताकि इसके प्रदर्शन, उत्पादकता और उत्पाद की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सके। समझौते की जानकारी देते हुए ओला के चेयरमैन और समूह सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) भाविश अग्रवाल ने में कहा कि हमें रोबोटिक्स, मशीन स्वचालन और डिजिटल सेवाओं में वैश्विक कंपनी एबीबी के साथ भागीदार के रूप में जुड़ने की खुशी है। इन रोबोट व समाधानों को हमारे स्कूटर कारखाने में तैनात किया जाएगा।



## शाओमी ने बेचे 90 लाख से अधिक स्मार्टफोन

**नई दिल्ली ।** भारत में पापूलर कंपनी शाओमी ने जानकारी दी है कि भारत में पिछले वर्ष फेस्टिव सीजन के दौरान 90 लाख से अधिक स्मार्टफोन बेचे गए हैं जिनमें एमआई 10टी प्रो, रेडमी नोट 9 प्रो मेक्स, रेडमी नोट 9 प्रो, रेडमी 9, रेडमी 9ए जैसे कई अन्य मॉडल्स शामिल हैं। एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2020 में शाओमी ने वैश्विक स्तर पर 14.5 करोड़ स्मार्टफोन बेचे हैं। शाओमी ने कहा है कि रेडमी नोट सीरीज दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली सीरीज है। रेडमी नोट सीरीज अपनी पूरी जनरेशन में सबसे ज्यादा लोकप्रिय स्मार्टफोन्स में से एक है। वैश्विक स्तर पर भी रेडमी नोट सीरीज सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। वर्ष 2020 में, शाओमी ने वैश्विक स्तर पर 14.5 करोड़ स्मार्टफोन बेचे हैं। हाल ही में यह बताया गया था कि वर्ष 2020 की चौथी तिमाही में



शाओमी के वैश्विक स्मार्टफोन शिपमेंट में साल दर साल 31 फीसद बढ़कर 4.3 करोड़ यूनिट्स की वृद्धि हुई है।चीनी मार्केट की बात करें तो शाओमी के शिपमेंट में साल दर साल 46 फीसद की वृद्धि हुई जो 1.2 करोड़ यूनिट थी। भारतीय मार्केट में, शाओमी ने 2020 की चौथी तिमाही में साल-दर-साल बढ़ोत्तरी कर खुद को शीर्ष स्थान तक पहुंचाया है। शाओमी ने सोमवार को अपने फ्लैगशिप मॉडल एमआई 11 को वैश्विक स्तर पर लॉन्च कर दिया है। एमआई 11 की कीमत ईयूआर 749 यानी करीब 65,800 रुपये है। यह कीमत इसके 8 जीबी रैम और 128 जीबी स्टोरेज की है। वहीं, इसके 8 जीबी रैम और 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत ईयूआर 799 यानी करीब 70,100 रुपये है। इसे क्लाउड वाइट, हॉरिजन ब्लू, मिडनाइट ग्रे कलर में पेश किया गया है। आगे जाकर एमआई 11 स्पेशन एडीशन को भी लिमिटिड स्टॉक के तहत पेश किए जाने की संभावना है। बता दें कि कंपनी ने भारत में अपनी अलग पहचान बनाई है। कंपनी की रेडमी नोट सीरीज यूजर्स के बीच बेहद लोकप्रिय हुई है। बजट रेंज में यह यूजर्स को काफी पसंद आ रही है। इसकी लोकप्रियता इसी से पता चलती है कि रेडमी नोट सीरीज के स्मार्टफोन्स की 20 करोड़ यूनिट्स वैश्विक तौर पर अब तक शिप की जा चुकी हैं।

# श्रीसंत-पुजारा को आईपीएल नीलामी के लिए चयनित 292 खिलाड़ियों में नहीं मिली जगह

- हरभजन, जाघव, स्मिथ और मैक्सवेल शामिल
- अर्जुन तेंदुलकर सबसे कम आधार मूल्य के वर्ग में शामिल



**मुम्बई।** अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का आईपीएल खेलने का सपना पफिर टूट गया है। पुजारा को 18 फरवरी को होने वाली नीलामी के लिए नामांकित 292 खिलाड़ियों में जगह नहीं मिली है। वहीं प्रतिबंध के बाद सात साल बाद मैदान में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को भी आईपीएल के लिए शामिल नहीं किया गया है। आईपीएल संचालन परिषद ने खिलाड़ियों की तादद में कमी करते हुए 292 खिलाड़ियों के नाम ही तय किये हैं। इसमें आठ फ्रेंचाइजी 61 स्थानों को भरने के लिए बोली लगाएंगी। नीलामी सूची में 164 भारतीय, 125 विदेशी और एसोसिएट देशों के तीन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पुजारा और श्रीसंत खिलाड़ियों की इस सूची में शामिल नहीं किये गये हैं। श्रीसंत ने हाल ही में केरल की तरफ से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूनार्मेंट में भाग लिया था और उन्होंने आईपीएल 2021 की नीलामी के लिए अपना बेस प्राइस 75 लाख रुपये तय कर रखा था। वहीं दूसरी ओर अनुभवी स्पिनर हरभजन सिंह और मध्यक्रम के बल्लेबाज केदार जाधव के अलावा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल को भी 18 फरवरी को चेन्नई में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अगली नीलामी के लिए दो करोड़ रुपये आधार मूल्य के वर्ग में रखा गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के पास सर्वाधिक 13 स्थान उपलब्ध हैं जबकि सनराइजर्स हैदराबाद सिर्फ तीन खिलाड़ियों को खरीद सकता है। किंग्स इलेवन पंजाब की टीम सबसे अधिक 53 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि के साथ नीलामी में उतरेगी जबकि हैदराबाद के बाद 11 करोड़ (10 करोड़ 75 लाख) से कुछ कम राशि है। चेन्नई सुपरकिंग्स के पास 22 करोड़ 70 लाख रुपये हैं और उसके पास सात स्थान उपलब्ध हैं। सुपरकिंग्स ने इस साल हरभजन और जाधव को रिलीज किया है। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे और बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्जुन को संशोधित सूची में 20 लाख रुपये के सबसे कम आधार मूल्य के वर्ग में शामिल किया गया है। मैक्सवेल और स्मिथ के अलावा विदेशी खिलाड़ियों में शाकिब अल हसन, मोईन अली, सैम बिलिंग्स, लियाम प्लंकेट, जेसन रॉय और मार्क वुड को सर्वाधिक आधार मूल्य के वर्ग में शामिल किया गया है। डेढ़ करोड़ रुपये के आधार मूल्य के वर्ग में 12 खिलाड़ियों को जगह मिली है जबकि बल्लेबाज हनुमा विहारी और तेज गेंदबाज उमेश यादव एक करोड़ रुपये के तीसरे वर्ग में हैं।



# टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक लगाने वाले दूसरे पाकिस्तानी बल्लेबाज बने रिजवान

**लाहौर।** पाकिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने दक्षिण अफ्रीका के साथ सीरीज के पहले ही टी20 क्रिकेट मुकाबले में तेज शतक लगाया है। रिजवान ने 7 छक्के और 6 चौके लगाकर नाबाद 104 रनों की पारी खेली। इस प्रकार पाक टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट खोकर 169 रन बनाये। रिजवान का टी20 क्रिकेट में यह पहला शतक है। वह अहमद शहजाद के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक लगाने वाले दूसरे पाकिस्तानी बल्लेबाज हैं। वहीं क्रिकेट के तीनों फार्मेट में शतक जड़ने वाले रिजवान पाकिस्तान के केवल दूसरे बल्लेबाज हैं। उनके अलावा यह कारनामा अहमद शहजाद ने किया है। रिजवान ने 64 गेंदों में सात छक्के और नौ चौकों की मदद से शतकीय पारी खेली। इसके अलावा कोई पाक बल्लेबाज रन नहीं बना पाया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक की शुरूआत अच्छी नहीं रही। कप्तान बाबर आजम बिना खाता खोले ही रन आउट हो गए। रिजवान के अलावा हैदर अली ने 21, हुसैन तलत ने 15 और खुशदिल शाह ने 12 रन बनाये।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरे टेस्ट से बाहर हुए आर्चर

चेन्नई। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से बाहर हो गये हैं। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपने एक बयान में कहा, ''आर्चर दायीं कोहनी के दर्द के कारण भारत के खिलाफ यहा दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। वह कोहनी के दर्द के कारण ही पहले टेस्ट मैच में भी परेशान थे।'' वैसे भी इस तेज गेंदबाज को रोटेशन नीति के कारण सीरीज के दौरान विश्राम दिये जाने की संभावना थी जो अब दिया जाना तय हो गया है। वहीं ईसीबी ने कहा है कि इस तेज गेंदबाज को किसी पिछली परेशानी के कारण यह चोट नहीं लगी। बोर्ड ने कहा, ''यह मामला किसी पिछली चोट से जुड़ा हुआ नहीं है और उम्मीद है कि उपचार से वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। इस तेज गेंदबाज के अहमदाबाद में तीसरे टेस्ट मैच में वापसी की उम्मीदें हैं।'' आर्चर के बाहर होने के बाद तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और अनुभवी स्टुअर्ट ब्रॉड का खेलना तय है। पहले एंडरसन को रोटेशन के तहत आराम दिया जाना था पर आर्चर के बाहर होने के बाद ऐसा नहीं होगा। इसके साथ ही पहले टेस्ट में भाग लेने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर की जगह बेन फोक्स को अवसर मिलेगा। फोक्स के पास पांच टेस्ट मैचों का अनुभव है। इंग्लैंड टीम पहला टेस्ट मैच जीतने के बाद चार मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। इंग्लैंड टीम इस प्रकार है। जो रूट (कप्तान), ओली पोप, डैनियल लॉरेंस, डॉमनिक सिबले, मोईन अली, बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स, रॉरी बर्न्स, बेन फोक्स (विकेटकीपर), जेम्स एंडरसन, डॉमनिक बेस, स्टुअर्ट ब्रॉड, जैक लीच और ओली स्टोन।

### महिला पेशेवर गोल्फ टूनार्मेंट में सहर अटवाल की बढ़त कायम

मुंबई। भारत की सहर अटवाल ने दूसरे दौर में एक अंडर 69 के स्कोर के साथ ही महिला पेशेवर गोल्फ टूनार्मेंट के तीसरे चरण में अपना शीर्ष स्थान बनाये रखा है। पहले दिन पांच अंडर 65 का शानदार प्रदर्शन करने वाली सहर ने एमेच्योर खिलाड़ी अवनी प्रशांत (70) और अनुभवी अमनदीप द्राल (71) पर तीन शॉट की बढ़त बनाये रखी है। दो दौर के बाद सहर का कुल स्कोर छह अंडर 134 है जबकि अवनी और अमनदीप तीन अंडर 137 के कुल स्कोर के साथ ही संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। दूसरे दौर में 71 के स्कोर से कुल 139 के स्कोर के साथ हिताषी बख्शी चौथे स्थान पर हैं। इसके अलावा संयुक्त 15वें स्थान पर चल रही रिया पूर्वी चार अंडर 66 के स्कोर से पार 140 का कुल स्कोर बनाकर संयुक्त 5वें स्थान पर पहुंच गई। वहीं वाणी कपूर (68-72) और ज्हान्वी बख्शी (66-74) भी संयुक्त रुप से पांचवें स्थान पर हैं।

### कमिंग ने ऋषभ की जमकर तारीफ की

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया तेज गेंदबाज पेट कमिंग ने टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं जो जानते हैं कब शॉट खेलना है कब नहीं। कमिंस ने इस बारे में कहा, यह सिक्के का एक प्रकार है, क्योंकि जब पुजारा वहां थे तो खेल बहुत जल्दी नहीं चल रहा था, लेकिन ऋषभ के आने के बाद उन्होंने तेजी से रन बनाने शुरू किए। वह एक क्लास खिलाड़ी है, वह खेल को आगे ले जाने का तरीका जानता है। वह अपने खेल को वास्तव में अच्छी तरह से जानता है, वह जानता है कि कब आक्रमण करना है और उसके स्कोरिंग क्षेत्र क्या हैं, इसलिए अगली श्रृंखला से पहले, हमें इस पर ध्यान देने की जरुरत रहेगी। इस समय भारत और इंग्लैंड के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। ऋषभ ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में भी आक्रामक अंदाबज में 91 रन की पारी खेली थी हालांक भारतीय टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

### आईपीएल के 14 वें सत्र में बदलावों के साथ नजर आयेगी किंग्स इलेवन पंजाब

नई दिल्ली। आईपीएल 2021 के इस 14 वें सत्र में किंग्स इलेवन पंजाब बदलावों के साथ ही नये नाम और लोगो के साथ नजर आयेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रीति जिंटा की ये टीम नाम के साथ-साथ लोगो भी बदलेगी। माना जा रहा है कि आईपीएल नीलामी से पहले ही इस बदलाव की धोषणा होगी। आईपीएल नीलामी 18 फरवरी को चेन्नई में होगी। किंग्स इलेवन पंजाब अपनी टीम का नाम और लोगो क्यों बदल रही है इसकी कोई पक्की जानकारी नहीं है। ये टीम कभी आईपीएल नहीं जीती है। इस टीम की कप्तानी लोकेश राहुल के हाथों में है। साथ ही मुख्य कोच अनिल कुंबले हैं लेकिन फिर भी आईपीएल 2020 में ये टीम लीग स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाई। आईपीएल 2021 से पहले किंग्स इलेवन पंजाब ने ग्लेन मैक्सवेल को रीटेन नहीं किया है। रिटेन खिलाड़ीः केएल राहुल, क्रिस गेल, मयंक अग्रवाल, निकोल्स पूरन, मनदीप सिंह, सरफराज खान, दीपक हुड्डा, प्रभसिमरन सिंह, मोहम्मद शमी, क्रिस जॉर्डन, दर्शन नलकांदे, रवि बिश्नोई, मुरुगन अश्विन, अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बरार, इशान पोरेल. रिलीज खिलाड़ीः ग्लेन मैक्सवेल, शेल्डन कॉटरेल, करुण नायर, हार्डस विलॉइन, जगदीश सुचित, मुजीब उर रहमान, जिमी नीशाम, कृष्णा गौतम, तजिन्दर सिंह।

# दूसरे टेस्ट में विकेटकीपिंग करने जा रहे फोक्स को विकेट से जल्दी टर्न मिलने की उम्मीदें



**चेन्नई।** दूसरे टेस्ट के लिए अनुभवी विकेटकीपर जोस बटलर की जगह इंग्लैंड की टीम में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने जा रहे बेन फोक्स का कहना है कि चेपक स्टेडियम की नई पिच पर कम उछाल रहने के कारण विकेट से जल्दी ही टर्न मिलने की उम्मीदें हैं। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 227 रन से जीता पर इस दौरान चेपक की लाल मिट्टी की पिच से चौथे दिन तक तेज टर्न नहीं मिल रहा था। वहीं फोक्स का कहना है कि दूसरे टेस्ट के लिए पिच पिछले मैच से अलग है। इसमें गहरे रंग की मिट्टी है। मुझे लगता है कि यह काफी धीमी हो सकती है और इसलिए शायद कम उछाल मिले हालांक पिच को लेकर मेरे पास अधिक अनुभव नहीं है लेकिन मुझे ऐसा लगता है। पांच टेस्ट खेल चुके 27 साल के इस युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि यह पिच थोड़ी जल्दी स्पिन लेगी। मैं इसे लेकर काफी आगे के बारे में नहीं सोचना चाहता और देखते हैं कि मैच के दिन क्या होता है और हम उसी के अनुसार अपनी योजना बनाएंगे। इंग्लैंड की ओर से पिछला टेस्ट साल 2019 में खेलने वाले फोक्स को अपने साथी खिलाड़ियों से टिप्स मिले हैं और उनका मानना है कि इससे उन्हें अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का सामना करने में मदद मिलेगी जो अच्छी फॉर्म में हैं। इस विकेटकीपर ने कहा, ''मैं पिछले मैच खेलने वाले खिलाड़ियों के साथ बात कर रहा था और चीजें समझने की कोशिश की और टिप्स ली। देखते हैं कि फायदा होता है या नहीं। इन्हें अपने खेल के अनुसार ढालने का प्रयास करूंगा। अपनी सीमाओं के अनुसार खेलूंगा।'' फोक्स ने कहा कि लंबे ब्रेक के बाद हमेशा मन में संदेह रहता है लेकिन वह समझ सकते हैं कि अनुभवी विकेटकीपर बटलर ने इस बीच शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही कहा कहा कि ऑफ स्पिनर डॉम बेस के सामने विकेट पर आगे खड़े होकर विकेटकीपिंग करने का उन्हें ज्यादा अनुभव नहीं है।

# क्रिकेटर मनोज तिवारी ने बतायी रूट को आउट करने की योजना



**चेन्नै।** बंगाल के क्रिकेटर मनोज तिवारी ने पहले टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को आउट करने की योजना साझा की है। मनोज तिवारी ने सोशल मीडिया पर एक चार्ट शेयर किया है, जिसमें रूट को आउट करने और उनके खिलाफ फील्डिंग सजाने की योजना का खुलासा किया गया है। पहले टेस्ट मैच में रूट को आउट करने में भारतीय गेंदबाजों को जमकर पसीना बहाना पड़ा था। तिवारी ने जो योजना बनायी है उसमें बताया कि जब रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर गेंदबाजी कर रहे हों, तब जो रूट के लिए 7 खिलाड़ी ऑन साइड पर जबकि दो फील्डर ऑफ साइड पर रखे जायं। इस योजना के मुताबिक, स्लिप पर किसी भी फील्डर को रखने की जरूरत नहीं है। रूट ने चेन्नै के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 228 रन बनाए थे जिसके बल पर इंग्लैंड की टीम ने पहली पारी में 538 रन का विशाल स्कोर बनाया था। इंग्लैंड ने इस मैच को 227 रन से जीता। अब दूसरा टेस्ट मैच भी इसी मैदान पर 13 फरवरी से खेला जाएगा। मनोज तिवारी ने भारत के लिए 12 वनडे और तीन टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं।


# टिकट के लिए चेपॉक स्टेडियम में उमड़ी भीड़

**चेन्नई।** भारत और इंग्लैंड के बीच शनिवार से यहां हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के लिए स्टेडियम में टिकट लेने दर्शकों की भारी तादाद दिखी। इस दौरान कोरोना महामारी के कारण लागू सामाजिक दूरी के नियम का खुला उललंघन हुआ। सभी टिकटों की बिक्री हालांकि ऑनलाइन की गयी पर टिकट हासिल करने के लिये दर्शक स्टेडियम पहुंच गये। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने इस दूसरे टेस्ट मैच के लिये 50 फीसदी दर्शकों को आने की अनुमति दी है। इसके साथ ही लगभग एक साल बाद देश में किसी खेल प्रतियोगिता में दर्शकों को प्रवेश मिलेगा। स्टेडियम के बाहर भीड़ को लेकर टीएनसीए के एक अधिकारी ने कहा कि भ्रम के कारण ऐसा हुआ। इस अधिकारी ने कहा, ''टीएनसीए ने घोषणा की थी कि दूसरे टेस्ट मैच के लिये ऑनलाइन बुक किये गये टिकटों को 11 फरवरी से लिया जा सकता है पर दर्शक इसे गलत समझ बैठे और स्टेडियम में आ गये जिसके कारण भीड़ हो गयी और भ्रम की स्थिति बन गयी।'' इस अधिकारी ने इसके साथ ही कहा कि टिकटों को सुचारू रूप से जारी किया गया। इसके बाद होने वाले दो और टेस्ट मैचों में भी दर्शकों को प्रवेश मिलेगा।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में देवेंद्र और निमिशा को स्वर्ण



**दुबई।** भारतीय पैरा एथलीटों देवेंद्र कुमार और निमिशा सुरेश सी ने यहां 12वीं फाजा अंतरराष्ट्रीय विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में अपने अभियान की शुरूआत स्वर्ण पदकों के साथ की है। देवेंद्र ने अपने दूसरे प्रयास में 50.61 मीटर की दूरी के साथ पुरुष चक्का फेंक एफ-44 में स्वर्ण पदक जीता जबकि निमिशा ने महिला लंबी कूद एफ 46/47 वर्ग में 5.25 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण हासिल किया। पुरुष चक्का फेंक एफ-44 में रजत पदक भी भारत के प्रदीप ने 41.77 मीटर के प्रयास के साथ जीता। इसके अलावा बेलारूस के दमित्री बारटाशेविच ने(37.08 मीटर) वर्ग में कांस्य पदक जीता। देवेंद्र ने कहा, 'यह मेरा पहला अंतरराष्ट्रीय पदक है। मैं इसे लेकर काफी उत्साहित हूं हालांकि मैं प्रतियोगिता में 54 मीटर की थ्रो के लक्ष्य के साथ आया था। मैं अगली चैंपियनशिप में इसे हासिल करने का प्रयास करुंगा।' केरल की निमिशा ने अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में स्वर्ण जीता। उन्होंने कहा, 'यह स्वर्ण मेरे लिए विशेष है। मैं प्रतियोगिता से पहले नर्वस थी क्योंकि यह मेरी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। मैं पिछले दो साल से ट्रेनिंग कर रही थी।' इन दोनो के अलावा प्रणव देसाई ने पुरुष 100 मीटर टी-64 स्पर्धा में 11.76 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जबकि विनोद कुमार ने पुरुष चक्का फेंक एफ-52 स्पर्धा में 18.52 मीटर की दूरी के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। रक्षिता राजू ने पांच मिनट 22.15 सेकेंड निकालकर महिला 1500 मीटर टी-11 स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।



जर्मनी में महिला स्केलिटन रेस में भाग लेती हुई जर्मनी की जैक्यूलीन।

# दूसरे टेस्ट के लिए फिट हुए अक्षर



**चेन्नई।** टीम इंडिया के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल अब पूरी तरह से फिट हैं और इंग्लैंड के साथ शनिवार से शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई ने कहा, ''चोट के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाये अक्षर पटेल अब पूरी तरह से ठीक हैं और शनिवार से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के चयन के लिए उपलब्ध हैं।'' अक्षर ने अब तक 38 एकदिवसीय और 11 टी20 खेलने खेले हैं। वह भारतीय टीम की अंतिम ग्यारह में शाहबाज नदीम की जगह शामिल होंगे। भारत ने पहले मैच में स्पिनर शाहबाज नदीम को शामिल किया था पर वो प्रभावित करने में विफल रहे हैं। उन्होंने पहली पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने के कई मौके दिए। उन्होंने इस दौरान नौ नो बॉल किए, जो टेस्ट क्रिकेट में स्वीकार्य नहीं हैं। बीसीसीआई ने गया, ''ऑल इंडिया सीनियर सेलेक्शन कमेटी ने अब शाहबाज नदीम और राहुल चाहर को मुख्य टीम से वापस ले लिया है और यह दोनों अब वापस स्टैंडबाय खिलाड़ियों के ग्रुप में शामिल हो गए हैं। भारत की टेस्ट टीमः विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (उप कप्तान), केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रविचंद्र अश्विन, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, इशांत शर्मा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर. स्टैंडबाय खिलाड़ीः केएस भारत, अभिमन्यु ईश्वरन, शाहबाज नदीम, राहुल चाहर, प्रियांक पांचाल. नेट बॉलर : अंकित राजपूत, आवेश खान, संदीप वॉरियर, कृष्णप्पा गौतम, सौरभ कुमार।

# पूर्वांशी कोटिया को दोहरी सफलता

**जूनियर बालिका वर्ग में पूर्वांशी कोटिया ने श्रुति पिपरकर को 3-2 से, यूथ बालिका वर्ग में श्रुति पिपरकर को 3-0 से हराकर दोहरा खिताब अर्जित किया**

**इन्दौर।** जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में अभय प्रशाल में आयोजित सत्र की प्रथम इन्दौर जिला ओपन टेबल टेनिस स्पर्धा के फाईनल मुकाबलों में जूनियर बालिका वर्ग में पूर्वांशी कोटिया ने श्रुति पिपरकर को 3-2 से, वहीं यूथ बालिका वर्ग में भी पूर्वांशी कोटिया ने श्रुति पिपरकर को 3-0 से हराकर दोहरा खिताब अर्जित किया सेमीफाईनल मुकाबलों में जूनियर बालिका वर्ग में पूर्वांशी कोटिया ने स्नेहा जैन को 3-0, श्रुति पिपरकर ने अनन्या महाजन को 3-0, जूनियर बालक वर्ग में अंश गोयल ने श्रेयश चैंगावकर को 3-0, अनुज सोनी ने विशेष रस्तोगी को 3-1 से वहि यूथ बालिका वर्ग में पूर्वांशी कोटिया ने भुमिका साहुकार को 3-0, श्रुति पिपरकर ने बुश्रा हाश्मि को 3-0 से तथा महिला एकल वर्ग में पूर्वांशी कोटिया ने रश्मि सोनी को 4-2, श्रुति पिपरकर ने अनन्या महाजन को 4-1 से हराकर फाईनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाईनल मुकाबलो में जूनियर बालक वर्ग में अनुज सोनी ने रचित जैन को 3-2, विशेष रस्तोगी ने सार्थक खंडेलवाल को 3-0, अंश गोयल ने रिदम गढा को 3-0, श्रेयश चौंगांवकर ने यश दुबे को 3-1 से, वहीं महिला एकल वर्ग में पूर्वांशी कोटिया ने भुमिका साहुकार को 4-0, श्रुति पिपरकर ने सुमैया सुल्तान को 4-0, अनन्या महाजन ने स्नेहा जैन को 4-2, रश्मि सोनी ने वंशिका चैहान को 4-3 से हराकर सेमीफाईनल में स्थान बनाया। अन्य मुकाबलों में यूथ बालक वर्ग में निकुंज शर्मा ने मृदुल नेमा को 3-1, विशेष रस्तोगी ने महेन्द्र मांडलिक को 3-0, अंशुल कुसुमाकर ने रूदांश मौरे को 3-1, सार्थक खंडेलवाल ने सिद्धार्थ बुधानी को 3-0, रचित जैन ने विनय यादव को 3-2, आराध्य वेद ने अमन चौहान, अंश गोयल ने रूद्र चौधरी को 3-0, मानस उकाले ने निकुंज शर्मा को 3-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# मेलबर्न में लॉकडाउन के बाद भी जारी रहेगा ऑस्ट्रेलियाई ओपन

**मेलबर्न।** कोविड-19 का नया स्ट्रेन मिलने के बाद मेलबर्न में लॉकडाउन लगा दिया गया है हालांकि इसके बाद भी यहां साल का पहला ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनार्मेंट जारी रहेगा। अब इस टूनार्मेंट में दर्शकों के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है, वहीं अभी तक सीमित तादाद में दर्शकों को प्रवेश की अनुमति थी। अधिकारियों के अनुसार ब्रिटेन में मिले कोरोनावायरस के स्ट्रेन का मामला यहां पाया गया है। जिसके कारण ही पूरे शहर में पांच दिनों तक का लॉकडाउन लगाया गया है। शुक्रवार से शहर में लॉकडाउन का आदेश लागू हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेलबर्न एयरपोर्ट के एक क्वारंटीन होटल में कोविड के कई मामले मिले हैं, जिसके बाद शुक्रवार की रात से शहर में लॉकडाउन लगाने का आदेश दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया ओपन सोमवार से ही शुरू हुआ है। इसका चार दिनों का खेल भी समाप्त हो गया है। इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी पृथकवास के दौर से भी गुजरे हैं।



# यामी गौतम ने अपनी मोनोक्रोम तस्वीर की शेयर

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की। इसमें वह शर्ट और स्कर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं। वह कैमरे से काफी दूर हैं और गहराई से कुछ सोचते हुए नजर आ रही हैं। यामी ने पोस्ट को कैप्शन दिया कि 'ब्लैक एन व्हाइट टोन के बारे में कुछ खास।' अभिनय की बात करें, तो यामी ने हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत पुलिस' की शूटिंग पूरी कर ली है। इसमें उनके साथ सैफ अली खान, जैकलीन फर्नांडीज, अर्जुन कपूर और जावेद जाफरी भी नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन पवन कृपलानी कर रहे हैं। इसके बाद यामी अगली फिल्म 'दासवी' में नजर आएंगी।

# मलयालम फिल्मों में भी नजर आएंगी डायना पेंटी

बॉलीवुड अभिनेत्री डायना पेंटी अब मलयालम फिल्मों में भी नजर आएंगी। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अगामी मलयालम फिल्म की



घोषणा की। वह रोशन द्वारा निर्देशित एक अनटाइटल्ड फिल्म में अभिनेता दुलकर सलमान के साथ नजर आएंगी। डायना ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'नए सफर का जश्न। रोशन, दुलकर और पूरी टीम को ज्वाइन करने के लिए सुपर एक्साइटेड हूं। मेरी पहली मलयालम फिल्म। इस सफर के लिए आगे बढ़ रही।' इस फिल्म का निर्माण दुलकर सलमान कर रहे हैं। बता दें कि डायना फिल्म 'शिद्दतः जर्नी बियॉन्ड लव' में भी दिखाई देंगी। इसमें राधिका मदान, सनी कौशल और मोहित रैना भी हैं।

# शर्टलेस और ब्लैक जिम पैंट पहने नजर आए वरुण धवन



बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर अपनी एक नई तस्वीर शेयर की। हाल ही में वरुण ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में वह शर्टलेस और ब्लैक जिम पैंट पहने नजर आए हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन दिया कि 'नेवर बैक डाउन।' बता दें कि वरुण ने पिछले महीने बचपन की दोस्त नताशा के साथ शादी की। वहीं, वर्कफ्रंट पर अभिनेता को आखिरी बार उनकी डिजिटल रूप से रिलीज हुई फिल्म 'कुली नंबर 1' में देखा गया था, जिसमें सारा अली खान भी थीं। इस फिल्म को वरुण के पिता डेविड धवन द्वारा निर्देशित किया गया है। इसके अलावा वह अनिल कपूर, नीतू कपूर और कियारा आडवाणी के साथ 'जुग जुग जियो' में दिखाई देंगे। यह फिल्म दो जोड़ों की कहानी बयां करेगी।



# 'डोंट लुक अप' की शूटिंग के दौरान घायल हुईं जेनिफर लॉरेंस

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर लॉरेंस अपनी नई फिल्म 'डोंट लुक अप' की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। अभिनेत्री की पलक में कांच का टुकड़ा लग गया और वह चोटिल हो गई हैं। खबर है कि अभिनेत्री लॉरेंस सह-कलाकार टिमोथे चालमेट के साथ एक सीन की शूटिंग कर रही थीं, उसी दौरान यह घटना हुई। सेट पर किए गए एक नियंत्रित विस्फोट में लॉरेंस की पलक कट गई और खून बहने लगा। घटना के बाद शूटिंग को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। हालांकि, सोमवार को जेनिफर के सेट पर वापसी की उम्मीद है। बता दें कि 'डोंट लुक अप' में स्टार्स लॉरेंस और लियोनार्दो डिकैप्रियो छोटे वैज्ञानिक के किरदार में हैं, जो यह पता लगाते हैं कि एक उल्का पिंड 6 महीने बाद पृथ्वी पर हमला करेगा। इसे बताने के लिए वे मीडिया से बात करते हैं, लेकिन उनकी बात पर कोई भरोसा नहीं करता। इस नेटफ्लिक्स फिल्म में मेरिल स्ट्रीप, जोनाह हिल और केट ब्लैंचेट भी हैं।

# नेहा धूपियाः सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग बड़ी समस्या, मां-बहन की गाली देने वालों से सख्ती से निपटने की जरूरत

**मुंबई।** सन 2002 में 'फेमिना मिस इंडिया' खिताब अपने नाम करने वाली नेहा धूपिया का शुमार बॉलीवुड की बड़ी अभिनेत्रियों में किया जाता है। नेहा धूपिया ने अपने करियर की शुरूआत एक मॉडल के रूप में की, लेकिन उन्होंने जल्दी ही अपनी अभिनय क्षमता का भी लोहा मनवाया। हिंदी, पंजाबी, मलयालम और तेलुगु की अनेक फिल्मों में अभिनय करने वाली नेहा धूपिया लंबे समय से फेमिना मिस इंडिया की जज की भूमिका निभा रही हैं। नेहा ने कहा कि सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग मुझे बहुत परेशान करती है। मुझे लोगों की मानसिकता समझ में नहीं आती, आप इतनी आसानी से किसी को गाली कैसे दे सकते हैं। सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। अब समय आ गया है कि ट्रोलर्स से सख्ती से निपटा जाए।

नेहा ने कहा मैं केवल एक जज ही नहीं, बल्कि एक मेंटर भी हूं। अनेक सुंदरियों के बीच में से किसी एक को चुनना बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। हमारी कोशिश होती है कि ब्यूटी ताज उसी के सिर पर सजे जो सचमुच उसके योग्य हो, हालांकि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागी एक से बढ़कर एक होते हैं। बड़ी प्रतियोगिता के बाद ही लड़कियां फाइनल राउन्ड तक पहुंचती हैं। सभी कंटेस्टेंट अपने अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं और सभी अपना बेस्ट देते हैं। इनमें से किसी एक को चुनना सचमुच बहुत कठिन काम होता है। उन्होंने कहा कि फेमिना मिस इंडिया' के साथ जुड़े होना मेरे लिए गर्व की बात है।

नेहा धूपिया के इन दिनों दो फिल्मों और एक ओटीटी शो में काम कर रही हैं। इसके अलावा नेहा ने शॉर्ट फिल्म 'स्टेप अप' प्रोड्यूस की है, जो पिछले हफ्ते ही रिलीज हुई है। यह फिल्म मानसिक स्वास्थ्य और घरेलू हिंसा पर आधारित है। नेहा बताती हैं कि लॉकडाउन में हालात के मद्देनजर हमने काफी हिस्सा घर पर शूट किया। मेरा मानना है कि हालात कुछ भी हो शो जारी रहना चाहिए। कैसा भी समय हो हम हाथ पर हाथ रख कर नहीं बैठ सकते।

सोशल मीडिया पर ट्रोलर से निपटने पर नेहा कहती हैं कि 'मैं इससे अपने तरीके से निपटती हूं लेकिन सोशल मीडिया आपकी भावनाओं को आहत करता है। मुझे समझ नहीं आता कि ट्रोल करने वाले किसी की बेटी या बीवी को गाली कैसे दे सकते हैं। ऐसे हालात में महिलाएं सबसे ज्यादा परेशानी झेल रही हैं। मुझे ऐसे लोगों की मानसिकता समझ ही नहीं आती। मेरे हिसाब से सोशल मीडिया का दुरुपयोग हो रहा है। अब वक्त आ गया है कि ट्रोलर्स से सख्ती से निपटा जाए। मैं अक्सर इग्नोर करने में विश्वास रखती हूं लेकिन हमेशा ऐसा हो नहीं पाता है।



# आपको पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ का सही संतुलन रखने की आवश्यकता हैः जैकलीन

जैकलिन फर्नांडीज, जिनके लिए 2021 एक बहुत व्यस्त साल है, उन्हें देखकर आज तक ऐसा लगता है जैसे कल ही उन्होंने अपनी शुरूआत की थी! जैसे-जैसे वह अपने करियर में आगे बढ़ रही है, उनका व्यक्तिगत जीवन भी आगे बढ़ रहा है जहाँ जैकी ने एक लड़की से महिला बनना का अपना सफर साझा किया है और साथ ही, इंडिपेंडेंट रहने पर किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, यह भी बताया है।

जैकलीन फर्नांडीज ने साझा किया, 'मैं निश्चित रूप से एक मॉर्निंग पर्सन हूं और मैं अपना दिन जल्दी शुरू करना पसंद करती हूं क्योंकि यह मुझे वर्क कमिटमेंट शुरू करने से पहले, खुद के लिए पर्याप्त समय देता है।' किक स्टार ने आगे साझा किया, 'दिन की शुरूआत योगा से होती और फिर मेरी बुलेटप्रूफ कॉफी से जो मुझे दिन भर ऊजार्वान बने रहने में मदद करती है। मैं सुबह में एक जर्नल रखती हूं जो मुझे अपने विचारों को चैनलाइज करने में मदद करता है।' जैकलीन ने अंत मे साझा करते हुए कहा, 'फिर मैं किराने का सामान और खाने का मेन्यू देखने के साथ घर का काम करने में एक घंटा बिताती हूं। इंडिपेंडेंट रहना फ्रीडम देता है लेकिन इसके साथ बहुत सारी चुनौतियां भी लाता है। आपको पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ का सही संतुलन रखने की आवश्यकता है।'

जैकलीन ने निश्चित रूप से अपने कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना किया है। इसी तरह, ज़िंदगी के नए फैस में एंट्री लेते हुए, उनका निजी जीवन अलग नजर नहीं आ रहा है। व्यस्त अभिनेत्री अपने घर की देखभाल करना सुनिश्चित करती है और साथ ही, अपने दर्शकों के मनोरंजन का भी ध्यान रखती हैं। ऐसा लगता है कि वह एक मल्टी-टास्कर है और जब उनके प्रशंसक उन्हें कई ब्लॉकबस्टर के साथ बड़े पर्दे पर देखेंगे तो यह उनके लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगी। बच्चन पांडे, किक 2, भूत पुलिस और सर्कस ऐसी फिल्में हैं जिनका वह 2021 में एक हिस्सा होंगी। जैकलीन की वर्ष 2021 की 4 बड़ी परियोजनाएं सभी बड़े बजट की फिल्में हैं जिनका निर्माण बड़े बैनर के तहत किया जाएगा।



